ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 26 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-339 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

'टाइगर 3' से धमाल मचाने के लिए तैयार हैं ... पेज 10 पर

महिला का गुजारा भत्ता पांच हजार से घटाकर एक हजार करने के हाईकोर्ट के फैसले पर

## सुप्रीम कोर्ट ने जताई हैरानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले पर हैरानी जताई है, जिसमें एक महिला को उसके पूर्व पति द्वारा दी जाने वाली मेंटेनेंस की राशि 5,000 रुपए से घटाकर 1,000 रुपए प्रतिमाह कर दी गई थी। यह मामला झारखंड के गिरिडीह जिले का है। यहां एक दंपति के बीच विवाद चल रहा था, जिसमें वहां की फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने पति को आदेश दिया था कि वह महिला को प्रतिमाह 5,000 रुपए की मेंटेनेंस राशि देगा। इस फैसले के खिलाफ महिला के पूर्व पति ने झारखंड हाईकोर्ट में अपील की थी।

इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने मेंटेनेंस की राशि 5,000 से घटाकर 1,000 रुपए प्रतिमाह कर दी थी। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ महिला ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली। उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा कि भरण-पोषण की राशि को घटाकर मात्र एक हजार रुपये प्रति माह कर देने का आदेश चौंकाने वाला है। सुप्रीम कोर्ट ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 125 के तहत भरण-पोषण के रूप में महिला के प्रतिमाह 5,000 रुपये प्रतिमाह देने के आदेश को बहाल कर दिया।

## झारखंड में 30 सितंबर तक होगी बारिश, येलो अलर्ट जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के कई हिस्सों में 30 सितंबर तक बारिश की संभावना जतायी गयी है। इसको लेकर सोमवार को मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई हिस्सों में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। राज्य में पिछले कुछ दिनों में अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, 30 सितंबर तक राज्य में मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। पिछले 24 घंटे में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। सबसे अधिक बारिश गोड्डा जिले के पथरगामा में 57.2 मिलीमीटर हुई है। वहीं, डालटनगंज में 0.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए लोगों को वज्रपात से सावधान रहने की अपील की है। वहीं, 27 सितंबर को उत्तर पश्चिमी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं

गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 28 सितंबर को राज्य में उत्तर-पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 29 और 30 सितंबर को भी राज्य में कई स्थानों पर बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अभी चार से पांच दिनों तक राज्य में मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। राज्य में पिछले 24 घंटे में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। सबसे अधिक बारिश गोड्डा जिले के पथरगामा में 57.2 मिलीमीटर हुई है। राजमहल में 45.2, महरो में 30.8, रायडीह में 30.2, सिकटिया में 28, डुमरी में 26.7, साहेबगंज में 20, और जमशेदपुर में 13.2 मिलीमीटर बारिश हुई। जबकि लोहरदगा में 6.5, मंझारी में 6, गोमिया में 5.6, बरही में 5.4, खूंटी में 3, कांके में 3, कोडरमा में 1.8 और डालटनगंज में 0.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी है।

### अब भी सामान्य से कम है बारिश

राज्य में पिछले कुछ दिनों से अच्छी बारिश हो रही है लेकिन अब भी 1 जून से 24 सितंबर तक 28 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गयी है। झारखंड के 24 जिलों में से 8 जिलों में अब तक सामान्य बारिश हुई, जबकि 15 जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई। जबकि चतरा जिले में सामान्य से काफी कम बारिश हुई। जिन जिलों में सामान्य बारिश हुई, उसमें बोकारो, देवघर, पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा, साहेबगंज, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम जिला शामिल है। रांची में अब तक सामान्य से 28 प्रतिशत कम बारिश हुई।

देश की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को

## दर्शाता है करम पर्व : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि करम पर्व हमारे राज्य में मनाया जाने वाला एक अहम त्योहार है, जो देश की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाता है और इसे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक संरक्षित करने में मदद करता है।

राज्यपाल ने सोमवार को रांची विश्वविद्यालय में आयोजित "करम महोत्सव" में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार केला का पेड़ अपने पीछे नन्हे पौधा को छोड़ जाता है, उसी प्रकार यह उत्सव भी भावी पीढ़ी के लिए सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करता है। उन्होंने कहा कि हमारी

संस्कृति बहुत जीवंत है। यहां विभिन्न धर्मों, समुदायों, भाषाओं और संस्कृतियों के लोग रहते हैं। हमारा देश अनेकता में एकता का अनुपम और उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व प्रकृति और मानव के बीच के गहरे और अटूट रिश्ते को दर्शाता है। हमारे जनजातीय भाई-बहन सही मायने में प्रकृति के संरक्षक हैं। प्रकृति की रक्षा करने का बोध उनके हृदय में है। वे प्रकृति का मान-सम्मान करते हैं और पूरी दुनिया को इसके संरक्षण का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग के कारण पूरा विश्व पर्यावरण संबंधी विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में करमा पूजा पूरे विश्व के लिए एक बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करता है।

हाईकोर्ट ने लेबर कोर्ट के निर्णय पर बर्खास्त किये गये सीसीएल के 44 कामगारों की

## नौकरी फिर से बहाल की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की करगली और स्वांग कोल वाशरी में काम करने वाले 44 स्थायी कामगारों की वर्ष 2017 में बर्खास्तगी को रद्द करते हुए उन्हें फिर से नौकरी में बहाल करने का आदेश दिया है। इन कामगारों की बर्खास्तगी के सीसीएल मैनेजमेंट के फैसले पर धनबाद जिला लेबर कोर्ट ने भी मुहर लगाई थी। हाईकोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बर्खास्त किए गए इन मजदूरों की अपील याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा है कि लेबर कोर्ट द्वारा किसी कर्मी को बर्खास्त करने का आदेश देना उसके क्षेत्राधिकार में नहीं आता। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में टिप्पणी की है कि लेबर कोर्ट का काम श्रम विवादों का निपटारा करना है। वह खुद विवाद उत्पन्न करे, ऐसा नहीं होना चाहिए। सीसीएल की करगली और स्वांग कोल वाशरियों में वर्ष 1980 के आसपास से 300 से ज्यादा मजदूर काट्रैक्ट यानी ठेका के आधार पर अस्थायी रूप से काम कर रहे थे। वर्ष 1990 में ठेका मजदूर यूनियन ने भारत सरकार के एक आदेश का हवाला देते हुए इन मजदूरों की सेवा स्थायी करने की मांग को लेकर धनबाद लेबर कोर्ट में मुकदमा किया था। इस पर सुनवाई करते हुए 1996 में कोर्ट ने इनकी सेवा स्थायी करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के खिलाफ सीसीएल प्रबंधन ने हाईकोर्ट और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, लेकिन फैसला श्रमिकों के पक्ष में आया। इसके बाद वर्ष 2010 में इनमें से 134 मजदूरों को सीसीएल मैनेजमेंट ने स्वांग और करगली कोल वाशरी में स्थायी तौर पर नियुक्ति दी गई थी। लेकिन, इसके बाद वर्ष 2012 में सीसीएल ने इनके खिलाफ कुछ शिकायतों के आलोक में विभागीय कार्यवाही शुरू की। इस पर मजदूरों ने एक बार फिर धनबाद के लेबर कोर्ट की शरण ली। इस मामले में वर्ष 2017 में लेबर कोर्ट का आदेश आया, जिसमें इन मजदूरों को नौकरी से हटाने का आदेश दिया गया था। इसके बाद सीसीएल ने इन्हें बर्खास्त कर दिया था। बर्खास्तगी के आदेश के खिलाफ 44 मजदूरों ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने इन्हें फिर से बहाल करने का आदेश दिया है।

## माओवादियों का बड़ा हमला, फूंके वाहन

- रेल ब्रिज के काम में लगे पोकलेन, हाईवा और क्रेटा कार को जलाया
- केईसी कंपनी के अंडर में काम कर रही विवि इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड का चल रहा था काम

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मैक्लुस्कीगंज सीमा पर स्थित चट्टी नदी पर ब्रिज नंबर 133 में रेलवे निर्माण कार्य में लगी कंपनी की साइट पर सोमवार की शाम करीब 5:45 में प्रतिबंधित नक्सली संगठन माओवादी ने बड़ा हमला करते हुए निर्माण कार्य में लगे एक पोकलेन, एक हाईवा और एक क्रेटा कार को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान नक्सलियों ने मजदूरों की पिटायी भी की। नक्सलियों ने नारे भी लगाये। घटनास्थल में मौजूद विवि इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के

एक मजदूर ने बताया कि शाम के करीब 5:45 बजे अचानक से 10-12 की संख्या में बंदूकधारी नक्सली साइट पर आ धमके, जिसे देखकर बहुत से मजदूर भागने लगे। जो मजदूर उनके हत्थे चढ़ गया उसकी पिटायी की गयी। फिर पास में खड़े वाहनों में आग लगा दी गई। क्रेटा कार से मशीन रिपेयरिंग करने वाले मिस्त्री आए हुए थे। वो क्रेटा कार भी इस हमले की शिकार हो गई। इस दौरान नक्सली नारे भी लगा रहे थे। सूत्रों ने बताया कि उक्त घटना को नक्सली संगठन के सब जोनल कमांडर रविंद्र गंझू के दस्ते ने अंजाम दिया है। यह हमला लेवी को लेकर किया गया है। बता दें कि इससे पूर्व में भी तीन-चार बार रेलवे निर्माण कार्य में लगी कंपनियों पर रविंद्र गंझू ने बड़ा हमला करते हुए करोड़ों रुपयों का नुकसान पंहुचा चुका है।

## देश के साइबर अपराध के टॉप 10 जिलों में झारखंड के हैं चार जिले

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देश में साइबर क्राइम का खतरा बढ़ती तकनीक के साथ बढ़ रहा है। झारखंड में साइबर क्राइम की घटनाएं हो रही हैं। यहां जामताड़ा में भले साइबर क्राइम कम हो रहा लेकिन राज्य में पांच ऐसी जगह हैं, जहां साइबर क्राइम सबसे अधिक है। देशभर में दस ऐसे जिले जहां साइबर क्राइम के सबसे ज्यादा मामले हैं, उनमें चार जिले झारखंड के हैं। टॉप टेन में जामताड़ा, देवघर, गिरिडीह और बोकारो शामिल हैं। झारखंड के देवघर से 10 प्रतिशत साइबर अपराध हैं। इस रिपोर्ट में हैरान करने वाली बात यह है कि झारखंड के चार जिले इस सूची में शामिल हैं। इनमें बोकारो से 2.4 प्रतिशत, जामताड़ा में 9.6 प्रतिशत, देवघर में 10 प्रतिशत और गिरिडीह से 2.3 प्रतिशत साइबर अपराध के मामले हैं। इस सूची में नीचे करमाटाड़ को भी शामिल किया गया है। झारखंड में पिछले साढ़े चार साल ( साल 2019 से लेकर जुलाई 2023 तक) में साइबर अपराध के 5350 मामले सामने आए है। 1432 मामले सिर्फ रांची जिले में दर्ज हुए है। इसके अलावा धनबाद में 496, देवघर में 405, जमशेदपुर में 384 और हजारीबाग में 348 मामले दर्ज हैं। साइबर अपराध में कई ऐसे मामले सामने आते रहे हैं जो कभी दर्ज नहीं हुए। राज्य में बढ़ते साइबर मामलों को देखते हुए झारखंड के आठ जिलों में साइबर क्राइम थाना का गठन होना है। इनमें बोकारो, रामगढ़, चाईबासा, रांची, लातेहार, हजारीबाग, दुमका और सरायकेला शामिल हैं। साइबर अपराध के बढ़ते मामले को देखते हुए झारखंड पुलिस मुख्यालय ने गृह विभाग को अन्य जिलों में भी साइबर थाने को लेकर प्रस्ताव भेजा था। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद सहमति मिल गयी है। इस फैसले से संभव है कि अब झारखंड में बढ़ते साइबर अपराध पर नियंत्रण रखा जा सके। ताजा रिपोर्ट में जिन जगहों पर साइबर क्राइम हब के रूप में पहचाना गया है उनमें लातेहार, धनबाद, संताल परगना, हजारीबाग, खूंटी, नारायणपुर और रांची शामिल है। जिनमें सबसे ज्यादा क्राइम के प्रकार है उनमें ओटीपी स्कैम सबसे ज्यादा है। इसके बाद केवाईसी को लेकर अपराध के मामले हैं। इलेक्ट्रिक बिल के लेकर हुए फ्राड और ऑनलाइन गेम शो केबीसी को लेकर हुए फ्राड सबसे ज्यादा हैं। इस संबंध में रांची के सीटी एसपी राज कुमार मेहता ने कहा कि साइबर अपराधियों पर नकेल कसने की पुलिस प्रयास कर रही है। इसमें पुलिस को सफलता भी मिल रही है। लोगों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर कार्यशाला भी आयोजित की जा रही हैं।

### दो करोड़ 13 लाख की ठगी करने वाला राजस्थान से गिरफ्तार

**रांची।** रांची के पंडरा ओपी पुलिस ने दो करोड़ 13 लाख की ठगी करने के मामले में दीपक कुमार ओझा राजस्थान के उदयपुर से गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन मोबाईल फोन बरामद किये गये है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह मामला गोंदा थाना निवासी मुकेश कुमार गिरी की ओर से दो करोड़ तेरह लाख रुपया धोखाधडी एवं ठगी करने के आरोप में मामला दर्ज कराया गया था। प्राथमिकी अभियुक्त दीपक कुमार ओझा के विरूद्ध न्यायालय की ओर से अजमानतीय वारंट निर्गत किया गया था। दीपक गिरफ्तारी की डर से भागे चल रहा था। अनुसंधान के क्रम में तकनीकी शाखा के सहयोग पता चला कि दीपक राजस्थान के उदयपुर में गिरफ्तारी की डर से छिपकर रह रहा है। मामले को लेकर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने प्राथमिकी आरोपित दीपक कुमार ओझा को उदयपुर राजस्थान से विधिवत गिरफ्तार कर रांची लाया गया है। रांची पुलिस को दीपक की लंबे समय से तलाश थी। इसके खिलाफ राज्य के विभिन्न थानो में कांड दर्ज है। साथ ही राज्य से बाहर भी इसके खिलाफ ठगी के मामले दर्ज है। अब तक इसने पूछताछ में पांच करोड रुपए की ठगी करने की बात स्वीकार की है। इसके खिलाफ गुजरात, रांची, बोकारो, राजस्थान,चतरा, बिहार के अरवल , पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में ठगी करने की बात सामने आई है।

## शिबू सोरेन पर लोकपाल की कार्यवाही से जुड़े केस में दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांच।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन पर भारत के लोकपाल की जांच से जुड़े मामले में सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। इस मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह केस शिबू सोरेन द्वारा कथित रूप से आय से अधिक संपत्ति अर्जित किए जाने से जुड़ा है। इस मामले में भारत के लोकपाल की ओर जांच की कार्यवाही शुरू की गई थी, जिसके खिलाफ सोरेन ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

अदालत ने पूर्व में इस याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ भारत के लोकपाल की ओर से शुरू की गयी कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। फिलहाल यह रोक कोर्ट का फैसला आने तक बरकरार है।

सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की अदालत में इस मामले में सुनवाई पूरी हो गई। सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने बहस की, वहीं लोकपाल की ओर से सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने पक्ष रखा।

बता दें कि शिबू सोरेन और उनके परिजनों के नाम पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत लोकपाल के समक्ष 5 अगस्त 2020 को दायर की गयी थी। इसमें कहा गया था

था कि सोरेन और उनके परिजनों ने झारखंड के सरकारी खजाने का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार से अर्जित राशि से अनेक संपत्तियां बनायी हैं। इनमें कई बेनामी आवासीय और कमर्शियल परिसंपत्तियां भी हैं। इस शिकायत पर सुनवाई करते हुए लोकपाल की फुल बेंच ने 15 सितंबर, 2020 को सीबीआई को लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 की धारा 20 (1) (ए) के तहत मामले में पीई (प्रीलिमिनरी इन्क्वायरी) दर्ज कर छह महीने में रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया था। सीबीआई ने मामले की जांच के बाद मार्च 2021 और उसके बाद 1 जुलाई 2021 को सोरेन परिवार की संपत्ति का पूरा ब्यौरा और उनके आयकर रिटर्न पर लोकपाल को रिपोर्ट सौंपी थी। इसके आधार पर लोकपाल ने शिबू सोरेन और परिवार के सदस्यों को नोटिस भेजकर उनका पक्ष मांगा था। इसके बाद सोरेन परिवार के सदस्यों से मिले जवाब के आलोक में सीबीआई ने अंतिम पीई रिपोर्ट बीते साल 29 जून को लोकपाल के यहां दाखिल की। इसमें सीबीआई की ओर से कहा गया है कि सोरेन और परिवार के सदस्यों ने आय के ज्ञात और घोषित स्रोत से ज्यादा कई बेनामी संपत्तियां बनाई हैं। लोकपाल ने अपने आदेश में कहा था कि सीबीआई की विस्तृत रिपोर्ट के अवलोकन के आधार पर यह पाया गया है कि इस मामले में धारा 20(3) के अंतर्गत प्रोसिडिंग शुरू की जानी चाहिए। इस सिलसिले में शिबू सोरेन को लोकपाल की ओर से नोटिस जारी किया गया था।

## झारखंड में पेसा रूल के ड्राफ्ट को दिया गया अंतिम रूप

- ग्रामसभा स्वशासन सुनिश्चित करेगी
- अपराध पर आर्थिक दंड लगाने का होगा अधिकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में धड़ल्ले से आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही है। उनकी कला-संस्कृति, रीति-रिवाज पर खतरा मंडरा रहा है। इसको बचाने के लिए पेसा रूल की मांग सड़क से सदन तक उठती रही है। फिर भी राज्य बनने के 23 वर्ष बाद तक यह व्यवस्था एक अबूझ पहेली रही। लिहाजा, आदिवासी हित को देखते हुए हेमंत सरकार ने पेसा रूल 2022 के लिए आपत्ति और सुझाव मांगे थे। जिसको अंतिम रूप दे दिया गया है। इसके तहत ग्रामसभा के पास असीम शक्ति होगी। राज्य सरकार के इस पहल पर राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया आने लगी है। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने करम परब का गिफ्ट बताते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की सकारात्मक सहमति पेसा कानून को मिलेगी। वहीं चाईबासा से झामुमो विधायक दीपक बिरूआ ने कहा है कि पेसा कानून का मामला हाईकोर्ट में है। इसलिए इसपर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जा सकती। आईपीसी की कुल 36 धाराओं के तहत अपराध करने वालों पर न्यूनतम 10 रुपये से लेकर अधिकतम 1000 रुपये तक के दण्ड का प्रावधान है और मोटे तौर पर देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि जल स्रोतों को प्रदूषित करने, जीव-जंतुओं के साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार, अश्लील काम करने, अश्लील गाना बजाने, धार्मिक भावनाओं को भड़काने या उसे ठेस पहुंचाने, दंगा-फसाद, चोरी करने, छल-कपट, जीव जंतु को मारने या विकलांग करने, मानहानि, खोटे बाट का इस्तेमाल, जबरन काम कराने, लोक शांति भंग करने जैसे कृत्य पर दंडित करने का अधिकार ग्राम सभा को होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में सभी तरह के अपराधों पर नियंत्रण लगेगा। इसके अलावा जमीन अधिग्रहण से लेकर आदिवासी जमीन की खरीद बिक्री ग्रामसभा की सहमति के बिना नहीं हो सकेगी। पुलिस को अनुसूचित क्षेत्र में किसी की गिरफ्तारी करने पर ग्राम सभा को सूचना देनी होगी।

राज्य सरकार की इस कवायद पर पूर्व मंत्री सह झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य सह प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिक्री ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने इसे क्रांतिकारी कदम बताया है। उन्होंने करम परब का हवाला देते हुए सीएम हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के कारण ही पंचायती राज कानून लागू हुआ था। पेसा कानून भी कांग्रेस की ही देन है।

## NEWS इन ब्रीफ

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनाई जयंती

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समारोह सोमवार को मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता बबन राम व संचालन संतोष गुप्ता ने किया। उससे पूर्व भाजपा कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया गया।समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने पंडित दीनदयाल की जीवनी पर लोगो को विस्तृत जानकारी दी।वही भाजपा नेता बबन राम ने कहा की श्री उपाध्याय प्रखर राष्ट्रवादी व राज नेता थे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,भाजपा नेता इद्रीश हवारी,महामंत्री मनीष कुमार गुप्ता,भाजपा नेता शिवबंस मिश्रा,उपाध्यक्ष,बेबी देवी,रजनीश चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

### वार्डो में अवस्थित शौचालयों में चला विशेष सफाई अभियान

**विश्रामपुर।** सोमवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत विश्रामपुर के सभी बीस वार्डो में अवस्थित सामुदायिक शौचालय में माड्यूलर यूरीनल आदि की व्यवस्थित साफ सफाई की गई। साथ ही क्षेत्र में साफ सफाई के प्रति लोगो को जागरूक किया गया। मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र कुमार सिंह, जे ई अजीत टुडू,मुकेश कुमार,दीपक कुमार सहित कई अधिकारी व नागर परिषद के सफाई कर्मी मौजूद थे।

### वीआईपी की संकल्प यात्रा पहुंची हुसैनाबाद

**हुसैनाबाद।** विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमों और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी इन दिनों निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा पर निकले हैं। इस दौरान सोमवार को झारखंड के हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूर्री मैदान पहुंचे। उनकी संकल्प यात्रा झारखंड बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र दंगवार से शूरू हुई। वहां पहुंचते ही वीआईपी कार्यकर्ताओ ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामाशंकर चौधरी ने की। जबकि संचालन भरदूल चौधरी ने किया। कार्यक्रम के पूर्व विकासशील पार्टी के लोगों ने चांदी का मुकुट और पार्टी का चुनाव चिन्ह नाव भेंट की। सहनी ने सभा को संबोधित करते हुए लोगों में जोश भरते हुए कहा कि आजादी के वर्षो के बाद भी हम निषाद मल्लाह अपनी पहंचान नहीं बन पाए। उन्होंने कहा कि अगर पिछड़ों को आरक्षण नहीं मिलता तो कल्पना कीजिए आज वे कहां रहते। उन्होंने कहा देश का संविधान एक है, प्रधानमंत्री एक है, लेकिन कई राज्यों में निषाद का आरक्षण है, वहीं बिहार, यूपी झारखंड राज्य में नहीं है । सहनी ने कहा कि आज हमलोगों के पास सबसे बड़ा हथियार वोट का अधिकार है। सता पक्ष हो या विपक्ष सबको प्रधानमंत्री बनने के वोट चाहिए। जबकि हमे आरक्षण चाहिए, उन्होंने कहा कि जो हमारी सुनेगा, उसकी हम सुनेंगे। साथ ही सहनी ने सभा के अंत में लोगों के बेहतर भविष्य के लिए अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष के लिए गंगाजल देकर संकल्प कराया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश सचिव राजेंद्र चौधरी, बिहार प्रदेश सचिव गांधी चौधरी, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर,दिनेश चौधरी, सुरेंद्र चौधरी .अरबिंद चौधरी, धनंजय चौधरी, मोहन चौधरी, पूर्व मुखिया सुंदरी देवी, सुनीता देवी, मनोज कुमार निषाद, औरंगाबाद जिला अध्यक्ष जगदीश चौधरी, गोबर्धन चौधरी, समेत झारखंड बिहार के कई नेता के अलावा काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

खबर का असर

# जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लाभुकों को मिला मानक के अनुसार राशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के बसरिया गांव के डीलर इंद्रदेव राम के द्वारा लाभूकों के बीच मानक के अनुसार राशन वितरण नहीं करने की खबर प्रकाशित होने के बाद तत्काल संज्ञान लेते हुए पकरिया पंचायत के मुखिया सुमन कुमारी उप मुखिया सहित वार्ड सदस्यों ने स्वयं राशन दुकान में उपस्थित होकर सोमवार को सैकड़ो लाभुको के बीच मानक के अनुसार राशन का वितरण करवाया। इस दौरान मौके पर मौजूद मुखिया उप मुखिया एवं वार्ड सदस्य के प्रतिनिधियों ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें

जानकारी प्राप्त हुई थी कि डीलर राशन देने में आनाकानी कर रहे हैं। जिसके बाद उन्होंने तत्काल डीलर से संपर्क किया एवं लाभुकों के बीच मानक के अनुसार राशन वितरण करवाने का कार्य किया। इस दौरान मौके पर मौजूद बुधन राम, सविता देवी, कालो देवी, रहमत अंसारी, मुन्नी देवी, रामरती देवी, सूरत देवी, आदित्य भुईया बुधन भैया, हबीब मियां सहित दर्जनों लाभुकों ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के पहल पर उन्हें मानक के अनुसार राशन प्राप्त हुआ। इस संबंध में डीलर इंद्रदेव राम ने बताया कि राशन की कटौती को लेकर लाभुकों से अगले माह में राशन देने हेतु आग्रह किया जा रहा था। लेकिन लाभुकों ने इसे मानने से इनकार कर दिया। जिसके बाद जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मानक के अनुसार राशन का वितरण शुरू कर दिया गया। आपको बता दें की 25 सितंबर को राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में यह खबर प्रकाशित की गई थी, जिसके बाद तत्काल इस मामले में संज्ञान लेते हुए जनप्रतिनिधियों ने लाभुकों के बीच राशन का वितरण करवाया जिससे लाभुकों में हर्ष का माहौल है।

# संबलपुर- जम्मूतवी एक्स. में डकैती के बाद लंबी दूरी की ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेलवे सूत्रों ने आज यह जानकारी दी की लंबी दूरी के ट्रेन जैसे संबलपुर जम्मू तवी, हावड़ा जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन, गरीब रथ रांची दिल्ली झारखंड, स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन इत्यादि में सुरक्षा व्यवस्था और भी मजबूत कर दिया गया है। पहले इन लंबी दूरी ट्रेनों में सुरक्षा बलों की संख्या केवल तीन थी। और यह तीनों भी बिना हथियार के होते थे। यह तीन ट्रेन की सुरक्षा में लगे होते थे। उनके पास मात्र लाठी हुआ करती थी। अब इनकी संख्या तीन से नौ कर दी गई है। और एक अच्छी खासी तादाज में अब हथियार के साथ इन लंबी दूरी की ट्रेनों की सुरक्षा में आज से तैनात कर दिए गए हैं। रेलवे सूत्रों ने दावा किया कि

जो लंबी ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ाई गई है। उसका अच्छा खासा प्रभाव सुरक्षित यात्रा पर पड़ेगा। इसी बीच रेलवे के एक अधिकारी ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि एस9 कोच में जहां डकैती हुई थी। पुलिस ने 58 नंबर बर्थ के नीचे एक गोली फंसी हुई पाई। जिसे निकाल लिया गया है। यह जानकारी एस9 के एक यात्री ने पुलिस अधिकारी से काफी विश्वास से साझा किया था। रेलवे सूत्रों ने 58 बर्थ में फंसी इस गोली जो देसी कट्टा से चलाई गई थी, के बरामदगी की पुष्टि कर दी है।

## सड़क जर्जर होने से दर्जनों गांव के लोग परेशान, आये दिन हो रही दुर्घटनाएं

# मुख्य सड़क के निर्माण को लेकर सड़क पर उतरी आम आदमी पार्टी

### आप नेता ने प्रेस कांफ्रेंस से कहा- सड़क निर्माण नहीं, तो करेंगे आंदोलन

**सड़क में गड्ढा है या गड्ढा में सड़क हैं, यह पता नहीं चल पा रहा है**

**हल्की बारिश होने के बाद सड़क पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो जाती है**

**संजीव कुमार प्रजापति**

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के सगालीम - आसेहार मुख्य सड़क की खस्ता हालत को लेकर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकारनाथ जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वर्तमान और पूर्व विधायक को दोषी ठहराया है। श्री जायसवाल ने साफ तौर पर कहा कि यदि सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं होता है तो वे ग्रामीण जनता के साथ मिलकर सड़क में धान रोपनी करने के साथ धरना - प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि आसेहार - सगालीम मुख्य सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। सड़क जर्जर होने के कारण दर्जनों गांव

के लोगों के आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आए दिन सड़क पर दुर्घटनाएं हो रही है। श्री जायसवाल ने कहा कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढा में सड़क हैं, यह पता नहीं चल पा रहा है। हल्का बारिश होने के बाद सड़क पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो जाती है। उन्होंने कहा कि सगालीम - आसेहार सड़क की दुर्दशा के जिम्मेवार वर्तमान और पूर्व विधायक दोनों हैं। दोनों को इस इलाके के लोगों से सार्वजनिक रूप से दोषी मानते हुए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान और पूर्व विधायक दोनों केवल जनता को ठगने का काम किया है। वर्तमान विधायक की बात करें तो उन्हें जनता की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है। वहीं पूर्व विधायक की बात करें तो वे हमेशा ठेकेदारी के लिए परेशान रहते हैं। इसमें आम जनता पीस रही है। श्री जायसवाल ने कहा कि जनता की समस्या को लेकर वे हमेशा आवाज उठाते रहेंगे, चुप बैठने वाले नहीं हैं। सगालीम - आसेहार सड़क की दुर्दशा पर बहुत जल्द ही सगालीम के चांदनी चौक के निकट एक दिवसीय धरना - प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार के ध्यान को आकृष्ट करने का काम करेंगे। आप के जिला संयोजक कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि आसेहार - सगालीम मुख्य सड़क के निर्माण को लेकर लगातार जनता मांग कर रहे हैं, मगर जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन नजर अंदाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पांकी विधान सभा विधायक कुशवाहा ड्राक्टर शशिभूषण मेहता द्वारा पूर्व में रोपा हुआ धान काटेंगे या छोड़ देंगे यह बहुत बड़ी सवाल खड़ा होता है । बता दें कि पूर्व विधायक बिट्टू सिंह के समय में वर्तमान विधायक काफी सड़कों पर धानरोपनी का काम किए थे । पर जब खुद विधायक बने डाक्टर मेहता तो सड़क का हल क्यों नही सुधारे, क्या जनता के सामने दिखावा के लिए धानरोपनी का काम करते थे ? उन्होंने बताया कि सड़क जर्जर होने के कारण आम जनता को काफी परेशानी हो रही है। सगालीम से आसेहार की दूरी करीब 6 किलो मीटर है। मात्र 6 किलो मीटर दूरी तय करने के लिए आम जनता को 30 रुपए किराया भुगतान करना पड़ता है। टेंपो चालकों ने भी बताया कि सड़क जर्जर होने के कारण उन्हें काफी परेशानी होती है। टेंपो भी खराब हो जाती है। सड़क का निर्माण बहुत जरूरी है । ताकि सड़क से आवागमन सही तरीके से किया जा सके। मौके पर ओंकारनाथ जायसवाल के साथ आप नेता कौशल किशोर बच्चन, नंदकिशोर यादव, अरुण वर्मा, युवा समाजसेवी सुमित यादव, दीपू मेहता, उदय पासवान, प्रदीप प्रजापति, मुकेश राम, संबुल हुसैन, अक्षय कुमार, धर्मेंद्र प्रजापति, श्रवण यादव समेत काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

### जपला एके सिंह कॉलेज में विश्वविद्यालय स्तरीय दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय सेवा योजना नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर के अंतर्गत एके सिंह कॉलेज जपला केंद्र पर 54 में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनी नगर के अंतर्गत कुल 12 कॉलेज के प्रतिभागी स्वयंसेवक, स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। जिसके अंतर्गत वाईएसएनएम कॉलेज मेदिनीनगर, जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर, जेएस कॉलेज मेदिनीनगर, एसएसजेएसएन कॉलेज गढ़वा, एमके कॉलेज पांकी, एसपीडी कॉलेज गढ़वा, बीएस कॉलेज लातेहार, एसटीडी कॉलेज रेहला, एसपीडी कॉलेज गढ़वा, एके सिंह कॉलेज जपला, सीजीपीए कॉलेज छतरपुर बीएसएम कॉलेज भवनाथपुर शामिल हुए। प्रत्येक कॉलेज से आठ आठ स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में कुल आठ प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई गई । जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत नाटक ,सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य और गायन की प्रतियोगिता हुई।जबकि शेष दूसरे दिन स्लोगन, पेंटिंग, रंगोली और संभाषण की प्रतियोगिता हुई। सम्भाषण में एसएसजेएसएन कॉलेज गढ़वा से प्रेरणा शुक्ला प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर जीएलए कॉलेज मेदिनी नगर कि अभिषेक कुमार रहे तथा तृतीय स्थान जेएस कॉलेज मेदिनी नगर से विष्णु कांत मिश्रा प्राप्त किया। एकल नृत्य में एसपीडी कॉलेज गढ़वा प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा दूसरे स्थान पर एसडी कॉलेज रेहला एवं तीसरे स्थान पर जेएस कॉलेज मेदिनी नगर एवं वाईएसएनएम कॉलेज मेदिनीनगर गढ़वा के प्रतिभागी रहे। एकल गायन में प्रथम स्थान पर एस टी डी कॉलेज रेहला, दूसरे स्थान पर ए के सिंह कॉलेज जपला और एसपीडी कॉलेज गढ़वा तथा तृतीय स्थान एमके कॉलेज पार्की ने प्राप्त किया। नाटक में वाईएस एनएम कॉलेज मेदिनीनगर प्रथम स्थान, एमके कॉलेज पांकी द्वितीय स्थान तथा एसएसजेएसएन कॉलेज गढ़वा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन में एके सिंह कॉलेज जपला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान वाईएस एन एम कॉलेज मेदिनीनगर तथा तृतीय स्थान जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर एवं जीसीपी कॉलेज छतरपुर ने प्राप्त किया।

**सांसद व विधायक ने किया विद्युत सब -स्टेशन का उदघाटन**

### पलामू के सभी इलाकों का हो रहा विकास : सांसद

**गांव -गांव में बिजली पहुंचा रही भाजपा की केंद्र सरकार :विधायक**

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। चैनपुर प्रखण्ड के गांधीपुर में विद्युत शक्ति उपकेन्द्र का उद्घाटन सोमवार को पलामू के सांसद वी डी राम एवं स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर किया। इस विद्युत उपकेंद्र का निर्माण लगभग 2.50 करोड़ रुपए की लागत से टाटा पावर लिमिटेड द्वारा किया गया है। इसके चालू हो जाने से अब पथरा एवं पूर्वडीहा फीडर के माध्यम से लगभग 40 गांवों को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की जाएगी।मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पिछले वर्षों के दौरान पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी इलाकों में विकास हुआ है एवं हर तरफ विकास कार्य निरंतर जारी है।जिसका परिणाम आने वाले कुछ वर्षों में दिखाई देगा। इस नए सब-स्टेशन के चालू होने से आसपास के क्षेत्र के 49 गांवों को गुणवत्तापूर्ण, विश्वसनीय और निर्बाध बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। अब, इन ग्रिडों से जुड़े उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार गांव-गांव तक बिजली पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि भाजपा की सरकार में गांव -गांव में सड़कों का निर्माण हुआ है एवं गांव- गांव तक बिजली पहुंचाई जा रही है। जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, रामलव चौरसिया, विभाकर नारायण पांडेय, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, सोमेश सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, ईश्वरी पांडेय, आनन्द सिंह, सांसद प्रतिनिधि भोला पाण्डेय, राघवेन्द्र तिवारी, जय दुबे, पूर्वडीहा मुखिया पप्लू दुबे, विकास दुबे, अगस्त दुबे, जितेन्द्र दुबे, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं विभाग के कई कर्मी तथा ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### तालाब में डूबने से 17 वर्षीय युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डाली निवासी मनोज राम के पुत्र अमित कुमार उम्र 17 वर्ष की कर्मा पूजा विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अमित कुमार सोमवार की म कर्मा विसर्जन करने अपने गांव के नजदीक तालाब के पास गया हुआ

था।इसी बीच वह तालाब में डूब गया जिसके वजह से उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उसे तालाब से बाहर निकल गया। और उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### हिंदू संगठनों ने की आगामी रथ यात्रा में शामिल होने की अपील

**विश्रामपुर।** सोमवार को विश्रामपुर के पंच मुखी मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल, आरएसएस सहीत कई हिंदू वादी संगठनों ने सामूहिक रूप से बैठक की। जिसकी अध्यक्षता हिंदू वादी नेता सह विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल व संचालन समाजसेवी संतोष गुप्ता ने किया। बैठक में श्री लाल ने जानकारी देते हुए बताया की आगामी 30 सितंबर दिन शनिवार को अयोध्या में राममंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा हेतु अंतिम शौर्य जागरण रथ यात्रा निकाली जा रही है। जो की सुबह 8:30 बजे विश्रामपुर पंच मुखी मंदिर प्रांगण व स्थानीय बस स्टैंड पहुंचेगी। जिसमें विशाल धर्म सभा का भी आयोजन किया जाएगा। श्री लाल ने कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगो को पहुंचने की अपील की है। मौके पर राजकुमार मेहता, राजन पाण्डेय, संतोष ठाकुर, अमितेश्वर दयाल, सिंकु चंद्रवंशी, मुनु बक्सराय, विकास चंद्रवंशी, विकास गुप्ता उर्फ मोनू , शशि ठाकुर,संतोष गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

### सहयोगी शिक्षकों की बैठक में बनी आंदोलन की रणनीति

**चैनपुर।** झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ की बैठक प्रखंड परिसर में सोमवार को हुई। अध्यक्षता रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल सिंह तथा संचालन विनीत दुबे ने किया। बैठक में 28 तारीख को जिला में सर्वदलीय बैठक करने एवं 2 अक्टूबर गांधी जयंती के मौके पर प्रस्तावित रांची के मोराबादी स्थित गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष शांतिपूर्ण मौन धारण आंदोलन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी व प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप पांडे मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि सहायक अध्यापकों के भविष्य को लेकर सरकार मौन है। इसलिए सरकार को अब कोई मांग पत्र नहीं देंगे, अब आंदोलन का आगाज होगा।उन्होंने कहा कि मोराहैबादी से आंदोलन को लेकर बिगुल फूंका जायेगा। उन्होंने सहायक अध्यापकों से आह्वान किया कि 2 अक्टूबर को शांतिपूर्ण धरना के बाद आन्दोलन के लिए तैयार रहें। बैठक में अनुज दुबे, महासचिव राम रूप चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष इमामुद्दीन अंसारी, जिला संगठन मंत्री जनेश्वर सिंह, राजेंद्र दीक्षित, अशोक कुमार, धनंजय यादव, विजय तिवारी, आलोक पांडे, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष मुमताज अंसारी सहित दर्जनों सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

### नावा बाजार में वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड कार्यालय सभागार में तीन दिवसीय वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण हुआ। मौके पर ट्रेनर अनुप तिवारी ने वार्ड सदस्यो को प्रशिक्षण देते हुए मनरेगा योजना, 15 वीं वित्त , सरकार का महत्वाकांक्षी योजना को धरातल उतारने की बात कही। उक्त मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी सरयु प्रसाद यादव, जेएसपीएल बीपीएम वैभव कांत, आदर्श पंचायत सचिव शिवकुमार यादव, मनोज कुमार,, सुरभि कुमारी,बीएफटी प्रमोद कुमार यादव, वार्ड सदस्य राजदेव यादव ,साबिर खान, सुग्गा खान, जूही परवीन, मिस्टर अंसारी, रुखी यादव, विनोद यादव,व्यास सिंह सहित सैकड़ो वार्ड सदस्य मौजूद थे।

**आयोजन**

## संत मरियम विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'अविराम' का विमोचन

# पत्रिका बच्चों की संवेदनाओं का सकारात्मक प्रतीक : एसडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'अविराम' का भव्य विमोचन किया गया। विमोचन कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्रामपुर सह सदर, मेदिनीनगर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, विशिष्ट अतिथि सुभाष चंद्र मिश्रा, शिक्षक परशुराम तिवारी, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार अग्रवाल, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, पत्रिका के संपादक विनोद सागर, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कवि हरिवंश प्रभात, शायर एम.जे. अजहर, कवयित्री किरण राज आदि ने दीप-प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर सुरजीत कुमार ने कहा कि 'अविराम' पत्रिका बच्चों की संवेदनाओं का सकारात्मक प्रतीक है। जिसमें बच्चों ने अपनी भावनाओं को रचनाओं के रूप में व्यक्त किया है। मौके पर एस.सी. मिश्रा ने

कहा कि संत मरियम विद्यालय पलामू जिले का एकमात्र ऐसा विद्यालय है, जो नित नये कीर्तिमान स्थापित करने की क्षमता अपने अंदर रहता है। मंच-संचालन कर रहे परशुराम तिवारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चों ने पत्रिका में छपी रचनाओं से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मौके पर कवि हरिवंश प्रभात, एम.जे. अजहर, किरण राज आदि कवि एवं कवित्रियों के द्वारा कविता पाठ कर बच्चों का ज्ञानवर्धन एवं उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर अविनाश देव के द्वारा विनोद सागर समेत अन्य अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अविनाश देव ने कहा कि आप बड़ों के आशीर्वाद व मार्गदर्शन से हम अपने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए इतना कुछ नया प्रयोग कर पा रहे हैं। हमारा एक ही मकसद है कि अपना पलामू शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.सी. मिश्रा ने की, वहीं धन्यवाद-ज्ञापन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एस.बी. साहा ने किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, रीना देव, पलामू के सुप्रसिद्ध लोकगायक श्याम जी, मनोज कुमार प्रजापति, ललन प्रजापति समेत सैकड़ो की तादाद में विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

## शपथ-पत्र

मैं लक्ष्मीनारायण गुप्ता पिता-रामजी साव ग्राम-जौरा मझौली, थाना-छत्तरपुर, जिला-पलामू, राज्य-झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरा आधार में मेरा नाम लक्ष्मीनारायण गुप्ता है। भारतीय जीवन बिमा (एलआईसी) की पॉलिसी संख्या- 512876043 में मेरा नाम भूलवश मन्टु प्रसाद गुप्ता एवं पिता का नाम-रामजी प्रसाद गुप्ता दर्ज हो गया है। मैं लक्ष्मीनारायण गुप्ता एवं मन्टु प्रसाद गुप्ता एवं मेरे पिता का नाम रामजी साव एवं रामजी प्रसाद गुप्ता है जो मैं एवं मेरे पिता दोनों नाम से गांव-घर में जाना जाता हूं।

## NEWS इन ब्रीफ

### झामुमो की जिला सचिव ने साड़ी वितरण के साथ दी करमा की शुभकामना

**मेदिनीनगर।** करमा पर्व के शुभ अवसर पर छतरपुर पश्चिम के जिला परिषद सदस्य सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के महिला जिला सचिव संजू जयसवाल ने छतरपुर प्रखंड के आदिम जनजाति गांव लोटो, अरर एवं सतघरवा के एससी एसटी 480 महिलाओं के बीच साडी का वितरण करते हुए करमा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस कार्यक्रम में पूर्व उप प्रमुख सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रंजीत जयसवाल उर्फ फंटूश जायसवाल ने सभी को करमा पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि पलामू जिला के साथ साथ पुरे झारखंड मे झामुमो को मजबूत करना है। इस कार्यक्रम में झामुमो महिला नेत्री लइची देवी, सुनीता देवी, समुद्री देवी, सरिता देवी, किसमतीया देवी, के साथ सैकड़ो महिला कार्यकर्ता एवं राधेकृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यालय में मनी पंडित दीनदयाल की जयंती

# एकात्म मानववाद ही राष्ट्र का मूल मंत्र : श्याम नारायण

**पंडित दीनदयाल का एकात्म मानववाद ही राष्ट्र का मूल मंत्र है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा के जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा के नेता व कार्यकर्ताओ ने पंडित जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने की । मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि पंडित दीनदयाल का एकात्म मानववाद ही राष्ट्र का

मूल मंत्र है। राष्ट्रीयता के प्रतीक पंडित जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल के सपनों का भारत बनाने के लिए भाजपा के सभी कार्यकर्ता प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि उन्ही के बताए मार्ग का अनुसरण कर आगे बढ़ने से समाज और देश मजबूत होगा और उनके सपनों के भारत का नव निर्माण होगा। परशुराम ओझा, विपिन बिहारी सिंह, अमित तिवारी, नरेंद्र पांडे एवं सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में धर्मेंद्र उपाध्याय, सुरेंद्र विश्वकर्मा, शिवकुमार मिश्र, संजय सिंह ,बंशी सिंह, अभिमन्यु तिवारी, ज्योति पांडे, सुधीर प्रसाद, प्रदीप सिंन्हा, प्रवीण सिंह, निरंजन पासवान, निवेदन अग्रवाल, नवीन पांडे, अभय कुमार सिंह, जितेंद्र तिवारी, विजय ओझा, विभाकर पांडे, अविनाश वर्मा, प्रमोद सिंह, ईशवरी पांडे, सोमेश सिंह, रीना किशोर मंजू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# आकर्ष आनंद बने रीजनल उपाध्यक्ष, व्यवसायियों ने दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची में हुए झारखंड चेंबर के चुनाव में आकर्ष आनंद को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के रीजनल उपाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने जाने पर पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, लातेहार चैंबर, गढ़वा चैंबर, नगर चैंबर, मेदिनीनगर व्यावसायिक संघ , डाल्टनगंज चैंबर लायंस क्लब, रोटरी क्लब एवं कई संस्थाओं के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने बधाई दी है ' इस अवसर पर चेंबर के वरिष्ठ सदस्य कृष्णा अग्रवाल ने कहा आकर्ष आनंद जहां शहर के जाने-माने युवा व्यवसाय है वही एक सरल स्वभाव

के सबों को साथ लेकर चलने वाले अच्छे उभरते नेतृत्व करता भी है। चेंबर परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने कहा समाज में युवा का प्रतिनिधित्व बढ़ाना चाहिए वही कल के भविष्य हैं। समाजसेवी नवल तुलस्यान ने आकर्ष आनंद को बधाई देते हुए कहा और भी युवक व्यवसाई घराने के आगे आए हम सबों का हमेशा मार्गदर्शन मिलेगा। चार्टर्ड अकाउंटेंट सरस जैन ने भी आकर्ष आनंद को बधाई दी। डालटनगंज चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया ने कहा मैं हमेशा से युवाओं को आगे लाने का समर्थक रहा हूं। यही समाज के भविष्य हैं ,हमारा चैंबर हमेशा इनके साथ खड़ा रहेगा।

### पिछड़े अनाथ बच्चे के इलाज के लिए मदद की गुहार

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में पिछड़ा जाति का एक अनाथ बच्चा जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। उसके पूरे शरीर में पानी भर गया है। चिकित्सकों के बेहद प्रयास से कुछ हद तक उसके पेट से पानी को बाहर निकाला गया है। इसके बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सदर में अस्पताल में इलाज का उसका आज तीसरा दिन है। बच्चे के साथ एक गांव की महिला है जो साथ में रह रही है। बाकी अनाथ बच्चे का दवा और इलाज एक पत्रकार द्वारा कराया जा रहा है। वहीं बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया है। परंतु जो औरत बच्चे के साथ अस्पताल आई है उसका कहना है कि यदि हम इस बच्चे का इलाज कराने के लिए रांची चले जाते है तो मेरे पास पैसा भी नहीं है और मेरे भी दो बच्चे हैं उनका देखरेख कौन करेगा। अब बच्चा भगवान के भरोसे है।

# अम्बेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ भारत के तत्वधान में डालटनगंज स्थित पलामू क्लब में झारखण्ड राजस्तरीय सामूहिक कैडर प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुई। उक्त शिविर में सभी वरीय एडवोकेट सैयद इम्तेयाज खां, जितेंद्र कु. चंद्रवंशी, बीरबल राउत, रंजन कु. सिंह, राजदेव कुमार, जितेंद्र कुमार, मो. परवेज अली व विनय कुमार पाल द्वारा सामूहिक कैडर प्रशिक्षण दिया गया। उक्त शिविर में वरिय अधिवक्ता सह डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ के वरिय कैडर बृजमोहन चौरसिया के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। संघ ने प्रत्येक जिले में क्रमवार कैडर प्रशिक्षण शिविर लगाने का निर्णय लिया है। इस कड़ी में दिनांक 08/10/2023 दिन रविवार को जिला मुख्यालय गढ़वा में कैडर प्रशिक्षण शिविर एक दिन का लगाया जायेगा। जिसकी तैयारी की जबाबदेही संघ द्वारा वरिय अधिवक्ता विनय कुमार पाल, जीतेन्द्र कु. चंद्रवंशी व जीतेन्द्र कुमार को सौपी गई है। आज के इस प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि व प्रवेक्षक के रूप में एडवोकेट अशोक कुमार राष्ट्रीय सह संयोजक सह प्रदेश प्रभारी झारखण्ड उपस्थित थे।

# पांकी मे भाजपा की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर मौर्या फार्म हाउस में सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के साथ बैठक की गया। निलाम्बर-पिताम्बरपुर की पावन धरती पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आगमन 3 अक्टूबर को पाँकी विधानसभा क्षेत्र में होने जा रहा है। जिसके निमित्त पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर, नीलाम्बर पिताम्बरपुर में जनसभा का आयोजन किया गया । इस बैठक में भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, भाजपा के प्रदेश कार्यसमीती अध्यक्ष अमित तिवारी , भाजपा के पलामू जिला उपाध्यक्ष अरविन्द प्रसाद गुप्ता ,नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं मंच संचालन करता जितेंद्र तिवारी , मनातू

भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, विधायक जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, सतबरवा विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो,अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, पांकी के भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, भाजपा के श्याम ओझा, नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, तरहसी प्रखंड भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, भाजपा के विनोद कुमार राम जी, भोलानाथ साव, जितेंद्र मेहता, जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, संजय चंद्रवंशी, शंकर सुकला, चंदन सिंह, वशिष्ठ सिंह, समाजसेवी अजय पासवान, प्रसिद्ध सिंह, चंदन सोनी, सुधीर तिवारी, अखिलेश चंद्रवंशी, पांकी प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, समाजसेवी कमेश यादव जी, उज्वल पांडे, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता साधु मांझी, अरूण सिंह, पप्पू मिश्रा, पिंटू यादव, मंटू शर्मा समेत बैठक में कई लोग उपस्थित रहे।

# झारखंड की सांस्कृतिक पहचान है करमा पूजा : उदय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** करमा पूजा के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के कार्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। सर्वप्रथम पाहन द्वारा करम डाल की पूजा कराई गई। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि करमा झारखंड की सांस्कृतिक पहचान है। आदिवासी समाज की पहचान प्रकृति पूजा के रूप में है,लेकिन पढ़े लिखे लोग अपनी परंपरा एवं संस्कृति की रक्षा करने की जगह पश्चिमी सभ्यता को अपना जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशा पान और अशिक्षा को दूर करना युवा वर्ग की जिम्मेदारी है। करमा पर्व प्रकृति से जुड़ा पर्व है। जंगल की

रक्षा, आपसी एकता, प्रेम व सौहार्द करमा पर्व का मुख्य संदेश है संजय उरांव ने कहा कि आदिवासी परंपरा व संस्कृति को बचाना है, क्योंकि यही झारखंड की पहचान है। मौके पर सनी कुमार, सतीश कुमार, मनोज सिंह, कृष्णा राम, उपेंद्र तिवारी, शिवनारायण साव, अजीत कुमार, दीपक कुमार, मिथिलेश पासवान आदि उपस्थित थे। अजीत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

jharkhand tourism
Nature's hidden jewel

विश्व
पर्यटन दिवस
2023
की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार

प्रकृति की हरियाली
झारखण्ड की खुशहाली

मुख्य आकर्षण

(SYMPOSIUM)
संगोष्ठी एवं परिचर्चा
समय: 3:30 बजे से

(FOOD FESTIVAL)
'पर पकवान' कार्यक्रम
समय: 4:00 बजे से

(CULTURAL PROGRAMME)
सांस्कृतिक कार्यक्रम
समय: 5:00 बजे से

'विश्व पर्यटन दिवस 2023' के अवसर पर
आयोजित कार्यक्रम में आपका हार्दिक स्वागत है

दिनांक - 27.09.2023 | समय - अपराह्न 03:00 बजे
स्थान - ऑड्रे हाउस, रांची

पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 307678 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 2023-24

### खाद्यान्न का उठाव किए बिना ही लाभुकों से लगवाया अंगूठा

# राशन पर डीलर का डाका !

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

50 ग्राम और 100 ग्राम प्रति किलो खाद्यान्न की कटौती कर लाभुकों की बीच खाद्यान्न का वितरण करना प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण दुकानदारों की पुरानी परंपरा बनी हुई है। बावजूद उससे भी उनका पेट नहीं भर रहा है तो वे सीधे लाभुकों के पूरे माह के खाद्यान्न को ही गबन करने की फिराक में लगे हुए हैं। गोदाम से खाद्यान्न का उठाव किये बिना ही खाद्यान्न देने को लेकर ईपाश मशीन में लाभुकों से एडवांस अंगूठा लगवा लिया जा रहा है।

सवाल यह उठता है कि जब दुकानदार के द्वारा गोदाम से खाद्यान्न का उठाव किया ही नहीं गया तो लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण कहां से किया गया होगा? ऐसा तो नहीं कि दुकानदार के द्वारा एक सोची समझी रणनीति

के तहत लाभुकों के खाद्यान्न को गबन करने के उद्देश्य से उनके द्वारा एडवांस अपना ईपॉश मशीन में अंगूठा लगवाने का काम किया गया है। मामला प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव के जन वितरण दुकानदार पारसनाथ प्रसाद से जुड़ा है। उक्त दुकानदार के द्वारा 14, 9, 2023 को सितंबर माह का गोदाम से खाद्यान्न का उठाव किया गया है जबकि इससे दो दिन पहले ही 12,9,2023 तक उनके द्वारा उक्त माह का खाद्यान्न देने को लेकर लाभुकों से ईपॉश मशीन में अंगूठा लगवा लिया गया। इस बीच उनके द्वारा लाभुक शाहनवाज अंसारी कार्ड संख्या 202000 1090 4, फखरुद्दीन अंसारी कार्ड संख्या 2020006085831, अलीमा बीवी कार्ड संख्या 202 000109055, सुलेमान अंसारी कार्ड संख्या 202000109061, असगर अंसारी कार्ड संख्या 202000109073, शैदा बीबी कार्ड संख्या 202000109075, सुषमा देवी कार्ड संख्या 202000109182, अजमुद्दीन अंसारी कार्ड संख्या 202000109093 सहित 30 से 35 लाभुकों के बीच दुकानदार के द्वारा गोदाम से खाद्यान्न का उठाव होने से पहले ही ई पॉश मशीन में अंगूठा लगवाने का काम किया गया है। गोदाम से खाद्यान्न का उठाव करने और उसे लाभुकों के बीच वितरण करने का ऑनलाइन प्रमाण देखने के बाद मामले का खुलासा हुआ। गोदाम प्रबंधक जितेंद्र सिंह ने बताया कि डंडई गांव के जन वितरण दुकानदार पारसनाथ प्रसाद के द्वारा माह सितंबर का 14.9.2023 को मेराल गोदाम से खाद्यान्न का उठाव किया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त दुकानदार के द्वारा 6033.940 ग्राम खाद्यान्न का उठाव करने का काम किया गया है।

उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है। मामले की जांच कराकर दोषी के खिलाफ विधिसम्मत करवाई की जाएगी। दुकानदार पारसनाथ ने बताया कि जब तक गोदाम से खाद्यान्न का उठाव नहीं होगा तब तक किसी भी लाभुक का ईपॉश मशीन में अंगूठा नहीं लग सकता है। उन्होंने कहा कि यह कार्य मेरे द्वारा नहीं किया गया है।

## महाधिवेशन को लेकर आजसू की बैठक आयोजित

**बड़गड़।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पुराना प्रखंड कार्यालय भवन के के पास आजसू के केंद्रीय सचिव पंकज तिवारी की उपस्थिति में महाधिवेशन की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गढ़वा जिला सचिव शंभु ठाकुर ने की। बैठक में रांची में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय महाधिवेशन की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया गया। केंद्रीय सचिव के निर्देशन में नवगठित प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा 30 ग्राम प्रधानों का चयन किया गया। कहा कि महाधिवेशन में प्रखंड कमेटी एवं चुने गए ग्राम प्रधानों की अगुवाई में झारखंड के 32000 गांव के कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजीव कुजूर, अजय केशरी, प्रखंड अध्यक्ष रविशंकर यादव, विनीत तिग्गा, सचिव सुनील कांशी, दिलीप कुमार राम, बीरेंद्र यादव, पार्वती कुमारी, मनीता कुमारी, स्वेता मिंज,सीता कच्छप आदि उपस्थित थे।

# चिनिया मुख्यालय का एकमात्र स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था बदहाल

### दो नर्सों के बावजूद गर्भवती महिलाओं को करना पड़ता है इंतजार

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय अवस्थित एकमात्र स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा व्यवस्था बदहाल है। सोमवार को सुबह 3:00 से एक गर्भवती महिला स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, दर्द से तड़पती रही, परंतु कोई भी एएनएम वहां पर मौजूद नहीं थी। वहीं 11:15 बजे स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित नर्स उषा कुमारी एवं फुलवंती कुमारी पहुंची। वहीं एक घरेलू विवाद में घायल व्यक्ति भी सुबह से बैठा रहा, लेकिन कोई देखने नहीं पहुंचा। मामले में पूछे जाने पर सिविल सर्जन अवधेश कुमार ने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मरीजों के साथ लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बताते चले की रिंकू देवी पति मिथिलेश पाल बिलैतीखैर निवासी की पत्नी को प्रसव पीड़ा हो रही थी। वह 3:00 बजे भोर से ही स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी परंतु कोई

नर्स नहीं होने के कारण दर्द से तड़पती रही। वहीं नर्स उषा कुमारी और फुलवंती कुमारी ने सफाई कर्मी को बोल दिया कि देख लो तुम, हम आएंगे तो देखेंगे। 11:15 बजे दोनों नर्स पहुंची तो पूछे जाने पर मामले में कुछ जवाब नहीं दे पाई।

बताते चलें कि पूर्व में यहां सिर्फ एक नर्स थी लेकिन रात में प्रसव के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी नहीं इसके लिए वह रात भर वहां ड्यूटी करती थी, जबकि यहां पर अब दो नर्स हो गई हैं फिर भी किसी महिला को प्रसव पीड़ा होने पर भी सुबह 10 से 11 बजे तक इंतजार करना पड़ता है। दोनों नर्स के यहां नहीं रहने के कारण आम लोगों काफी परेशानी होती है। कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दोनों नर्स यहां नहीं रहती हैं। इससे खासकर गर्भवती महिलाओं को बहुत कष्ट झेलना पड़ता है। दोनों नर्स रात्रि में स्वास्थ्य केंद्र में ना रह कर अपने-अपने घर चली जाती हैं। वहीं स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे झामुमो कार्यकर्ता बेलाल अंसारी बंशीधर यादव ने भी पदस्थापित दोनों नर्स को अपनी कार्यशैली में सुधार लाने को कहा।

# काम रुकवाने, जान-माल की सुरक्षा की लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

जमीनी विवाद में 144 का केस चलते हुए अपनी हक का जमीन बचाने के क्रम में द्वितीय पक्ष के चपरी निवासी कृष्णा प्रसाद गुप्त और रवि कुमार लगभग 45 दिन से गढ़वा जेल में बंद हैं। पूर्व में दोनों पक्षों को भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने उक्त भूमि स्थल पर किसी भी तरह का कार्य नहीं करने की हिदायत दी थी। पर, धन बल और पैरवी के बल पर प्रथम पक्ष के ओमप्रकाश, दिग्विजय साव पिता रामरती साव पुनः चहारदिवारी में काम लगवाए हुए थे। काम को रुकवाने के लिए रूणा देवी पति बैजनाथ साव, संजू देवी पति कृष्णा प्रसाद गुप्त द्वारा भवनाथपुर थाना प्रभारी को आवेदन देकर काम रुकवाने तथा अपने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई। थाना प्रभारी ने उचित करवाई करते हुए काम को अविलंब रुकवाया। संजू देवी ने कहा कि मेरे या मेरे बच्चों के साथ कोई घटना घटती है या काम पुनः करने का प्रयास किया जाता है तो गढ़वा पुलिस अधीक्षक के पास उचित करवाई हेतु जाऊंगी।

# चिनिया में थम नहीं रहा हाथियों का आतंक

### एक महीने से भी ज्यादा समय से लोग दहशत में, फसल व जान-माल को भारी नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना क्षेत्र में पिछले एक माह से अधिक दिनों से जंगली हाथियों का आतंक जारी है। हाथियों का झुंड अलग-अलग होकर विभिन्न गांवों में लगातार किसानों की फसलों को एवं मवेशियों को नुकसान पहुंचा रहा है। रविवार की रात्रि भी बिलैतीखैर गांव में निर्मला देवी के लगभग पांच एकड़ में लगी धान की फसल, पदार्थ यादव की दो एकड़ में लगी धान की फसल, भोला यादव के दो एकड़ में लगी धान एवं तिल की फसल को जंगली हाथियों ने रौंद दिया। वहीं निर्मला देवी के पंप सेट को तोड़ दिया। उधर बेता गांव जोरीकरम टोले में भी सोहर सिंह सतराज सिंह की धान, मकई व तिल की फसल को नुकसान पहुंचाया। बेता गांव निवासी सतराज सिंह की एक मवेशी को पटक कर मार डाला। ग्रामीणों ने

बताया कि रात्रि करीब 10:00 बजे 20 से 25 की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड आया और रात भर गांव में फसलों को खाता एवं रौंदता रहा। उधर वन विभाग के प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि जंगली हाथियों द्वारा फसलों को नुकसान किए जाने की जानकारी मिली है। नुकसान हुए फसलों का जायजा लिया जा रहा है। सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा मिलेगा। वहीं हाथियों को खेतों से भगाने के लिए वनपाल अनिमेष कुमार ने मसाल जलाने के लिए ग्रामीणों के बीच मिट्टी तेल व टॉर्च का भी वितरण किया।,कहा कि हाथियों से छेड़छाड़ ना करें तथा घर के आसपास आग जलाएं। घर में महुआ या शराब न रखें। इससे हाथी आकर्षित होते हैं। जब तक हाथियों को क्षेत्र से भगा न दिया जाए तब तक लोग सतर्क रहें। हाथियों को भगाने के लिए विभाग द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त

### दीनदयाल उपाध्याय का जयंती समारोह हुआ

**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में सोमवार को मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के आवास पर पंडित

दीनदयाल उपाध्याय का जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी, समाजसेवी, शिक्षाविद प्रतिभावान व्यक्तित्व के धनी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती के अवसर पर हम सब एकत्रित हुये हैं। इनका जन्म दिन अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनसंघ के नेता रहे पंडित जी समस्त देशवासियों के लिये मिशाल कायम किया। उनके आदर्श पर चलकर आज भाजपा देश ही नही बल्कि विश्व की सबसे बड़ी व लोकप्रिय पार्टी बनी है। उनके सोच के कारण ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बसुधैव कुटुम्बकम का नारा बुलंद कर रहे हैं। जयंती समारोह में नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद कमलापुरी, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, मंडल महामंत्री कुमार जितेंद्र विद्यार्थी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष आनंद कमलापुरी, मंत्री अनिल दास, रामप्रवेश कमलापुरी, अविनाश कुमार, संजय कांस्यकर, सूरज कुमार, आदित्य, उज्ज्वल, रवि कुमार, प्रदीप अग्रेहरी, हर्ष बाबू आदि उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने मनाई पं. दीनदयाल की जयंती

**खरौंधी।** भाजपा मंडल इकाई की ओर से सोमवार को प्रखंड के सभी 48 बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सभी कार्यक्रम किए गए। उन्होंने बताया की जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए गए मार्गों पर हम सभी चल रहे हैं। उपाध्याय प्रखर राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट संगठनकर्ता, एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता पथ प्रदर्शक थे। आज उन्हीं के बताए मार्ग पर चलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों का कल्याण कर रहे हैं। हम सभी को भी उनके जीवन को आत्मसात कर चलने की आवश्यकता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र यादव, वरिष्ठ नेता बसंत कुमार यादव, रामकृपाल द्विवेदी, अरूण कुमार सिंह, कलामुद्दीन अंसारी, बुद्धनाथ गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### धोती-साड़ी व राशन का किया गया वितरण

**चंदवा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार के निर्देश पर आदिम जनजाति परिवारों के बीच परहैया टोला (चटुआग) में शिविर लगाकर कामता पंसस अयुब खान, मुखिया नरेश भगत और जन वितरण प्रणाली दुकानदार शाहिद खान ने संयुक्त रूप से सोना - सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी और राशन का वितरण। मौके पर वार्ड सदस्य सावन परहैया, डोमन परहैया, नेमा परहैया, दसवा परहैया, चरका परहैया, राजकुमार परहैया आदि मौजूद थे।

### मुशहर परिवार के बीच खाद्य सामग्री का वितरण

**बारियातु।** प्रखंड क्षेत्र के बरनी पेट्रोल पंप स्थित खुले मैदान में लगभग बीस वर्षों से भी अधिक समय से कुम्बे में जीवन बीता रहे मुशहर परिवार के बीच विहिप प्रखंड अध्यक्ष व परिजनों ने करम त्योहार मनाने के लिए खाद्य सामग्री का वितरण किया। विहिप के प्रखंड अध्यक्ष झूलन प्रसाद भगत व उनके बहु और पोते बरनी पहुंचे। लगभग 35 मुशहर परिवार को आटा, तेल, आलू, साबुन, सर्फ, रिफाइंड सहित अन्य खाने पीने की सामग्री दी। भगत ने परिवारों को आधार कार्ड बनवाने के साथ राशन सहित अन्य लाभ दिलाने का जिला और प्रखंड प्रशासन से आग्रह किया है।

# बैठक में जुलूस-ए- मोहम्मदी के दौरान डीजे नहीं बजाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

इस वर्ष हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की जयंती के अवसर पर निकाली जाने वाली जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान डीजे नहीं बजेगा। उक्त आशय का निर्णय आज सोमवार को शहर के मदरसा रोड स्थित दारुल उलूम अहले सुन्नत मदरसा तब्लीगुल इस्लाम गढ़वा में आयोजित एक बैठक में ली गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी सह मदरसा तब्लीगुल इस्लाम के सदर डॉक्टर मोहम्मद यासीन अंसारी ने की। बैठक में कहा गया की कि इस वर्ष जुलूस-ए- मोहम्मदी में किसी भी मोहल्ले से डीजे का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। लोगों ने कहा कि जुलूस अपने-अपने मोहल्ले से सुबह 8:00 निकाल दें। वहीं वहीं 8:30 बजे तक शहर के

मझिआंव मोड़ पहुंचे। जुलूस-ए-मोहम्मदी नात व दरूद शरीफ पढ़ते हुए निकाला जाएगा। बैठक में डॉक्टर मोहम्मद यासीन अंसारी के अलावे मदरसा के सेक्रेटरी हाजी निजामुद्दीन अंसारी, आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव सिराज खान, गढ़वा जिला अंजुमन के सदर जैनुल आबेदीन खान, वक्फ बोर्ड के शौकत कुरैशी, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, डॉक्टर असजद अंसारी, सिराज खान, अब्दुल मनान, साबिर अंसारी, मोहम्मद अकबर अंसारी, मोहम्मद मंसूर अंसारी, मासूम खान, फैजान रजा कादरी, तारिक अनवर, प्रिंस खान, नसीर खान, फरीद खान और लोग उपस्थित थे।

## राजद नेता ने किया भवनाथपुर विस क्षेत्र का दौरा

**डंडई।** राष्ट्रीय जनता दल के झारखंड प्रदेश सचिव दीपक कुमार साहू ने सोमवार को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के डंडई प्रखंड में संगठन मजबूती को लेकर दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बैरियादामार, जरही, झोतर तथा रारो सहित विभिन्न गांव में दौरा कर अपने कार्यकर्ताओं से मिलकर संगठन की मजबूती पर चर्चा की। कहा गया कि यदि मौका मिला तो भवनाथपुर विधानसभा से आरजेडी भी चुनाव लड़ेगा। फिलहाल भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में घूम-घूम कर अपने कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं और संगठन मजबूत करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। मौके पर झारखंड युवा प्रदेश महासचिव मुनेश्वर कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा वीरेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष नीतीश कुमार रवि, डंडई प्रखंड अध्यक्ष हेमंत चौधरी, लाल मोहम्मद अंसारी, सुभाष मेहता, जसीम अंसारी, कुर्बान अंसारी आदि उपस्थित थे।

# 15 ने किया रक्तदान, 25 ने नेत्रदान का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

### विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर रक्तदान-अंगदान शिविर का आयोजन

विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर मेराल के किस्मती कॉलेज और फामेर्सी एंड नर्सिंग में रक्तदान तथा अंगदान शिविर का आयोजन किया गया तथा जागरूकता रैली आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार डॉक्टर हेमलता त्रिपाठी थाना प्रभारी नीतीश कुमार डायरेक्टर डॉक्टर अनिल शाह लव कुमार सिंह प्राचार्य श्रीकांत चौधरी रमाकांत प्रसाद इत्यादि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर दिया। आयोजकों ने बताया कि शिविर मे 15 लोगों ने 15 यूनिट रक्तदान किया तथा 25 लोगों ने नेत्रदान करने के लिए सहमति प्रदान की। कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर रक्तदान एवं अंगदान के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। रैली मेराल हाई स्कूल से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, डंडई रोड, लखिया मोड़ होते पुनः कॉलेज परिसर पहुंची। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. हेमलता त्रिपाठी, डॉ. अनिल साहू, थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि रक्तदान व अंगदान कर जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है। निदेशक लव सिंह, प्रिंसिपल श्रीकांत चौधरी, सुशील आदि ने कहा कि किसी भी व्यक्ति का जान बचाना या उसमें सहयोगी बनना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। इस मौके पर कॉलेज की छात्र-छात्राओं तथा अन्य कर्मियों द्वारा 15 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में श्रीकांत चौधरी, मनीष तिवारी, राकेश कुमार, विपिन कुमार, प्रिंस कुमार, चंद्रशेखर कुमार, प्रमोद चौधरी, जितेंद्र कुमार, ममता कुमारी, संजय यादव, राजेश, रवि आदि शामिल थे। मौके पर मनीष तिवारी, विकास मिश्रा, किंजल राठौर, अंजनी, ममता, ओम विश्वकर्मा, विद्या भारती, चित्रलेखा, इंद्रजीत उपस्थित थे।

**धर्म-कर्म** जीभ के स्वाद के लिए दूसरे जीव को मार कर नहीं खाना चाहिए : जीयर

# प्रवचन को जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जीयर स्वामी महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में सत्संग करना चाहिए, क्योंकि यह धरती पर ही संभव है। यह स्वर्ग में भी संत दर्शन करने को नहीं मिलता और ना ही भागवत कथा सुनने को मिलता है। यह दुर्लभ मानव योनि मिलने के बाद व्यक्ति को अपना जीवन सत्कर्म में लगाना चाहिए अच्छे कर्मों में लगाना चाहिए। जीभ के स्वाद के लिए दूसरे जीव को मार कर नहीं खाना चाहिए, क्योंकि व्यक्ति भी उस योनि से होकर आया है।

उन्होंने कहा कि सत्संग के दौरान जो संत वाणी व्यक्ति सुनता है प्रवचन सुनता है उसे अपने जीवन

में उतारने का प्रयास करना चाहिए। अगर 10 बातें सुनता है उसमें दो बातें भी अगर जीवन में सफलता पूर्वक ग्रहण कर लिया है तो समझ की जीवन धन्य हो गया लेकिन रोज प्रवचन सुने और रोज गलत काम करें, रोज जीव को मार कर खाएं, दूसरे को धोखा दें, बिना वजह का झूठ बोलते रहे तो फिर संत दर्शन और प्रवचन सुनने का कोई अर्थ नहीं रह जाता। जैसे कपड़े को खूब अच्छे तरीके से साफ सफाई करके उसको पहन लीजिए, ऊपर से इतर डाल दीजिए और नाला में कूद जाइए तो फिर साफ कपड़ा पहने और इत्र लगाने से कोई फायदा नहीं होगा। मन द्वारा, वाणी द्वारा, शरीर द्वारा भक्तिपूर्वक परमात्मा का ध्यान करते हुए उनके नाम गुण, लीला, धाम इन चारों का जो उपासना करता है। यह श्रेष्ठ प्रायश्चित है। यह जितना श्रेष्ठ प्रायश्चित है उतना श्रेष्ठ प्रायश्चित यज्ञ, दान, तप भी नहीं है। यज्ञ, दान, तप करने वाला का हो सकता है उसके पापों का मार्जन न हो। लेकिन जो मन से वाणी से पवित्र होकर नाम गुण, लीला, धाम इन चारों का जो भावना करता है। यहीं सबसे श्रेष्ठ प्रायश्चित है। श्रीमद्भागवत गीता में अर्जुन ने भगवान श्री कृष्ण से पुछा है कि जो परमात्मा के अधिकारी हैं उनकी क्या भाषा है। उनकी क्या बोल चाल है, क्या लक्षण है। तो भगवान ने बताया कि जो भगवान में सोता है, जगता है, खाता है, उठता है, बैठता है, इतना ही नही जैसे कछुआ अपने शरीर को फैलाकर जल में तैरता है।उसी प्रकार से जो स्थितप्रज्ञ होते हैं, भगवान के भक्त होते हैं। वे दुनिया में अनेक प्रकार के लोगों को संदेश देने के लिए कहीं यज्ञ करते हैं। कहीं मंदिर बनाते है इसके द्वारा जब समाज को संदेश दे देते हैं तो फिर अपने में समेटने लगते हैं। यही निर्वाण पुरूष का लक्षण है।

## शराबी को बचाने में हुई बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल

**भवनाथपुर।** केतार मुख्य पथ पर मुस्कैनी पहाड़ के समीप सोमवार को एक मोटरसाइकिल के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण मोटरसाइकिल सवार केतार थाना क्षेत्र के बेलाबार ग्राम निवासी मृत्युंजय विश्वकर्मा (18) एवं दानिश अंसारी (22) घायल हो गये। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के संबंध में घयल मृत्युंजय विश्वकर्मा ने बताया कि वे दोनों प्रतिदिन की भांति अपनी मोटरसाइकिल से भवनाथपुर स्थित श्री मां कम्प्यूटर में कोचिंग करने आ रहे थे। इसी बीच मुस्कैनी पहाड़ के समीप एक शराबी को बचाने में उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में हम घायल हो गए। शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट लगी है।

# हर्षोल्लास से मना प्रकृति की उपासना व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक करम

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
प्रखंड स्थित जिला परिषद भवन परिसर में सोमवार को प्रकृति की उपासना एवं भाई- बहन के पवित्र प्रेम और समर्पण का पावन पर्व सरना आदिवासी एकता मंच के बैनर तले बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरे पारंपरिक रीति रिवाज के साथ करम लोकगीत गाती और नृत्य करती हुई आखरा पहुंचीं, जहां बैगा पाहन रघुवा नगेसिया, कैतका मुंडा, सूले मुंडा द्वारा करम डाल स्थापित करते हुए पूजा की गई। इसके पश्चात महुआडांड़ प्रखंड के हामी, लोध, परेवा, चटकपुर, गोठगांव, चिरो पाठ, चुटिया, परहाटोली, जराहाटोली, चंपा समेत विभिन्न गांव से आए हुए सैकड़ों युवक-युवतियां, महिला-पुरुष के द्वारा

ढोल मांदर की थाप पर करम गीत गाते हुए करम डाल के चारों ओर घेरा बनाकर सांस्कृतिक झूमर नृत्य किया गया। महिलाओं एवं युवतियों ने अपने-अपने भाइयों की सलामती के लिए प्रकृति का आशीष लिया। कार्यक्रम के आयोजन में जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया, हामी पंचायत के मुखिया प्रदीप बड़ाईक, विनोद उरांव आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर प्रदीप नगेसिया, फतेह मुंडा, किरण देवी, विनोद नगेसिया, अनूप मुंडा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## करमडाली विसर्जन पर सतर्कता की अपील

**बालूमाथ।** बीते वर्ष 2021 में सेरेगड़ा मनंडीह ग्राम में करम डाली विसर्जन के दौरान घटी घटना पुनरावृत्ति न हो इसके लिए बालूमाथ अंचल अधिकारी आफताब आलम ने एक नोटिस जारी कर प्रखंड के सभी मुखिया-जनप्रतिनिधि करम डाली विसर्जन में अपनी उपस्थिति, वालंटियर रखने व पास की थाना पुलिस को जानकारी देने का आग्रह किया। वहीं बारियातु प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने सभी पंचायत के मुखिया, पचायत समिति सदस्यों व वार्ड सदस्यों से करम डाली विसर्जन के समय संबंधित घाटों पर निगरानी रखने की अपील की है।

## चतरा जिले में उल्लास, आस्था और विश्वास के साथ मनाया गया प्रकृति का पर्व

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
प्रकृति पर्व करम का त्योहार सोमवार को जिले भर में उल्लास, आस्था और विश्वास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहरी क्षेत्र के साथ जिले के गांव-गांव में करम डाल की स्थापना कर भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की गई।

करम पूजा को लेकर अखरों को काफी आकर्षक तरीके से सजाया गया था। सुख, समृद्धि व जीवन जीने की प्रेरणा देने वाला करम का त्योहार सोमवार को प्रखंड क्षेत्रों में पूरे विधि-विधान व आस्था के साथ मनाया गया। करम पर्व को लेकर सभी गांव के अखाड़ों को फूल-माला से सजाया गया था। खासकर ग्रामीण

क्षेत्र के महिलाओं में करम पर्व को ले विशेष उत्साह देखा गया। पूजा से पूर्व गांव के युवक-युवतियों द्वारा नृत्य संगीत के साथ करम डाल अखड़ा लाया गया था। वहीं बहनों ने भाइयों के लिए उपवास रखकर उनकी लंबी उम्र व सुख-शांति की कामना की। करम पर्व में महिलाओं द्वारा गाए जाने वाली पारंपरिक गीतों में रासरंग, प्रकृति की उपासना व बेहतर फसल की कामना झलकती है। मंगलवार को लोग शोभायात्रा का आयोजन कर करम डाली का विसर्जन करेंगे।

## वनपाल ने लगाया करम का पेड़

**गिद्धौर।** करम के पावन अवसर पर जिले के गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र अंर्तगत पांडेबागी के धोबिनिया घाट पर सोमवार को वनपाल रूपलाल यादव के नेतृत्व में करम के पौधे लगाए गए। इस दौरान विधिवत बाजे गाजे के साथ करम का पौधा लगाया गया। वनपाल ने बताया कि करम पर्व के उपलक्ष में प्रखंड के कई गांवों के आसपास करम का पौधा लगाया गया। साथ ही पेड़ को बचाने का भी लोगों ने संकल्प लिया। वनपाल ने उपस्थित ग्रामीणों को वन बचाने की अपील की। पौधारोपण अभियान में वन कर्मी के साथ आनंद मुंडा, दीना भुइंयां आदि ग्रामीण शामिल थे।

### ऐसे में कैसे होगा गुणवत्तापूर्ण कार्य

# निर्धारित लागत से कम दरों पर डाले जा रहे जिले में टेंडर

**हिमांशु सिंह। मयूरहंड(चतरा)**
जिले में विकास कार्यों के क्रियान्वयन के लिए टेंडर आमंत्रित किए जा रहे हैं। संबंधित विभाग द्वारा निर्धारित लागत से कम दरों में टेंडर डालने वाली एजेंसियों व संवेदकों को कार्य निष्पादन की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। कुछ टेंडर तो 48 से 50 फीसदी तक कम में डाले जा रहे हैं।

ऐसे में विकास कार्य कैसे होंगे, इसका जवाब संबंधित विभाग के अधिकारियों के पास भी नहीं है। कहते हैं कि जब से बीजेपी सरकार सत्ता में आई है, तब से सरकारी कार्यों पर सीधी निगरानी हो रही है, लेकिन जिले में संबंधित विभाग की कहानी कुछ और ही है। जिले में ग्रामीण विकास विभाग, पीएचईडी, जिला परिषद, लघु सिचाई विभाग के अलावा अन्य विभाग में टेंडर निकाले जा रहे हैं, लेकिन निर्धारित दर से कम टेंडर डालकर काम हासिल किया जा रहा है। नाम न लिखने की शर्त पर टेंडर से जुड़े लोगों का कहना है कि अभियंताओं की मिली भगत से टेंडर निर्धारित लागत से कम के




डाले जा रहे हैं। कई जेई कुछ एजेंसियों व संवेदकों के साथ सांठ-गांठ करके कम दरों पर टेंडर डलवा रहे हैं और बाद में अपने हिसाब से भुगतान करवा लेते हैं। सूत्रों की मानें तो 48 फीसदी कम के टेंडर का विकास कार्य किया ही नहीं जा सकता, क्योंकि पिछले एक साल का इंडेक्स देखें तो हर चीज की कीमत में वृद्धि हुई, लेकिन टेंडर पर डाली जाने वाली राशि कम होती जा रही है।

उदाहरण के तौर पर मान लीजिए विभाग 100 रुपये का टेंडर किसी विकास कार्य के लिए निर्धारित करता है तो उसे कंपनी 48 रुपये कम करके यानी 52 रुपये में करने को तैयार हो रही है। इसे और तोड़कर समझा जाएं तो 52 रुपये में विकास कार्य होगा, जिसमें 18 फीसदी जीएसटी देना होगा। इसके अलावा लेबर से लेकर सामग्री की खरीदारी से लेकर कंपनी का मुनाफा भी जुड़ा होगा। ऐसे में गुणवत्ता से समझौता किए बिना कार्यों को निस्तारित नहीं किया जा सकता। परिणाम स्वरूप कार्य निस्तारित होने के साथ उपयोग के लायक नहीं बच रहा या संवेदक आधा अधूरा कार्य छोड़ भाग जा रहे हैं। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

## धोती-साड़ी योजना में डीलर पर अवैध वसूली का आरोप

**चंदवा।** कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान को भुसाढ़ गांव भ्रमण के दौरान राशनकार्ड धारियों से धोती-साड़ी योजना में डीलर द्वारा दस रुपये की अवैध वसूली करने और तीन माह में एक माह का राशन देने की शिकायत मिली। कार्ड धारियों ने बताया कि डीलर सिद्धेश्वर गंझु ने दो बार अंगुठा लेकर धोती-साड़ी दी। इसके एवज में प्रत्येक कार्ड धारी से बीस रुपये की जगह तीस-तीस रुपये वसूले गए। पंसस ने दस रुपये अधिक लेने के मामले पर जब डीलर से पूछा तो उन्होंने बताया कि धोती-साड़ी में अलग से दस रुपये खर्च हो जाता है। इस बारे में राशनकार्ड धारियों को बता दिया गया है। फिर भी किसी को एतराज है तो दस रुपये वापस कर दिया जाएगा। सिर्फ सितंबर माह के राशन का वितरण नहीं किया गया है। गुरुवार को वितरण कर दिया जाएगा। पंसस ने इस पूरे मामले से प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार को फोन पर अवगत करा दिया है।

# अहीर रेजिमेंट की मांग करने पर दिया गया जोर

**नवीन मेल संवादाता। कुंदा**

### अखिल भारतीय यादव महासभा की हुई बैठक, 5 नवंबर को शताब्दी समारोह मनाने का लिया गया निर्णय

अखिल भारतीय यादव महासभा की बैठक सोमवार को कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित जनता उच्च विद्यालय के समीप निमार्धीन कॉलेज भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया निरंजन प्रसाद यादव ने की, जबकि संचालन यादव सभा के प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मेनका निवासी बली यादव, अर्जुन यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी नीलम यादव, अरुण कुमार यादव, रंजन यादव, यादव महासभा के चतरा विधानसभा प्रभारी किशोर यादव, सिमरिया विधानसभा प्रभारी बलेसर यादव व जितेंदर यादव शामिल हुए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यादव समाज के लोग आजादी की लड़ाई या फिर 1962 भारत-चीन सीमा रेजांगला युद्ध हो यादव जवानों ने देश हित व सर्वजनहित में अपनी कुबार्नी दी है। भारत-चीन के बीच घमासान युद्ध चल रहा था। लद्दाख की दुर्गम बर्फीली छोटी रेजांगला में माइनस 40 से 50 डिग्री तापमान में मात्र 128 यादव सेना के योद्धाओं ने वीरता से लड़ाई लड़ी और चीन के 1700 से अधिक सैनिकों को मार गिराया था और 114 यादव सैनिकों ने अपनी कुबार्नी देकर 3000 से ज्यादा चीनी सैनिकों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। तब से यादव समाज के लोग जवानों की शहादत पर अहीर रेजिमेंट की मांग कर रहे हैं। वहीं 5 नवंबर को चतरा में अखिल भारतीय यादव महासभा का शताब्दी समारोह मनाने का निर्णय लेते हुए भारी संख्या में समाज के लोगों को पहुंचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में सिक्कीदाग मुखिया अनिता यादव, नवादा मुखिया भरत यादव, अनिल यादव, सतेंद्र यादव, लालू यादव, दिलीप यादव, इंद्रदेव यादव, मुन्द्रिका यादव, राजेंद्र यादव, अजय यादव, सुरेंद्र यादव, संजय यादव, आदित्य यादव मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### भाजपाइयों ने पं. दीनदयाल की जयंती मनाई

**बालूमाथ।** मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम

का संचालन मंडल महामंत्री विजय यादव ने किया व कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने की। मौके पर एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, बरियातु सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, रविंद्र गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री विजय ठाकुर, लालदेव ओरांव आदि मौजूद रहे।

### दीनदयाल उपाध्याय की मनाई गई जयंती

**चंदवा।** भारतीय जनता पार्टी चंदवा मंडल शहर के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित पथ निर्माण विश्रामागार में पंडित दीनदयाल

उपाध्याय की जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयूमो मंडल अध्यक्ष विनय कुमार उर्फ रिंकी वर्मा ने की। मंच का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष लाल कौसल नाथ शाहदेव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक महान चिंतक और प्रखर वक्ता थे। मौके पर भाजपा जिला मंत्री कुलामन साव, पूर्व जिला महामंत्री देवमोहन सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मंडल महामंत्री शिवकेश्वर यादव, मंडल उपाध्यक्ष संजय साव, मंडल मंत्री मनीष गुप्ता, भाजयुमो प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी बब्लू सोनी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रोहित शाहदेव, श्रवण प्रसाद गुप्ता, राजु भुइंया, बिनोद ठाकुर, चंद्रभूषण केसरी, सूर्यनारायण साहु, सुनील मुंडा, दुर्गा ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, राजन भगत, प्रेम नाथ साहु, मुरारीलाल साहु, यमुना चौधरी, रविंद्र साव, राजेंद्र यादव, बंधन मिस्त्री, शिबू उरांव, नंदलाल लोहरा आदि मौजूद रहे।

### दीनदयाल के विचारों को अपनाने का संकल्प

**महुआडांड़।** भाजपा मंडल कार्यालय में सोमवार को मंडल महामंत्री जमुना प्रसाद के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने

पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जंयती मनाई। इस मौके पर सभी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया, मोहन यादव, दिलीप प्रसाद, प्रशांत सिंह, दिलीप जायसवाल, नागेश मुंडा, सत्यनारायण प्रसाद, हीरा लाल प्रसाद, अमित जायसवाल उर्फ भोल्टु उपस्थित थे।

### मनिका में मनाई गई दीनदयाल की जयंती

**मनिका।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिवस मनाया। मुख्य

अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मौके पर जनसंकलप के नेता शंकर दुबे, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, ओबीसी मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी अमरदीप प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल किशोर प्रसाद, संदीप कुमार पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

### विजिट को प्रमुख व डीपीएम राजस्थान रवाना

**लातेहार।** एक्सपोजर विजिट के लिए जिले के लातेहार एवं मनिका के प्रमुख एवं पंचायत शाखा के डीपीएम मानस

मंडल सोमवार को राजस्थान के लिए रवाना हुए। मंडल ने बताया कि पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के उप निदेशक के के निर्देश पर 26 सितंबर से 30 सितंबर तक राजस्थान का पंचायत राज व्यवस्था क्रियाशील संबंधित एक्सपोजर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए लातेहार जिले के लातेहार प्रमुख परशुराम लोहरा एवं मनिका के प्रमुख प्रतिमा देवी का विभाग द्वारा चयन हुआ है। सरकार की ओर से पूर्व में बरवाडीही एवं गारु प्रमुख को हैदराबाद 10 सितंबर से 14 सितंबर एवं महुआडाड़ एवं सरयू प्रमुख पंचायती राज से संबंधित पुणे में प्रशिक्षण 26 सितंबर से 30 सितंबर भाग लेने के लिए रवाना हुए।

# डीलर से रंगदारी मांगने पहुंचे दो युवक हथियार सहित धरे

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरसी गांव से पुलिस ने दो युवकों को हथियार के साथ पकड़ा है। इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि दो युवक हथियार के बल पर एक पीडीएस डीलर से रंगदारी की मांग कर रहे हैं। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस इंस्पेक्टर के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर लोहरसी गांव से ही दोनों युवकों को दबोच लिया। गिरफ्तार युवकों के पास से पुलिस ने एक लोडेड कट्टा, एक 8 एमएम की कारतूस, एक कार समेत मोबाइल फोन बरामद किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान रूपक चौधरी उर्फ रूपक क्रांति, लुकुइया थाना चंदवा जिला लातेहार व उमेश गंझु पिता स्व करमा गंझु केकराही गढ़ा खलारी (रांची) के रूप में हुई है। विभिन्न धाराओं के तहत दोनों को लातेहार जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में पुलिस

## जमुआ जंगल से अवैध रूप से कटे सखुआ के सात लोदरा जब्त

**गिद्धौर।** जमुआ जंगल से वनरक्षी राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में अवैध रूप से काटे गए सखुआ के सात पीस लोदरा (छोटा टुकड़ा) जब्त किए। यह करवाई रविवार देर शाम की गई। बताया कि सूचना मिली की जमुआ जंगल में अवैध सखुआ लकड़ी काटकर रखा हुआ है। अवैध रूप से सखुआ काटने वाले व्यक्ति को चिन्हित किया जा रहा है। दोषी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बबलु कुमार, पुअनि जमील अंसारी, पुअनि धर्मेंद्र कुमार महतो, सैट 44 सशत्र बल के जवान शामिल थे।

## महुआमिलान रोल दुर्गा पूजा कमेटी का गठन

**चंदवा।** महुआमिलान रोल दुर्गा मंडल कमेटी की बैठक कृषि मंदिर के प्रांगण में दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर की गई। इसमें दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने के के लिए सभी ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया। बैठक की अध्यक्षता सूर्यनाथ सिंह ने की तथा संचालन आशीष सिंह द्वारा किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष लाल प्रतुल नाथ शाहदेव तथा कार्यकारी अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता व सचिव पद पर आशीष कुमार सिंह समेत अन्य कई लोगों को चुना गया। मौके पर बैजू मुंडा,अनुरोध कुजूर, डब्लु प्रजापति, बलकी मुंडा, मैनेजर उरांव, सपन उरांव, राम विचार सिंह, किशन उरांव, खुशबू, मनोज यादव, रामवृक्ष भगत, सुनील मुंडा, बालक यादव, राजेश यादव, शिव शंकर मुंडा, सोहराय गंझू तथा जगन्नाथ गंझू समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# कार दुर्घटनाग्रस्त, 3 घायल; 1 रेफर

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
थाना क्षेत्र अंतर्गत बरनी ग्राम के पास रांची चतरा मुख्य मार्ग में एक कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें सवार तीन लोग रमेश ठाकुर (22) पिता सिकंदर ठाकुर, हेमपुर, रूपेश कुमार (16) पिता शंकर भुइंया ग्राम हस्बो, राकेश कुमार (22) पिता गोविंद भुइंया ग्राम तसतबार तीनों बालूमाथ प्रखंड के निवासी घायल हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक कार में सवार होकर शाम को बारियातू सप्ताहिक बाजार से वापस आ रहे थे। इसी दौरान बालूमाथ थाना क्षेत्र के बरनी ग्राम के पास कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे तीनों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टर के अनुसार युवक राकेश कुमार का एक पैर टूट गया है, जिसको रिम्स रेफर कर दिया है।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रेफर

**बारियातु।** थाना क्षेत्र के बारियातू टोंटी हेसला मुख्य मार्ग स्थित सोंघा के समीप बीते रविवार शाम को मोटरसाइकिल दुर्घटना में इटके ग्राम निवासी सुनिल राम व राजू राम घायल हो गए। घायलों को पत्रकारों ने एंबुलेंस की मदद से बालुमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात सुनिल राम की स्थित को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार टोंटी पंचायत के दोनों मोटरसाइकिल से काम कर बारियातु से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में अचानक जानवर से टकरा जाने के कारण यह दुर्घटना हुई।

## अलग-अलग दुर्घटना में दो गंभीर, एक रेफर

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क पर सोमवार को हुए दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गये। पहली घटना सियानी उर्फ मधवापुर के समीप पल्सर व बोलेरो में हुए टक्कर में सिमरिया थाना क्षेत्र के खपिया निवासी दो पहिया चालक 38 वर्षीय मो. रज्जाक पिता अजीज अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं उडसु मोड़ के पास दोपहिया वाहन चालक केरेडारी थाना क्षेत्र के पुरनी पेटो निवासी जलेश्वर यादव अनियंत्रित होकर खेत में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज हजारीबाग रेफर कर दिया।

### अव्यवस्था | उप स्वास्थ्य केंद्र में नियमित नहीं बैठते हैं डॉक्टर

# नेतरहाट में बढ़ा मलेरिया का प्रकोप

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
प्रखंड के नेतरहाट में इन दिनों जलजमाव से मच्छरों का आतंक बढ़ गया है। इसके कारण इलाके में मलेरिया बीमारी का प्रकोप बढ़ गया है। आये दिन मलेरिया से ग्रसित मरीजों की संख्या में तेजी आ रही है। ऐसी स्थिति में गरीब मरीजों के उपचार के लिए एक मात्र उप स्वास्थ्य केंद्र नेतरहाट है, परंतु चिकित्सक के नियमित रूप से नहीं बैठने के कारण मरीजों को निजी क्लिनिक या महुआंडाड़ व लोहरदगा जाना पड़ता है। इस संबंध में नेतरहाट

के समाज सेवी सह पूर्व पंसस अजय प्रसाद ने बताया कि इतने बड़े नेतरहाट इलाके में नियमित रूप से डॉक्टर स्वास्थ्य केंद्र में नहीं बैठते हैं और न ही रोज उप स्वास्थ्य केंद्र खुलता है।

## डीडीटी का छिड़काव नहीं होने से बढ़ रही परेशानी

जलजमाव के कारण मच्छर का प्रकोप बढ़ गया है। खानापूर्ति के लिए कहीं-कहीं डीडीटी का छिड़काव किया गया है। इसका नियमित रूप से छिड़काव करने से नेतरहाट वासियों को राहत मिलती। इस संबंध में प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो ने कहा कि मलेरिया नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य कैंप आयोजन कर डीडीटी छिड़काव कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

# जश्ने ईद मिलाद-उन-नबी को लेकर होंगे कई कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। महुआंडाड़**
डिपाटोली में इमाम बाड़ा के समीप मंगलवार को नमाज इशा जश्ने ईद मिलाद-उन-नबी को लेकर अजीमुश्शान जश्ने आमदे मुस्तफा जलसे का प्रोग्राम रखा गया है। यह जलसा इशा नमाज के बाद फौरन शुरू कर दिया जाएगा। इंतजामिया कमेटी के सदस्यों ने बताया कि इस जलसे में मेहमाने खुशुसी के तौर पर जनाब मोहम्मद इनआमूल कादरी रब्बानी अलीमी, शायरे इस्लाम जनाब शफात मंजर लोहरदगवी, शकलैन हैदर पलामूवी, शयदा पलामूवी रांची और नकीबे अहले सुन्नत गुलजार अंबर झारखंडवी तशरीफ ला रहे हैं। वहीं रौनकें स्टेज जामा मस्जिद के मोहतमिम मुफ्ती मोहम्मद शब्बिर सहर कादरी, मुफ्ती मोहम्मद शब्बर जया कादरी, कारी गुलाम अहमद रजा हाफिज नदीम अख़्तर, एजाज अहमद वहीं मस्जिदें गौसिया से कारी मुन्नवर सईद कादरी गुलाम सरवर फैजी कारी शमशीर रजा, हाफिज खुर्शीद आदि शामिल हैं। इसमें इलाके के दीगर ओलमाए एकराम व इमाम व खतीब भी तशरीफ ला रहे हैं। वहीं बुधवार को बाद नमाज मगरिब जामा मस्जिद में शिरातुल नबी व बाद नमाज इशा नात व तकरीर का ईनामी मुकाबल का आयोजन किया जाएगा। बृहस्पतिवार को सुबह 7:30 बजे से जुलूसे मोहम्मदी का आयोजन होगा।

### पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाया गया करम त्योहार, पीडीजे ने कहा

# हमारे पर्व-त्योहार सभी को आपस में मिल जुलकर रहने का देता है संदेश

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

थाना क्षेत्र स्थित पुलिस लाइन बक्सीडीपा में पुलिस मेंस एसोसिएशन व पुलिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में प्राकृतिक पर्व करम धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं महिला पुलिस कर्मियों द्वारा करम डाली का पूजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल एवं पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने पूजा स्थल पर पहुच कर पुलिसकर्मियों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर पीडीजे ने कहा कि पर्व-त्योहार आपस में प्रेम और भाईचारा के साथ मिल जुलकर रहने का संदेश देता है। सभी लोग शांति व सौहार्द के साथ खुशी से त्योहार मनायें और आपस में एक साथ मिल जुलकर रहने का प्रयास करें। वहीं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पर्व-त्योहार के दौरान हुड़दंग न करें और सोशल मीडिया या अन्य किसी भी तरह से गलत पोस्ट कर अफवाह न फैलायें। कहा कि शांति भंग कर पर्व-त्योहार में माहौल बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से शांति व सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील की। मौके पर सार्जेंट मेजर सुरेश कुमार ओझा, पुलिस निरीक्षक मंटु कुमार मौजूद थे।

## हर्षोल्लास से मनाई गई करम पूजा

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय सहित सभी गांवों में धूमधाम के साथ करम पर्व मनाया गया। गांव के पहान, पुजार व महतो सहित ग्रामीणों द्वारा करम डाली काट कर लाया गया। करम डाली लाकर अखरा सहित अन्य जगहों पर करम डाली को स्थापना किया गया।इस मौके पर करम डाली के स्वागत में खास गाना धुस्का देबौ,पुआ देबाऊ करम डाली के गया गया। मौके पर खाश कर बच्चियों ने करमा डाली को पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर अखरा सहित निजी घरों में स्थापित किया गया। इसके बाद सुबह से उपवास में रही बच्चियों के साथ ग्रामीणों ने पूजा में शामिल होकर करमा धर्मा दो भाइयों की कहानी सुनी। करमा पूजा में शामिल बरतियों को अपने अपने भाईओं ने गोद मे उठाकर पूजा स्थल तक लाए, यह दृश्य बड़ा ही मनोरम व मन को शांति देने वाला हुआ करता है। करमा को लेकर प्रखंड के धनामुंजी, गड़रपो, कसपुर, आकाशी, उदरंगी, भंडरा, भौरों, सेमरा, पलमी, जमगाई आदि गांवों में उत्साह का माहौल देखा गया ।

# गणेश पूजा समिति के भक्ति जागरण में भजनों पर देर रात तक झूमे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

नवयुवक संघ गणेश पूजा समिति भंडरा के द्वारा गणेश पूजा के शुभ अवसर पर रविवार संध्या में रंगारंग भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इसमें रांची के भक्ति जागरण समूह के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन एवं भक्ति गाना प्रस्तुत किया गया। सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता के द्वारा थाना प्रभारी भंडारा गौतम कुमार को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। भक्ति गीत के कलाकार विष्णु के द्वारा गणेश वंदना गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद स्वीटी राज एवं रीना कुमारी ने एक से बढ़कर एक भक्ति गाना गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वाद्य यंत्र में इनका साथ ललन, प्रकाश एवं रवि ने दिया। रात भर लोग भक्ति गीत में झूमते नाचते रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने में अमर साहु, राजेश भगत, सानियाल यादव, पंकज यादव, सुरज ठाकुर, रौशन गुप्ता आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भंडरा में धूमधाम से हुआ गणपति विसर्जन

भंडरा में नवयुवक संघ गणेश पूजा समिति के तत्वावधान में गणेशोत्सव के अवसर पर विगत रात जागरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गौतम कुमार, विशिष्ट अतिथि किशोरी मोहन शर्मा व राजु शर्मा थे। रांची से आये सांस्कृतिक कलाकारों ने भक्ति गानों पर लोगों को रात भर भक्तिरस में डुबोए रखा। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम पूजा के दौरान ही होना था। लेकिन बारिश के कारण नहीं हो पाया था। इस गणेशोत्सव कार्यक्रम में आनंद दुबे, श्रीकांत गुप्ता, राजेश भगत, सूरज ठाकुर, भास्कर यादव, रोशन कुमार सहित अन्य युवाओं ने योगदान दिया।

# आपकी उम्मीदों पर हर वक्त उतरूंगा खरा : डॉ. इरफान

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उदरंगी में अंजुमन ए इस्लामिया चेहल्लुम कमेटी उदरंगी की जानिब से मेला टांड़ में अस्त्र शस्त्र खेल नुमाइश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इधर खेल नुमाइश कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी और विशिष्ट अतिथि लोहरदगा जिला के पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो, झारखंड आंदोलनकारी सह झामुमो नेता जनाब आजम अहमद, भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार थे। अतिथियों को सम्मानित किया गया।

अंसारी ने कहा कि लोहरदगा के उदरंगी बस्ती में खेल नुमाइश का आयोजन होना बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि हमारी जब भी जरूरत महसूस हो हर वक्त आप सभी के साथ खड़ा रहूंगा। आज भी

### बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाता है चेहल्लुमः टोप्पो

### उदरंगी में अस्त्र-शस्त्र खेल का नुमाइश हुआ

गांवों की विकास अधर में है इसे लेकर हमारी सरकार हेमंत सोरेन की अगुवाई में राज्य के सभी क्षेत्रों में विकास की इबारत लिखने का सराहनीय कार्य कर रही है। टोप्पो ने कहा कि दीन को जिंदा रखने के लिए खुद को मिटाने वाले हजरत इमाम ए हुसैन और हजरत इमाम ए हसन के आदर्शों पर चलकर हमें अपने राष्ट्र के विकास हेतु सभी वर्ग के लोगों को भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। उदरंगी के नौजवान और बड़े बुजुर्ग, नन्हें बच्चों में जो उत्साह और हुनर है काफी काबिले तारीफ है। जब कभी मेरी आवश्यकता हो आपके बीच रात दिन उपलब्ध रहेंगे।

# तेतरतर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने रितेश वर्मा

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के मुद्रिका हाल के प्रांगण में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक किया गया। इसकी अध्यक्षता जयशंकर मिश्रा व संचालन निश्चय वर्मा ने की।बैठक में पिछले वर्ष के आय-व्यय पर चर्चा की गई। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष में धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा -अर्चना की जाएगी। इसमें अध्यक्ष रितेश कुमार (कुणाल), सचिव दिवेश साहू, कार्यकारी अध्यक्ष रितेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष शुभम जायसवाल को बनाया गया है। अध्यक्ष रितेश कुमार ने बताया इस बार शारदीय नवरात्र में दुर्गा पूजा को भव्य रूप से मनाया जाएगा। मौके पर उदय बर्मन, बिरेन्द्र गुप्ता, विकास वर्मा, शशि वर्मा, आशीष गुप्ता, अमित वर्मा, शुभम वर्मा, राजकुमार थापा, राहुल साहू, धनंजय वर्मा, रणधीर सिन्हा, मंटू वर्मा, अनुराग वर्मा आदि लोग मौजूद थे।

# सेन्हा में मिला 12 फीट लंबा अजगर

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा के बदला गांव में 12 फीट लंबा अजगर मिला, जिसे पकड़ कर ग्रामीणों ने वन विभाग को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार सुखसागर पांडेय के तालाब के समीप खेत में करम डाली गाड़ते समय एक सांप को ग्रामीणों ने देखा। पहले तो सभी को लगा कि यह कोई सामान्य सांप है पर कुछ देर में सांप की लंबाई और मोटाई देखकर लोगों को समझ में आ गया कि यह कोई सामान्य सांप नहीं, बल्कि अजगर है। यह अजगर लगभग 12 फीट लंबा था। अजगर को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। कुछ लोगों ने अजगर को पकड़ कर अपनी हिम्मत दिखाने की कोशिश की और डब्लू अंसारी ने साहस का परिचय देते हुए अजगर को पकड़ा। इसके बाद किसी तरह से अजगर को पकड़ कर एक कार्टन बॉक्स में बंद किया गया और इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई। वन विभाग की

टीम मौके पर पहुंचकर अजगर को अपने साथ ले जाकर बक्सीडीपा के सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया। साथ ही ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि कभी भी कोई सांप दिखाई दे तो उसे मारे नहीं बल्कि वन विभाग को सूचना दें। किसी भी सांप के साथ खेलना खतरनाक हो सकता है। बताया गया कि जब अजगर पकड़ा गया तो कई ग्रामीण उसके साथ सेल्फी ले रहे थे। कुछ लोग वीडियो बना रहे थे लेकिन गनीमत रही कि समय पर वन विभाग के लोग पहुंच गए और अजगर को अपने कब्जे में लेकर चले गए। मौके पर वार्ड सदस्य सुखसागर पांडेय, लाल विक्रम नाथ शाहदेव, छोटू, सरोज राम, भागीरथी गोप, अमित पाडेय सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के हहरी मोड़ के समीप ट्रक की चपेट में आने से एक वृद्धा महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के चमडु रुगड़ी टोली निवासी बिरसी देवी उम्र 60 वर्ष के रूप में किया गया है। जानकारी के अनुसार बिरसी देवी अपनी पुत्री सनीयारो देवी के घर नवडीहा महुआ टोली से अपने घर चमडु रुगड़ी टोली करम पर्व मनाने के लिए जा रही थी। इसी बीच हहरी मोड़ के समीप ट्रक की चपेट में आ गयी। इससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंच ट्रक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतिका बिरसी देवी दो दिन पूर्व ही अपने बेटी सनीयारो देवी के घर घाघरा प्रखंड के नवडीहा महुआ टोली आयी थी।

### छापामारी में अवैध गिट्टी लोडेड दो हाईवा जब्त

**लोहरदगा।** जिला खनन विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त औचक जांच और छापामारी में अवैध गिट्टी लोडेड दो हाईवा जब्त किए गए। छापामारी की भनक लगते ही नदी घाट से अवैध बालू उत्खनन करने वाले लगभग आधा दर्जन ट्रैक्टर मौके से फरार होने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार बालू और खनिज के अवैध दोहन और परिवहन को लेकर पुलिस और खनन विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसके तहत सदर थाना क्षेत्र के जोरी गांव में रविवार की मध्य रात्रि जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद एवं सदर थानेदार अनिल उरांव द्वारा जांच की गई। जांच में गिट्टी लोडेड दो हाईवा को रोक कर कागजातों की जांच की गई। जांच में हाईवा चालक की ओर से कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया। इस पर हाईवा में लोडेड खनिज को अवैध मानकर खनन विभाग ने जब्त किया। छापमारी से खनिज व बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया। इस संदर्भ में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने बताया कि खनिज और बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाने को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन गंभीर है।

### आम सभा कर डाकघर की दी गई जानकारी

**लोहरदगा।** मुख्य डाकघर में सोमवार को आम सभा रखा गया। इसमें मुख्य रूप से पूर्व वार्ड सदस्य अशोक रजक और रामचरण राम उपस्थित हुए। मौके पर डाक विभाग के बारे में पूर्ण रूप से चर्चा की गई। सभी ने डाक विभाग को आगे बढ़ाने के बारे में चर्चा की। वही आईपीपीबी प्रिंस कुमार दुबे भी इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के बारे में बताया। मौके पर प्रेम किशोर, रामशरण साहू, उप डाकापाल उपेंद्र साहू, रामशरण साहू, एमडी अजहरुद्दीन, अमित कुमार, श्याम सुंदर, योगीराज भारद्वाज, सुधा सिंह, सुरेश साहू, नूतन देवी, सरस्वती देवी, दीपक कुमार, राजदीप मिश्रा, एवं गुमला डिवीजन गुमला-लोहरदगा अध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति विशेष रूप से उपस्थित थे।

### एसोसिएशन ने मनाई दीनदयाल की जयंती

**लोहरदगा।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड एसोसिएशन द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। स्काउट बच्चों के बीच खेल को प्रोत्साहित करने हेतु फुटबॉल एवं जर्सी का वितरण किया गया। एसोसिएशन के राज्य सचिव शांति कुमारी ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही मनीषियों ने गुरुकुल आश्रम शिक्षा व्यवस्था के तहत स्काउटिंग गाइड की शिक्षा दिया जाता रहा है। श्री रामचरितमानस के श्लोक गुरु गृह पढ़ने गए रघुराई अल्पकाल विद्या सब पाई, प्रमाणित करता है। बालक बालिकाओं को देशभक्ति, निपुण, कर्मठ, अनुशासित एवं साहसी बनाने के लिए आंदोलन का नाम हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड एसोसिएशन है। जिला सचिव अनिल उरांव ने कहा कि व्यवहारिक शिक्षा देना ही हमारा साधना है। धन्यवाद ज्ञापन ग्रुप लीडर सुमित उरांव ने किया।

### कैरो भाजपा ने मनाई पं. दीनदयाल की जयंती

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष लखन उरांव की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। मौके पर लखन उरांव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीतिक चिंतक और राजनेता भी थे। मौके पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बजरंग उरांव, जिला कार्यसमिति सदस्य बिशेसवर प्रसाद दिन, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष नसीर आलम, अजय साहु इत्यादि शामिल थे।

# सेवानिवृत्त कर्मियों व पत्रकारों को दी रामचरितमानस

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड कुम्हार समन्वय समिति द्वारा आनंद सरस्वती बाल निकेतन में समाज के सेवानिवृत्त व्यक्तियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मौके पर समाज के लगभग 40 सेवानिवृत कर्मचारियों व जिले के पत्रकारों को श्रीरामचरितमानस पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया।

मौके पर झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने कहा कि समाज में वैसे मार्गदर्शक है जो सेवानिवृत्ति के बाद अपने घरों में तक ही सिमट कर रह गए हैं। उनसे प्रेरणा लेने तथा समाज में उचित मान सम्मान देने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सेवानिवृत कर्मियों के विचार आशीर्वचन के रूप में लेते हुए समाज के विकास में उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा ली गई। मौके पर सेवानिवृत शिक्षक वासुदेव प्रजापति ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में सेवानिवृत्ति के

बाद समाज के साथ-साथ परिवार में भी महत्व घट जाता है लेकिन उनके अनुभव को प्राप्त कर परिवार एवं समाज को बेहतर दिशा में ले जाया जा सकता है। बजरंग प्रजापति ने कहा कि माता-पिता की सच्ची सेवा ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होती है। इस बात को समाज के लोगों को समझने की आवश्यकता है। किरण प्रजापति ने कहा कि महिलाएं घर से बाहर निकले और अपने उत्तरदायित्व को समझें और समाज के विकास में भूमिका निभाएं। कार्यक्रम का संचालन समिति के महामंत्री नागेंद्र प्रजापति व धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष दुर्गा प्रजापति ने किया। मौके पर नेमधारी महतो, जकड़ी राम, बजरंग प्रजापति, दिनेश प्रजापति, किरण प्रजापति, रामदास प्रजापति, भगवत प्रजापति, कमल महतो, देवानंद प्रजापति, दौलत प्रजापति, शिव सागर महतो, विनोद प्रसाद, विनोद प्रजापति, रामदेव प्रजापति, वीरेंद्र प्रजापति, युगल प्रजापति, संजुक्ता देवी, तारावती देवी, बीना देवी, मणिलाल प्रजापति, राधेश्याम प्रजापति, प्रदीप कुमार, शशिकांत प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, अरुण प्रजापति, चंद्र केतु प्रजापति, विपिन प्रजापति, चिंटू कुमार, रवि, भूषण, चंचल प्रजापति, शेखर प्रजापति, संतोष, शक्ति, नंदलाल पंडित, अरविंद कुमार, भूषण प्रजापति मौजूद थे।

# कुडु में मनरेगा कूप निर्माण में बरती गई अनियमितता

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के कुडु प्रखंड के ककरगढ़ पंचायत अंतर्गत ग्राम फुलसुरी में शिव चरण बैठा के मनरेगा कूप निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। कूप निर्माण में लाभुक शिव चरण बैठा द्वारा 34,950 रुपये की राशि की सामग्री की खरीदारी में खर्च की गई। उस राशि को भी तत्कालीन पंचायत सचिव व रोजगार सेवक ने लाभुक को नहीं दिया। लाभुक बाजार से कर्ज लेकर कूप निर्माण कराया था। सोशल ऑडिट टीम ने काकरगढ़ पंचायत का ऑडिट किया तो फुलसुरी निवासी लाभुक शिव चरण बैठा के कूप निर्माण में गड़बड़ी उजागर हुई। कूप निर्माण में कार्य से अधिक बिल की निकासी पंचायत सचिव व रोजगार सेवक ने करवा ली। कूप की गहराई 24 फीट है। चौड़ाई 12 फीट है। कूप का पटाई 10 इंच मोटा किया गया है और 15 इंच मोटाई का बिल बनाया गया है। ऊपर

### लाभुक कर्ज लेकर बनाया कूप, सचिव व रोजगार सेवक ने निकाल ली राशि

में तीन फीट 15 इंच मोटाई दिखाया गया है। राशि की हेराफेरी की गयी है। इस मामले को टीम लीडर राम चरण साहू द्वारा पंचायत जन सुनवाई में भी नहीं लाया गया। प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई में भी मामले को नहीं रखा गया, जो भ्रष्टाचार को दर्शाता है। यह मामले को लेकर मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी से लिखित शिकायत की गयी है। यह मामला तत्कालीन पंचायत सचिव दिलीप लकड़ा के समय का है। इस अनियमितता में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मेट एवं कनीय अभियंता की मिलीभगत बतायी जाती है। बताया कि इनके द्वारा सोशल ऑडिट टीम को मैनेज किया गया। इसी कारण जन सुनवाई में मामला नहीं पहुंचाया गया।

### आयोजन | प्रतियोगिता के दौरान पुलिस की चप्पे-चप्पे पर थी पैनी नजर

# खेल नुमाइश में 21 अखाड़ों ने लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत उदरंगी में आयोजित खेल नुमाइश प्रतियोगिता में लोहरदगा, रांची, गुमला जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 21 टीमों के होनहार खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया।

इस दौरान अस्त्र शस्त्र खेल नुमाइश प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम हयात नगर माराडीह, हिरही कर्बला चौक, गौसिया नगर सेन्हा, गरीब नवाज कुरसे, ख़्वाजा गुलजार नगर लोहरदगा, हसनैन ग्रुप कुर्से, छोटी मस्जिद पंडरा कुडू, नौजवान कमेटी सकरपदा रांची, मदरसा चौक गम्हार टोली, इस्लाम नगर बड़ा अम्बेरा, ईदगाह

मुहल्ला तिगरा, चांदनी चौक टंगरा टोली आकाशी, तिगरा उपर मुहल्ला, सेरेंगहातू तोड़ार, चांदनी चौक करकरी, अंजुमन इस्लामिया बलसोता, शहीद शेख भिखारी सोरंदा बांध टोली, गुलजार मुहल्ला नवाडीह, हुसैनी अखाड़ा बंडा, सुरसा मस्जिद चौक के खिलाड़ियों के द्वारा भाग लेकर एक से बढ़कर एक कलाबाजी को प्रस्तुत किया। इधर अस्त्र शस्त्र खेल नुमाइश प्रतियोगिता के दौरान पुलिस प्रशासन और ड्रोन कैमरा के द्वारा चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रखी गई थी। यहां पर बता दें कि उदरंगी मेला टांड़ पर आयोजित अस्त्र शस्त्र खेल नुमाइश को सफल बनाने में संरक्षक सलमान अंसारी, सदर मुमताज अंसारी, सेक्रेटरी गुलाम मुस्तफा अंसारी, खजांची हसीबुल अंसारी, झामुमो नेता तेवारी उरांव, समाजसेवी असीम टोप्पो, उदरंगी मुखिया परमेश्वर महली, भंडरा मुखिया इंद्रदेव उरांव, समाजसेवी परमेश्वर उरांव, शमशेर आलम, समाजसेवी मंसूर अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, चंदन कुमार साहु, दिलीप साहु, मेराज अंसारी, रूस्तम अंसारी, इलियास अंसारी, अली हसन अंसारी, अशफाक अंसारी के अलावा पूरे ग्राम उदरंगी वासियों का अहम योगदान रहा।

## इंडोर रायफल शूटिंग क्लब का उद्घाटन कल

**लोहरदगा।** जिला रायफल एसोसिएशन के तत्वावधान में बुधवार को अपराह्न 2.00 बजे बलदेव साहू महविद्यालय स्थित इंडोर रायफल शूटिंग क्लब का उद्घाटन किया जाएगा। मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव, डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा, कुलपति रांची विश्वविद्यालय रांची, धीरज प्रसाद साहू सांसद, फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री की उपस्थिति में उद्घाटन समारोह संपन्न होगा। साथ ही मुंबई के प्रसिद्ध कलाकार प्ले बैक सिंगर अमित गुप्ता अपनी पूरी टीम के साथ संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उक्त जानकारी लोहरदगा जिला रायफल एसोसिएशन के महासचिव सूखैर भगत ने दी। उन्होंने सभी लोहरदगा वासियों, प्रबुद्धजनों से उदघाटन समारोह में आने की अपील की है।

# वर्टेक्स हाइड्रोजन ब्रांड का नाम बदलकर ईईटी हाइड्रोजन करेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वर्टेक्स हाइड्रोजन ने घोषणा किया है कि वह अपने ब्रांड को ईईटी हाइड्रोजन में बदल रही है। उसका इरादा एस्सार ऑयल यूके (ईओयूके) की सहायक कंपनी से ईओयूके की एक सहयोगी कंपनी बनने और एस्सार एनर्जी ट्रांजिशन (ईईटी) पोर्टफोलियो का एक स्टैंडअलोन स्तंभ बनने का है। यह परिवर्तन प्रारंभिक चरण के विचार से यूके में अग्रणी हाइड्रोजन उत्पादन परियोजना तक कंपनी के विकास में एक स्वाभाविक प्रगति है। ईईटी हाइड्रोजन 2030 तक लगभग 4 जीडब्ल्यू कम कार्बन हाइड्रोजन प्रदान करने की महत्वाकांक्षा के साथ विकास के लिए एक मंच प्रदान करेगा, जो यूके सरकार के राष्ट्रीय लक्ष्य का लगभग 40 प्रतिशत है। यह हाइड्रोजन व्यवसायों को जीवाश्म ईंधन से कम कार्बन ऊर्जा पर स्विच करने, महत्वपूर्ण उद्योगों और नौकरियों को सुरक्षित करने और बढ़ाने के अलावा अरबों पाउंड के निवेश को अनलॉक करने में सक्षम बनाएगा। एस्सार ने जनवरी 2022 में प्रोग्रेसिव एनर्जी लिमिटेड (पीईएल) के साथ एक परिचालन सहायक कंपनी के रूप में वर्टेक्स हाइड्रोजन लिमिटेड (वीएचएल) की स्थापना की, जिसकी 90 प्रतिशत हिस्सेदारी ईओयूके के पास थी। वीएचएल विशेष रूप से ईओयूके की स्टैनलो साइट पर एचपीपी-1 और एचपीपी-2 कम कार्बन हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र विकसित करने पर केंद्रित था। ये संयंत्र पूरे उत्तर-पश्चिम में हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था और हाईनेट औद्योगिक डी-काबोर्नाइजेशन क्लस्टर के मध्य भाग के लिए उत्प्रेरक हैं। एचपीपी-1 और एचपीपी-2 का कुल आकार 1,350 मेगावाट तक है, एचपीपी-1 को यूके सरकार ने दो प्रारंभिक बड़े पैमाने पर कम कार्बन हाइड्रोजन परियोजनाओं में से एक के रूप में प्रगति के लिए चुना है। वीएचएल का प्रत्यक्ष स्वामित्व और एचपीपी-1 और एचपीपी-2 पर ध्यान केंद्रित है, लेकिन ईईटी हाइड्रोजन की ब्रांडिंग के तहत, जो अन्य हाइड्रोजन से संबंधित व्यवसायों को भी विकसित करेगा। ईईटी हाइड्रोजन के सीईओ जो सीफर्ट ने कहा, ₹हमने पिछले साल अपना हाइड्रोजन व्यवसाय शुरू करने के बाद से बड़ी प्रगति की है। स्वाभाविक रूप से अगला कदम ईईटी हाइड्रोजन के लिए एक स्टैंडअलोन व्यवसाय बनाना है। हम विशाल अवसरों को भुनाना चाहते हैं। यह हमारे हाइड्रोजन प्लेटफॉर्म के भविष्य के विकास का मार्ग प्रशस्त करता है क्योंकि हम महत्वाकांक्षा से कार्रवाई की ओर बढ़ते हैं।

## वीआई फाउंडेशन ने किया टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव 2023 का आयोजन

**रांची।** वीआई की सीएसआर शाखा, वीआई फाउंडेशन ने नासकॉम फाउंडेशन के साथ साझेदारी में अपनी कनेक्टिंग फॉर गुड पहल के तहत टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव 2023 का आयोजन किया। 'कनेक्टिंग फॉर गुड' की छत्रछाया में प्रौद्योगिकी कॉन्क्लेव एक वार्षिक कार्यक्रम है जिसमें नवीन तकनीक-आधारित समाधानों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों को हल करने के लिए प्रौद्योगिकी की भूमिका पर चर्चा करने के लिए डिजाइन किया गया है। वीआई फाउंडेशन का 'कनेक्टिंग फॉर गुड' कार्यक्रम नैसकॉम फाउंडेशन के साथ साझेदारी में कार्यान्वित किया गया है, जो स्वास्थ्य, शिक्षा और आपदा राहत के क्षेत्रों में सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम का उद्देश्य गैर सरकारी संगठनों, नागरिक समाज संगठनों, सीबीओ को नवाचार को बढ़ावा देने, ज्ञान का प्रसार करने और अधिक प्रभाव के लिए उनके हस्तक्षेप को बढ़ाने के लिए सशक्त बनाना है। टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव 2023 में पी बालाजी, निदेशक, वीआई फाउंडेशन और मुख्य नियामक और कॉर्पोरेट मामलों के अधिकारी, वीआईएल ने भाग लिया। निधि भसीन, सीईओ, नैसकॉम फाउंडेशन, डॉ. पृथा दत्ता (संस्थापक, मेराबिजनेट), समीर नागपाल (मुख्य व्यवसाय अधिकारी, स्पाइस मनी), अमृतपाल सिंह (सह-संस्थापक, वैल्यूएपज) और कई अन्य प्रमुख हस्तियां भी शामिल हुई।

## अब बिना चार्जर के ही चार्ज होंगे स्मार्टफोन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्यूआई चार्जिंग तकनीक पुरानी हो गई । जिसमें फोन को एक प्लेट नुमा पैड पर रखना होता है। जिससे बिजली का कनेक्शन जुड़ा होता है। आईफोन 14 में यह था। अब आ गया है क्यूआई2 । क्यूआई2 वायरलेस चार्जिंग के पहले वर्जन का अपग्रेडेड वर्जन है। एपल ने आईफोन 15 सीरीज में क्यूआई2 का सपोर्ट दिया है। क्यूआई2 को क्यूआई2.0 भी कहा जाता है। क्यूआई में फोन को एक चार्जिंग पैड कर रखकर चार्ज करना होता है, लेकिन क्यूआई2 फोन को पैड पर रखने की जरूरत नहीं पड़ती है। क्योंकि यह पूरी तरह वायरलेस चार्जिंग टेक्नोलॉजी है। क्यूआई2 टेक्नोलॉजी में स्मार्टफोन हवा के जरिए एडवांस इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेजोनेंस की सहायता से चार्ज होता है। क्यूआई 2 टेक्नोलॉजी में ट्रांसमीटर व रिसीवर दोनों तरह की क्वाइल का इस्तेमाल होता है। क्यूआई2 टेक्नोलॉजी में जैसे ही कोई स्मार्टफोन ट्रांसमीटर और रिसीवर दोनों क्वाइल की रेंज में आता है , दोनों क्वाइल इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड तैयार कर देते हैं , फिर उसकी मदद से फोन चार्ज होने लगता है। क्यूआई2 परंपरागत वायरलेस चार्जिंग की अपेक्षा बहुत तेज है,इसका उपयोग आसान है। इसमें किसी चार्जर व चार्जिंग केबल की जरूरत नहीं है। लेकिन क्यूआई2 चार्जिंग के लिए भी चार्जिंग स्टेशन बनाने की जरूरत पड़ेगी। क्यूआई2 चार्जिंग स्टेशन का एक दायरा होगा जिसमें आने के बाद फोन अपने आप ही चार्ज होंगे।

### केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने लॉन्च की हाइड्रोजन ईंधन सेल से चलने वाली बस, कहा

## घरेलू मांग चार गुना बढ़ेगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में पहली ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन सेल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन माना जाता है। इसमें भारत को अपने डीकाबोर्नाइजेशन लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने की अपार क्षमता है। वर्ष 2050 तक हाइड्रोजन की वैश्विक मांग चार से सात गुना बढ़कर 50-80 करोड़ टन होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि घरेलू मांग मौजूदा 60 लाख टन से बढ़कर 2050 तक चार गुना बढ़कर 250-280 लाख टन होने की उम्मीद है। मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां 2030 तक सालाना लगभग 10 लाख टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने में सक्षम होंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शीघ्र ही एनसीआर क्षेत्र में अतिरिक्त 15 ईंधन सेल बसें संचालित करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा, ₹हरित हाइड्रोजन से चलने वाली यह बस देश में शहरी परिवहन का चेहरा बदलने जा रही है। मैं राष्ट्रीय महत्व की इस परियोजना की बारीकी से निगरानी करूंगा। पुरी ने कहा कि मंत्रालय ने हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में अग्रणी पहल की है और हम रिफाइनरियों में हरित हाइड्रोजन का उत्पादन और उपयोग करने के अपने प्रयासों में तेजी ला रहे हैं। पुरी ने बताया कि इसके अलावा, प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों में हाइड्रोजन मिश्रण, इलेक्ट्रोलाइजर आधारित प्रौद्योगिकियों के स्थानीयकरण, हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए जैव-मार्गों को बढ़ावा देने से संबंधित परियोजनाओं को आक्रामक रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईंधन सेल बस को बिजली देने के लिए बिजली उत्पन्न करने के लिए हाइड्रोजन और हवा का उपयोग करता है। बस से निकलने वाला एकमात्र अपशिष्ट पानी है। इसलिए यह डीजल से चलने वाली पारंपरिक बसों की तुलना में परिवहन का संभवतः सबसे पर्यावरण अनुकूल तरीका है। मंत्री ने आगे बताया कि आंतरिक दहन इंजन की तुलना में ईंधन सेल अत्यधिक कुशल हैं।

### एप्पल यूजर्स को सरकार की चेतावनी

## तुरंत करें अपडेट करें मैकबुक और आईफोन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम ने एप्पल उपभोक्ताओं के लिए हाई सिक्योरिटी एलर्ट जारी किया है। भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम के अनुसार एप्पल की डिवाइस को हैकर्स किसी भी समय हैक कर सकते हैं। इसके अलावा निजी डाटा चोरी होने का भी खतरा है।भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम ने कहा है कि एपल के सफारी ब्राउजर में वेबकिट ब्राउजर इंजन का इस्तेमाल होता है और इसी इंजन में बग है जिसका फायदा हैकर्स उठा सकते हैं। प्रतिक्रिया टीम के मुताबिक इस बग का फायदा उठाकर आईफोन और एप्पल वॉच को भी हैक किया जा सकता है। इस बग की मदद से यूजर्स के फोन में मैलवेयर भी इंस्टॉल किया जा सकता है।

### 16.6.1 से पहले के एप्पल सफारी वर्जन

इस तरह के बग से बचने का तरीका यही होता है कि आप अपने सिस्टम को अपडेट करें। यदि आपके पास आईफोन है, मैकबुक है या फिर एपल वॉच है तो उसे जितना जल्दी हो सके अपडेट करें।

## विदेश की खबरें

### बांग्लादेश में डेंगू से मरने वालों की संख्या 900 पहुंची

**ढाका।** बांग्लादेश में इस साल अब तक सामने आए 187,725 मामलों में से डेंगू बुखार से 900 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इसका पता स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों से चला है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट में जिक्र है कि स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के आंकड़ों के अनुसार कुल 909 मौतों में सितंबर में 316, अगस्त में 342 और जुलाई में 204 शामिल हैं। डीजीएचएस के अनुसार अगस्त में 71,976 और जुलाई में 43,854 के बाद सितंबर में अब तक डेंगू के 63,917 मामले दर्ज किए गए। दक्षिण एशियाई देश में पिछले 24 घंटों में 16 मौतें और 3,008 अधिक डेंगू संक्रमण दर्ज किए गए। डीजीएचएस ने कहा कि इस साल अब तक देश में ठीक हुए मरीजों की कुल संख्या 176,346 है। जून-सितंबर की मानसून अवधि बांग्लादेश में डेंगू बुखार का मौसम है, जिसे मच्छर जनित बीमारी के लिए उच्च जोखिम वाला देश माना जाता है।

## यमन में सैन्य एम्बुलेंस को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट, चार की मौत

**एजेंसी। अदन (यमन)**

यमन के दक्षिण-पूर्वी प्रांत शबवा में एक सैन्य एम्बुलेंस को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट में देश की सरकार के प्रति वफादार चार सैनिकों की मौत हो गई। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर रविवार को बताया कि विस्फोट तब हुआ जब शबवा रक्षा बलों की सैन्य एम्बुलेंस शबवा प्रांत के पूर्वी हिस्से में मुसैना क्षेत्र से गुजरते समय एक विस्फोटक डिवाइस से टकरा गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि मृतक एम्बुलेंस के अंदर एक सैन्य चिकित्सा टीम के सदस्य थे, जो विस्फोट में पूरी तरह से नष्ट हो गया। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि हमला अल-कायदा आतंकवादियों द्वारा किया गया था, जो सरकारी बलों द्वारा उनके खिलाफ चल रहे अभियानों के बावजूद शबवा के दूरदराज के हिस्सों में मौजूद हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों और वीडियो में दिखाया गया है कि एम्बुलेंस पूरी तरह से नष्ट हो गई है, और जहां विस्फोट हुआ, उस क्षेत्र में मलबा बिखरा हुआ है। सऊदी अरब द्वारा समर्थित स्थानीय यमनी सरकारी सेनाएं अक्सर अल-कायदा के साथ संघर्ष करती रहती हैं क्योंकि आतंकवादी समूह यमन के गृहयुद्ध का फायदा उठाकर अपनी पैठ मजबूत करने की कोशिश करता है। यह ताजा हमला यमन में जारी संघर्ष और अस्थिरता के बीच हुआ है। अभी तक किसी भी समूह ने विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। यमन 2014 से विनाशकारी गृहयुद्ध में उलझा हुआ है। हूथी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यमनी सरकार के खिलाफ लड़ रहे हैं। सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 2015 में यमनी सरकार के समर्थन में संघर्ष में हस्तक्षेप किया।

### म्यांमार में पांच लाख से अधिक उत्तेजक गोलियां जब्त की गईं

**यांगून।** पूर्वी म्यांमार के शान प्रांत में पुलिस ने पांच लाख से ज्यादा उत्तेजक गोलियां जब्त की हैं। नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर नियंत्रण के लिए जिम्मेदार केंद्रीय समिति ने यह जानकारी दी। समिति ने रविवार को बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, संयुक्त मादक द्रव्य-रोधी टास्क फोर्स ने शुक्रवार को नम्हकम टाउनशिप में संदिग्ध के घर पर छापा मारा और 26.7 करोड़ क्याट (लगभग 1.3 लाख डॉलर) से अधिक मूल्य की 5,34,000 उत्तेजक गोलियां मिलीं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की के अनुसार, समिति ने बताया कि इसी तरह शनिवार को पुलिस ने उत्तरी म्यांमार के काचिन राज्य के मायित्किना टाउनशिप में एक संदिग्ध द्वारा चलाई जा रही मोटरसाइकिल की तलाशी ली और 1,900 उत्तेजक गोलियां और 297 ग्राम हेरोइन जब्त की। समिति ने कहा कि संदिग्धों पर दक्षिण पूर्व एशियाई देश के नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ कानून के तहत आरोप लगाए गए हैं।

## बर्मन परिवार ने रेलिगेयर एंटरप्राइजेज के लिए खुली पेशकश की घोषणा की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बर्मन परिवार से संबंधित संस्थाओं ने सोमवार को रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के सार्वजनिक शेयरधारकों के लिए आरईएल की वोटिंग शेयर पूंजी का 26 प्रतिशत तक अधिग्रहण करने के लिए एक खुली पेशकश की घोषणा की। खुली पेशकश परिवार की हिस्सेदारी बढ़ाने और आरईएल का नियंत्रण लेने के इरादे से की गई है। यह सेबी विनियमों के अनुसार आयोजित किया जाएगा। बर्मन परिवार, अपनी समूह संस्थाओं के माध्यम से, फिलहाल आरईएल में सबसे बड़ा शेयरधारक है, और एम.बी. फिनमार्ट प्राइवेट लिमिटेड, पूरन एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड, वीआईसी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, और मिल्की इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी के माध्यम से 21 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। इस पर डॉ. आनंद सी बर्मन, चेयरमैन एमेरिटस, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहाः ह्लप्रस्तावित ट्रांजैक्शन एक अग्रणी वित्तीय सेवा मंच बनाने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है जिसमें उधार, ब्रोकिंग और स्वास्थ्य बीमा सेवाएं शामिल हैं। हम आश्वस्त हैं कि आरईएल सही मंच है और निरंतर सफलता के लिए तैयार है। हमारे मार्गदर्शन से, आरईएल भारत के प्रतिष्ठित वित्तीय सेवा प्लेटफार्मों में से एक बनने की अपनी यात्रा जारी रखेगा।₹25 सितंबर की सार्वजनिक घोषणा में उल्लेख किए गए नियमों और शर्तों के अधीन, सार्वजनिक शेयरधारकों के लिए खुली पेशकश 235 रुपये प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर होगी, जो कुल मिलाकर 2,116 करोड़ रुपये होगी और विस्तृत सार्वजनिक वक्तव्य और प्रस्ताव पत्र में निर्धारित किया जाना है जिसे सेबी (एसएएसटी) विनियमों के अनुसार जारी करने का प्रस्ताव है। सेबी (एसएएसटी) विनियमों के प्रावधानों के अनुसार, ओपन ऑफर समाप्त होने के बाद अधिग्रहणकर्ता आरईएल का नियंत्रण लेने का इरादा रखते हैं। खुली पेशकश के पूरा होने तक, अंतरिम अवधि के दौरान अधिग्रहणकताओं को आरईएल के निदेशक मंडल में निदेशकों की नियुक्ति करने और सेबी (एसएएसटी) विनियमों के प्रावधानों के अनुपालन के अधीन, आरईएल का नियंत्रण संभालने के लिए सभी उपाय करने का अधिकार सुरक्षित है।

**मामला**

### ब्रिटेन के अस्पताल में भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत

# मौत की जांच करेगा कोरोनर कार्यालय

**एजेंसी। लंदन**

ब्रिटेन के एक अस्पताल से 30 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत का मामला सामने आ रहा है। यह घटना पिछले महीने की है। इस मामले में कोरोनर कार्यालय की जांच शुरू हो रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक के पिता का कहना है कि अगर परिवार को दूसरी मेडिकल राय का अधिकार दिया जाता तो उन्हें बचाया जा सकता था। गार्जियन अखबार ने सोमवार को बताया कि 58 वर्षीय जय पटेल ने कहा कि जब उनका बेटा बलराम बीमार पड़ गया, तो उसे अनुपयुक्त उपचार दिया गया और वरिष्ठ चिकित्सकों से दूसरी राय लेने से इनकार कर दिया गया, जिसे ब्रिटेन में मार्था के नियम के रूप में जाना जाता है। नियम मरीजों और उनके परिवारों को उसी अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सकों से दूसरी राय लेने का कानूनी अधिकार देता है, यदि उन्हें लगता है कि उनकी चिंताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है और यदि मरीज की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। जय ने कहा कि बलराम के फेफड़ों की हालत सही नहीं थी और 9 अगस्त को लंदन के सेंट थॉमस अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई, उन्होंने कहा कि कोरोनर कार्यालय उपचार में देखभाल और देरी के संबंध में एक जांच शुरू कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, अस्पताल के अधिकारियों ने बलराम की मौत का कारण पल्मोनरी एडिमा (फेफड़ों में तरल पदार्थ का निर्माण) का उल्लेख तब किया, जब जय ने कोरोनर के कार्यालय में हस्तक्षेप किया। यूके सरकार की वेबसाइट के अनुसार, कोरोनर का कार्यालय उन सभी मौतों की जांच करता है जहां मौत के कारण अज्ञात है। यूके की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा को दोषी ठहराते हुए, जय ने कहा कि बलराम कई विकलांगताओं से पीड़ित था और विकास में देरी हो रही थी। वह दर्द में बहुत अनुचित तरीके से अपने समय से पहले ही पीड़ित होकर मौत के मुंह में समा गया। जय ने गार्जियन को बताया, ह्लमैं अपने बच्चे को खोने से बहुत दुखी हूं। मैं वह नहीं कर सका जो इसे बदलने के लिए आवश्यक था और मैंने हर चीज की कोशिश की।" पटेल ने कहा कि उनका बेटा आधा काम कर रहे दिल के साथ पैदा हुआ था। अस्पताल में ओरल डाइयुरेटिक्स का इलाज किया गया था। लेकिन, वो काम नहीं कर रहा था। डॉक्टरों ने अंतःशिरा (आईवी) लेना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, कोविड के प्रकोप के कारण, जिला नर्सों को घर पर आईवी डाइयुरेटिक्स देने के लिए नहीं पाया जा सका।

### त्योहारी सीजन में अमेजन फैशन ने ट्रेंडी कलेक्शन लाया

**रांची।** अमेजन फैशन त्योहारों से ठीक पहले प्री-फेस्टिव पेशकश की विशाल रेंज लेकर आया है। आगामी त्योहारी सीजन में ग्लैमरस दिखने के लिए यहां से आप कुर्ता, कुर्ता सेट, शर्ट, साड़ी, लहंगा, मेकअप, स्किनकेयर, परफ्यूम आदि जैसी विभिन्न कैटेगरी में प्रोडक्ट खरीद सकते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, फैशन एवं ब्यूटी के प्रेमी उत्सव से पहले अपनी तैयारियों की शुरूआत कर सकते हैं और स्टाइलिश जूते, बेहतरीन एक्सेसरीज, खूबसूरत घड़ियां और बेहतरीन लगेज सेट की एक श्रृंखला में से खरीदारी कर अपना पर्फेक्ट लुक पा सकते हैं। त्योहार से पहले जश्न की भव्य शुरूआत करने के लिए, अमेजन फैशन 'द एथनिक वीक'के तीसरे संस्करण की शुरूआत कर रहा है। इस एथनिक वीक में टॉप एथनिक ब्रांडों और स्टाइल्स की साड़ी, कुर्ता सेट, लहंगा चोली, बॉटम्स और फ्यूजन वियर की एक खास तौर पर तैयार की गई रेंज पेश की जाएगी।

## कमजोर सेंटीमेंट के बीच निफ्टी सपाट बंद

**एजेंसी। मुंबई**

निफ्टी नफे और नुकसान के बीच उतार-चढ़ाव के साथ सोमवार को आखिरकार 19,675 पर बंद हुआ। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, व्यापक बाजार सकारात्मक थे और निफ्टी मिड-कैप100 0.7 प्रतिशत ऊपर था, जबकि निफ्टी स्मॉल-कैप100 सपाट बंद हुआ। निफ्टी50 सपाट होकर 19,674.55 पर बंद हुआ, वहीं सेंसेक्स लगभग 15 अंक या 0.02 प्रतिशत बढ़कर 66,023.69 पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से यह मिश्रित स्थिति रही और रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और वित्तीय सेवाओं में खरीददारी देखी गई। खेमका ने कहा, हाल के हफ्तों में बाजार दबाव में आ गए हैं। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने भविष्य में और अधिक दरों में बढ़ोतरी का संकेत दिया है। इसके साथ ही एफआईआई द्वारा लगातार बिकवाली, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी ने निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित किया है। हमें उम्मीद है कि इस सप्ताह मासिक एफएनओ समाप्ति से पहले सतर्कता और भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर आउटपुट जैसे आर्थिक आंकड़ों के बीच बाजार में कमजोरी बनी रहेगी। अगस्त महीने की यूएस/यूके की दूसरी तिमाही के जीडीपी डेटा और यूएस/चीन मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई डेटा जारी किया जाएगा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार की मिली-जुली तस्वीर रही। रियल्टी, बैंकिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स जैसे क्षेत्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि आईटी और फार्मा पिछड़ गए। निवेशक कुछ और सोच रहे हैं। वैश्विक

**विश्वास रखिये, अगर आप किसी के लिए निःस्वार्थ भाव से कुछ अच्छा करेंगे, तो कहीं ना कहीं आपके लिए बहुत कुछ अच्छा जरूर हो रहा होगा।**

**- अज्ञात**



# बालिका शिक्षा की बदहाली

**हमारा** समाज पुरुष-शासित है। यहां माना जाता है कि पुरुष बाहर जाएं तथा अपने परिवारों के लिए कमाएं। महिलाओं से अपेक्षा की जाती है कि वे घर में रहें और परिवार की देखभाल करें। पहले इस व्यवस्था का समाज में सख्ती से पालन किया जाता था। आज भी थोड़ी-बहुत ऐसी मानसिकता देखी जा सकती है। जनसंख्या के मामले में भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा राष्ट्र है और भारत में लड़कियों की शिक्षा की दर बहुत कम है। लड़कों की तरह लड़कियों को भी विभिन्न प्रकार की शिक्षा देना जरूरी है। उनकी शिक्षा इस तरह से होनी चाहिए कि वे अपने कर्तव्यों को उचित तरीके से पूरा करने में सक्षम हो सके। यह माता-पिता की भी जिम्मेदारी है कि वे सुनिश्चित करें कि उनकी कन्याएं भी अनिवार्य रूप से विद्यालय जाएं।

भारत के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हाल ही में ग्रामीण भारत में प्राथमिक शिक्षा की स्थिति 2023 रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में दिए गए आंकड़े स्पष्ट तौर पर यह बताते हैं कि भारत के गांवों में अब बालिका शिक्षा को लेकर उत्साह बढ़ रहा है। सर्वेक्षण में यह दावा किया गया है कि आज भारत के 78 प्रतिशत ग्रामीण माता, पिता चाहते हैं कि उनकी बेटी ग्रैजुएशन या इससे आगे की पढ़ाई करे, जबकि 82 प्रतिशत अभिभावक अपने लड़कों को स्नातक या उससे आगे पढ़ाना चाहते हैं।

**हाल ही में जारी ग्रामीण भारत में प्राथमिक शिक्षा की स्थिति 2023 रिपोर्ट बताती है कि प्राथमिक स्तर पर पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों में तीन चौथाई बालिकाएं और एक चौथाई बालक हैं, जो साफ तौर पर जाहिर करता है कि प्राथमिक स्तर पर गर्ल्स ड्रॉपआउट का अनुपात लड़कों की तुलना में ज्यादा है।**

सर्वेक्षण में दिए ये आंकड़े भारत में बालिका शिक्षा को लेकर बदलते नजरिए को उजागर करते हैं, लेकिन देखा जाए तो आज भी देश की आधी आबादी को शिक्षित करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की राह में तमाम चुनौतियां हैं। बच्चियों की पढ़ाई की राह इतनी आसान आज भी नहीं है। इसी सर्वेक्षण में यह भी बताया गया है कि प्राथमिक स्तर पर पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों में तीन चौथाई बालिकाएं और एक चौथाई बालक हैं, जो साफ तौर पर जाहिर करता है कि प्राथमिक स्तर पर गर्ल्स ड्रॉपआउट का अनुपात लड़कों की तुलना में ज्यादा है। शिक्षा विशेषज्ञों की मानें तो आज भी भारत के कई गांव ऐसे हैं जहां हायर एजुकेशन के लिए स्कूल नहीं हैं। इतना ही नहीं, बच्चियों की पढ़ाई का स्तर क्या है इसे एक सर्वे रिपोर्ट से और समझा जा सकता है। भारत के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी एक रिपोर्ट से यह पता चला कि वर्तमान में भारत के करीब 6.57 प्रतिशत गांवों में ही वरिष्ठ माध्यमिक कक्षा 11वीं और 12वीं यानी हायर एजुकेशन के लिए स्कूल हैं। देश के केवल 11 प्रतिशत गांवों में ही 9वीं और 10वीं की पढ़ाई के लिए हाई स्कूल हैं। यदि राज्यवार देखें तो आज भी देश के करीब 10 राज्य ऐसे हैं जहां 15 प्रतिशत से अधिक गांवों में कोई स्कूल नहीं है। गांवों में उच्च शैक्षिक संस्थानों की कमी के कारण माता, पिता बालिकाओं को बेसिक एजुकेशन के लिए स्कूलों में भर्ती ही नहीं करते। अगर एडमिशन करा भी दिया तो स्कूल दूर होने के कारण उसे प्राइमरी तक पढ़ाने के बाद घर बैठा लेते हैं क्योंकि हाई स्कूल और इंटर की पढ़ाई उनके गांवों में उपलब्ध नहीं होती।

केंद्रीय शिक्षा विभाग की ओर से किए गए सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार गांवों के लगभग 37 प्रतिशत माता-पिता ने इस बात को माना है कि पारिवारिक कामों में हाथ बंटाने के कारण इनकी बेटियों को पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ती है। इसके साथ ही 21.1 प्रतिशत अभिभावकों ने ये माना कि लड़की परिवार की घरेलू जिम्मेदारियों में अहम भूमिका निभाती है। मां के काम करने, बीमार रहने, छोटे भाई-बहनों की देखभाल करने की जिम्मेदारी के कारण बेटियां अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देती हैं।

# पर्यटन ही है शांति व जीवन मुस्कान का जरिया

ललित गर्ग

***विश्व*** पर्यटन दिवस हर साल 27 सितंबर को मनाया जाता है। वर्ष-2023 की विश्व पर्यटन दिवस की थीम 'पर्यटन और हरित निवेश' है। हर साल यूनाइटेड नेशन वर्ल्ड टूरिज्म ओरगेनाइजेशन द्वारा किसी एक देश को पर्यटन दिवस की मेजबानी के लिए चुना जाता है, 2023 में 'रियाद, सऊदी अरब साम्राज्य' इस महत्वपूर्ण दिन के कार्यक्रमों की मेजबानी कर रहा है। पिछले साल 2022 में बाली, इंडोनेशिया को मेजबान देश (होस्टिंग कंट्री) चुना गया था। आज विश्वस्तर पर युद्ध की स्थितियां गहराई हुई है, हर व्यक्ति महंगाई, बेरोजागारी, बीमारी, महामारी आदि किसी-ना-किसी परेशानी से घिरा हुआ है, भय और जीवनसंकट के इस दौर में ऐसा लगता है मानो खुशी एवं मुस्कान तो कहीं गुम हो गई है। बावजूद इन सबके हर व्यक्ति को अपने जीवन में कुछ समय ऐसा जरूर निकालना चाहिए जिसमें खुशी, शांति एवं प्रसन्नता के पल जीवंत हो सके, इसका सशक्त माध्यम है पर्यटन। खुशियों एवं शांतिपूर्ण जीवन को गले लगाने के लिये पर्यटन पर जरूर निकलना चाहिए। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को वापस लाने में ही मदद नहीं करेगा बल्कि यह किसी भी देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी बनेगा। अनेक कारणों से दुनिया में आर्थिक संकट के बादल मंडरा रहे हैं, इन हालातों हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है उसमें पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। क्योंकि कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और भारत आदि ऐसे देश हैं जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। भारत ने अतीत में अपने कल्पित धन, सांस्कृतिक वैभव, प्रकृति एवं मनोरम छटाओं के कारण बहुत से विदेशी यात्रियों को आकर्षित किया। चीनी बौद्ध धर्मनिष्ठ ह्वेनसांग की यात्रा इसका एक उदाहरण है। तीर्थ यात्रा को सम्राट अशोक और सम्राट हर्ष ने बल देने के लिये अनेक निर्माण करवाये। भारतीय अर्थशास्त्र सरकारों के लिये पर्यटन क्षेत्र के बुनियादी ढाँचे के महत्त्व को इंगित करता है, जिसने अतीत में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के पश्चात पर्यटन क्षेत्र लगातार पंचवर्षीय योजनाओं का हिस्सा बना रहा है। सातवीं पंचवर्षीय योजना के बाद भारत में पर्यटन के विभिन्न रूप जैसे- व्यापार पर्यटन, स्वास्थ्य पर्यटन और वन्यजीव पर्यटन आदि प्रस्तुत किये गये। वर्ष 2021 में विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद की रिपोर्ट में 178.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान के साथ भारत का पर्यटन क्षेत्र विश्व सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में अपने योगदान में छठे स्थान पर है। भारत एक विविधतापूर्ण पर्यटन संभावनाओं एवं समृद्धि वाला देश है और यह सांस्कृतिक, प्रकृति, विरासत, शैक्षिक, खेल, ग्रामीण, पर्यावरण-पर्यटन आदि सहित कई प्रकार के पर्यटन प्रदान करता है। भारत की यह विविधता इसे पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनाती है। भारत में पर्यटन में तेज, अधिक टिकाऊ और अधिक समावेशी विकास को बढ़ावा देने की क्षमता है। विश्व पर्यटन दिवस के लिए 27 सितंबर का दिन चुना गया क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व पर्यटन संगठन का संविधान स्वीकार किया गया था। पर्यटन दिवस को वैश्विक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास हेतु

**यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और भारत आदि ऐसे देश हैं जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है।**

**इन दिनों**

मील के पत्थर के रूप में देखा जाता है एवं इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में इस बात को प्रसारित तथा जागरूकता फैलाने के लिए हैं कि किस प्रकार पर्यटन वैश्विक रूप से दुनिया को एक परिवार के रूप में विकसित करते हुए सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा आर्थिक मूल्यों को तथा आपसी समझ बढ़ाने में सहायता कर सकता है। यह विश्व शांति का मुख्य आधार है। भारत जैसे देशों के लिए पर्यटन का खास महत्व है। देश की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। आज भारत जैसे देशों को देखकर ही विश्व के लगभग सभी देशों में पुरानी और ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण, संवर्द्धन किया जाने लगा है। भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। भारत में अपने लोगों के साथ लाखों विदेशी लोग प्रतिवर्ष भारत घूमने आते हैं। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं। भारत अपनी सुंदरता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। भारत में विभिन्न संप्रदाय-धर्म और जाति के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक धरोहर के कारण भारत दुनिया के प्रमुख पर्यटन देशों में शुमार होता है। यहां के हर राज्य की अलौकिक और विलक्षण विशिष्टताएं हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। उन पर्यटकों के लिए भारत-यात्रा का विशेष आकर्षण है जो शांत, जादुई, सौंदर्य और रोमांच की तलाश में रहते हैं। इन पर्यटकों के लिये भारत में विपुल यात्रा साहित्य अपनी एक विशेष पहचान और उपयोगिता को लेकर प्रस्तुत होता रहा है। अब तक यात्रा साहित्य की दृष्टि से राहुल सांकृत्यायन का 'मेरी तिब्बत यात्रा', डॉ. भगवतीशरण उपाध्याय का 'सागर की लहरों पर', कपूरचंद कुलिश का 'मैं देखता चला गया', धर्मवीर भारती का 'ढेले पर हिमालय' तथा नेहरू का 'आंखों देखा रूस' रामेश्वर टांटिया का 'विश्व यात्रा के संस्मरण', आचार्य तुलसी का यात्रा साहित्य की ही भांति मेरे मित्र श्री पुखराज सेठिया का 'आओ घूमे अपना देश' एक मार्मिक और रोचक यात्रा-वृतांत है। इन यात्रा ग्रंथों में तथ्यपरकता, भौगोलिकता, रोचकता, सरसता और सहजता आदि यात्रा-वृत्त के सभी गुण समाहित हैं। इन ग्रंथों के कारण देश की इन विविधताओं ने ही देश एवं दुनिया के अनेक यायावरी लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया है। इन यायावरी पुरुषों के जीवन का लक्ष्य जीवन की आपाधापी, भागदौड़ से हटकर प्रमुख पर्यटन स्थलों के बीच जीवन के मायने ढूंढ़ना रहा है। इसी सत्य की खोज ने उन्हें ऐसे-ऐसे ऐतिहासिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्थलों से साक्षात्कार करवाया है। इन यात्रा-ग्रंथों में केवल प्रमुख दर्शनीय स्थलों का वर्णन नहीं है बल्कि वहां के लोगों, वहां के खान-पान, वहां की जीवनशैली, वहां के सांस्कृतिक मूल्य, वहां के ऐतिहासिक तथ्य का भी जीवंत प्रस्तुतीकरण है।

## बोधि वृक्ष

***आइये सुनें धर्मराज तथा चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

***वह*** सतगुरु पूर्ण परमात्मा कुछ भी कर सकता है। सभी आत्माओं को यम के14 करोड़ दूतों के चंगुल से छुड़ाने की शक्ति रखने वाले सतगुरु की शरण लेनी चाहिए जिनसे मृत्यु भी डरती है **ऊत भूत जम त्रास निवारे, चित्रगुप्त के कागज फारै**

सरलार्थ : - सतगुरु ऊत - भूत तथा जम ( जम = काल ) की त्रास ( पीड़ा = संकट ) को समाप्त कर देता है। ऊत - भूत उसको कहते हैं जो व्यक्ति निःसंतान मर जाता है , उसको ऊत ( बिना औलाद का ) कहते हैं। फिर वह भूत बन जाता है और लोगों को परेशान करता है लेकिन ऊत - भूत किसी भी सेवड़े या तान्त्रिक से काबू नहीं आता , परंतु सतगुरु कबीर जी या उनके प्रतिनिधि संत से डरकर स्थान छोड़ जाता है। सतगुरु कबीर जी चित्रगुप्त ( पौराणिक कथा है कि जीव के साथ चित्र तथा गुप्त नाम के दो फरिश्ते रहते हैं। वे जीव के सर्व कर्म लिखते रहते हैं। जिन कर्मों के आधार से जीव कर्म भोग भोगता है। ) के खराब कर्म (लेख) के कागज फाड़ देता है। जिस कारण से जीव को पाप कर्मों का संकट भोगना नहीं पड़ता अर्थात साधक सुखी हो जाता है।

**काल डरै करतार से, जय-जय-जय जगदीश। जौरा जोड़ी झाड़ता, पग रज डारे शीश।। गरीब, काल जो पीसे पीसना, जौरा है पनिहार।**
**ये दो असल मजदूर हैं, सतगुरू कबीर के दरबार।।**

गरीबदास जी कहते हैं कि काल भी सर्वशक्तिमान कबीर परमात्मा से डरता है और कबीर साहेब के भक्तों को नहीं ले जा सकता। उसे परमात्मा की अनुमति लेनी पड़ती है। यम और मृत्यु सतभक्ति करने वाले भक्तो के निकट नहीं आते।

***(क्रमशः)***

# अच्छा होगा पर्यावरण तो अच्छा होगा स्वास्थ्य

योगेश कुमार गोयल

***पर्यावरणीय*** स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से गहरा संबंध है। हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाये रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किये जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किये जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ये सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं। बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफ तबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल प्रदेश , उत्तराखंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है। पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरुकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितंबर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्यः हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया जा रहा है जबकि 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाय ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरुकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। दरअसल पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और

**वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं।**

**पर्यावरण**

पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है। बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है।

**फोटो की दुनिया**

**फेसबुक वॉल से**




# वीर शिवाजी की जगदंबा तलवार कब आयेगी लंदन से

***राष्ट्रीय*** अस्मिता की आन-बान-शान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध भाजपा नीत केंद्र सरकार की कोशिश से छत्रपति शिवाजी महाराज के बाघ नख के लंदन से आने का मार्ग प्रशस्त होने के साथ बड़ा सवाल यह पूछा जा रहा है कि क्या जगदंबा तलवार को लाने की कोशिश भी की जायेगी। लोगों का सवाल पूछना जायज है। वह इसलिए कि मोदी है तो सब मुमकिन है। इसलिए देश की उम्मीदें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बढ़ जाती हैं। बाघ नख भारत के गौरव का प्रतीक है। शिवाजी महाराज ने 1659 में इसी से ही बीजापुर सल्तनत के सेनापति अफजल खान को मौत के घाट उतारा था। यह बाघ नख राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। वह छत्रपति शिवाजी के शौर्य, साहस और पराक्रम की प्रतीक है। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार कह चुके हैं कि ब्रिटेन के अधिकारियों ने अपने एक पत्र में बाघ नख वापस देने पर रजामंदी जता दी है। बाघ के पंजों से प्रेरणा लेकर बना 'बाघ नख' हथेली में छुपाकर अंगुलियों के जोड़ों पर पहना जाने वाले लोहे का हथियार है। इसमें चार नुकीले कांटे होते हैं। इन कांटों से दुश्मन के सीने को निशाना बनाया जाता है। इसके वार से दुश्मन की मौत होना तय मानी जाती है। मजबूत कद काठी के अफजल खान ने शिवाजी महाराज को मिलने के लिए बुलाया था। कहते हैं कि उसकी योजना छोटे कद लेकिन फौलादी इरादों वाले शिवाजी से गले मिलने के बहाने उन्हें बांहों में भरकर जान लेने की थी। मराठा छत्रप ने उसका इरादा भांप लिया। जैसे ही अफजल ने बांहों में भरकर दबाने की कोशिश की, शिवाजी महाराज ने बाघ नख से उसके सीने को चीर दिया। केंद्र की भाजपा नीत राजग सरकार ने इसी वर्ष मई में जानकारी दी थी कि पिछले नौ साल में विभिन्न देशों से करीब 251 प्राचीन कलाकृतियां भारत वापस लाई जा चुकी हैं। 72 और ऐसी कलाकृतियां भारत वापस लाये जाने की प्रकिया में हैं। इनमें शिवाजी महाराज की जगदंबा तलवार भी है। इस जानकारी में कहा गया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार देश की प्राचीन वस्तुओं और कलाकृतियों को दुनियाभर से वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है। 24 अप्रैल तक भारतीय मूल की 251 कीमती वस्तुएं विभिन्न देशों से वापस लाई गईं। इनमें से 238 वस्तुएं 2014 के बाद से वापस लाईं गई हैं। इन कलाकृतियों में करीब 1100 वर्ष पुरानी नटराज मूर्ति और नालंदा संग्रहालय से करीब छह दशक पहले गायब बुद्ध की 12वीं सदी की कांस्य प्रतिमा है। यह ऐतिहासिक तथ्य है कि शिवाजी महाराज के पास तीन तलवारें थीं। इनके नाम थे भवानी, जगदंबा और तुलजा। इनमें से भवानी और तुलजा कहां हैं, इसके बारे में किसी को कोई भी जानकारी नहीं है। दोनों तलवारें करीब 200 साल से गायब हैं। जगदंबा तलवार जरूर लंदन में विक्टोरिया-अल्बर्ट संग्रहालय में है। इस तलवार के वापसी के लिए भी भारत प्रयास कर रहा है। कोशिश यह है कि शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ (वर्ष 2024) के पहले इसे देश लाया जाए। नरेन्द्र मोदी सरकार की कोशिश यह है कि कोहिनूर हीरा, टीपू सुल्तान के बाघ (खिलौना), महाराजा रणजीत सिंह के सिंहासन, भगवान बुद्ध की प्रतिमा और संगमरमर की सरस्वती प्रतिमा को भी जल्द भारत लाया जाए। दुनिया में मशहूर बेशकीमती कोहिनूर हीरा इस समय ब्रिटिश राजपरिवार के पास है। कोहिनूर हीरा 105.6 कैरेट का है। इस हीरे के बारे में कहा जाता है कि इसे न तो कभी खरीदा गया और न ही किसी ने बेचा। इसे या तो युद्ध में जीता गया या फिर किसी शासक ने दूसरे को तोहफे के रूप में दिया। यह हीरा भारत की गोलकुंडा खान से निकला था। ईस्ट इंडिया कंपनी के पास जाने से पहले यह महाराणा रणजीत सिंह के खजाने में था।

कौशिक कृष्ण मेहता

**बाघ नख भारत के गौरव का प्रतीक है। शिवाजी महाराज ने 1659 में इसी से ही बीजापुर सल्तनत के सेनापति अफजल खान को मौत के घाट उतारा था। यह बाघ नख राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है।**

**शिवाजी**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# हेयर एक्सटेंशन से होने वाले हेयर डैमेज को कम करने के लिए अपनायें ये टिप्स

कई बार हम अपने बालों को बहुत अधिक लंबा व घना दिखाने के चक्कर में बहुत अधिक लंबे और भारी एक्सटेंशन का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इससे बालों को काफी नुकसान हो सकता है। दरअसल, वे आपके नेचुरल हेयर को खींच सकते हैं और उनके टूटने का कारण बन सकते हैं। अपने बालों को स्टाइल करने के लिए हम कई तरह की हेयर एक्सेसरीज का इस्तेमाल करते हैं और हेयर एक्सटेंशन इनमें बेहद आम है। अगर बाल छोटे हैं और आप अपना मनपसंद हेयरस्टाइल नहीं बना पा रही हैं तो ऐसे में एक्सटेंशन आपके काफी काम आएंगे या फिर अगर आपके बाल बहुत अधिक पतले हैं और आप उनमें वॉल्यूम एड करना चाहती हैं तो ऐसे में भी हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल करने के अपने कुछ नुकसान हैं। लेकिन अगर आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाते हैं तो ऐसे में इस हेयर डैमेज को काफी हद तक कम किया जा सकता है-

### क्वालिटी पर करें फोकस

जब आप हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल करना चाहते हैं और उससे होने वाले हेयर डैमेज को कम करना चाहते हैं तो ऐसे में आपको उसकी क्वालिटी पर खासतौर पर ध्यान देना चाहिए। कोशिश करें कि आप किसी अच्छे ब्रांड के रियल ह्यूमन हेयर से बने एक्सटेंशन का ही इस्तेमाल करें। दरअसल, सिंथेटिक एक्सटेंशन के डैमेज होने की संभावना अधिक हो सकती है और यह आपके नेचुरल हेयर के साथ अच्छी तरह ब्लेंड भी नहीं हो पाता है।

### बहुत हैवी हेयर एक्सटेंशन ना लगाएं

कई बार हम अपने बालों को बहुत अधिक लंबा व घना दिखाने के चक्कर में बहुत अधिक लंबे और भारी एक्सटेंशन का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इससे बालों को काफी नुकसान हो सकता है। दरअसल, वे आपके नेचुरल हेयर को खींच सकते हैं और उनके टूटने का कारण बन सकते हैं।

### सही तरह से करें इस्तेमाल

आप हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल किस तरह से करते हैं, इसका असर भी बालों पर बहुत अधिक पड़ता है। एक्सटेंशन लगाते या हटाते समय अपने बालों केा जोर से खींचने से बचें। ऐसा करने से बालों को काफी नुकसान हो सकता है।

### लंबे समय तक पहनने से बचें

हेयर एक्सटेंशन को बहुत अधिक लंबे समय तक पहनने से बचना चाहिए। कई बार हम एक्सटेंशन लगाने के बाद उन्हें काफी देर तक लगा रहने देते हैं या फिर हर दिन हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ऐसा करने से नेचुरल हेयर को काफी नुकसान हो सकता है। इसलिए लगातार एक्सटेंशन न लगाकर अपने नेचुरल हेयर को आराम दें।

❖ मिताली जैन

# थ्रेडिंग करवाने के बाद ना करें ये गलतियां वर्ना स्किन को हो सकता है नुकसान



महिलाएं अपनी खूबसूरती को निखारने के लिए पार्लर जाकर तरह-तरह के स्किन ट्रीटमेंट लेती हैं। इसके साथ ही महिलाएं थ्रेडिंग कराना पसंद करती हैं। थ्रेडिंग से ना सिर्फ आइब्रो को बेहतरीन शेप मिलता है, बल्कि इससे चेहरा भी खिल उठता है। महिलाएं अपनी खूबसूरती को निखारने के लिए पार्लर जाकर तरह-तरह के स्किन ट्रीटमेंट लेती हैं। इसके साथ ही महिलाएं थ्रेडिंग कराना पसंद करती हैं। थ्रेडिंग से ना सिर्फ आइब्रो को बेहतरीन शेप मिलता है, बल्कि इससे चेहरा भी खिल उठता है। बता दें कि कुछ महिलाएं थ्रेडिंग की जगह भी वैक्स का इस्तेमाल करती हैं। तो वहीं कुछ महिलाएं लेजर के माध्यम से अपने आइब्रो की शेप को सही कराती हैं। अगर आप भी थ्रेडिंग कराती हैं, तो इस दौरान कुछ खास बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। बता दें कि थ्रेडिंग के बाद लोग अंजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिसके कारण उनकी स्किन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि थ्रेडिंग के बाद किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। जिससे आपकी त्वचा को किसी तरह की परेशानी ना हो।

**धूप में जाना :** थ्रेडिंग होने के बाद आपकी स्किन ज्यादा संवेदनशील हो जाती है। इसलिए बिना किसी सुरक्षा के धूप में जाने से बचना चाहिए। क्योंकि ज्यादा समय तक धूप में रहने से आपकी स्किन को नुकसान पहुंच सकता है।

**ज्यादा कॉस्मेटिक का उपयोग :** थ्रेडिंग करवाए जाने के बाद स्किन पर ज्यादा कॉस्मेटिक का उपयोग करने से बचना चाहिए। क्योंकि यह आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है। इसकी जगह पर आप अपनी स्किन पर प्राकृतिक, और हल्के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**मालिश करना :** थ्रेडिंग करवाने के बाद स्किन पर मालिश करने या फिर उसे खींचने से आपकी त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। अगर आपको किसी तरह की संवेदनशीलता महसूस होती है, तो आपको स्किन डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

**हाथों को सही से धोएं :** थ्रेडिंग के बाद हाथों को अच्छे से धोना चाहिए। वरना आपकी त्वचा को अनचाहे इंफेक्शन का सामना करना पड़ सकता है।

**ब्लीच से बनाएं दूरी :** थ्रेडिंग के फौरन बाद ब्लीच नहीं करवाना चाहिए। क्योंकि थ्रेडिंग के समय अनचाहे कट लग जाते हैं। ऐसे में इन कट पर ब्लीच लगाने से आपकी स्किन को नुकसान पहुंच सकता है।

**मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल :** थ्रेडिंग बनवाने के बाद मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। इससे थ्रेडिंग के दौरान आने वाले कट से राहत मिलती है।

# फेसवॉश के दौरान की गई ये गलतियां स्किन को पहुंचा सकती हैं नुकसान

अक्सर आपने लोगों को यह कहते जरूर सुना होगा कि कहीं बाहर से आओ तो उसके बाद चेहरे को साफ जरूर करो। हम अक्सर मार्केट से फेसवॉश खरीद लेते हैं। लेकिन इससे चेहरा धोने के दौरान ऐसी कई गलतियां कर देते हैं, जो हमारे लिए परेशानी का कारण बन जाती हैं। अक्सर आपने लोगों को यह कहते जरूर सुना होगा कि कहीं बाहर से आओ तो उसके बाद चेहरे को साफ जरूर करो। क्योंकि फेसवॉश से चेहरे पर जमी गंदगी निकल जाती है। इसके लिए मार्केट में फेसवॉस भी आसानी से मिल जाते हैं। जो स्किन को लाभ पहुंचाते हैं। हालांकि कई बार ऐसा भी देखा जाता है कि बार-बार फेस धोने से कई तरह की दिक्कतें होने लगती है। बार-बार चेहरा धोने से स्किन रफ और रूखी हो जाती है।

हम अक्सर मार्केट से फेसवॉश खरीद लेते हैं। लेकिन इससे चेहरा धोने के दौरान ऐसी कई गलतियां कर देते हैं, जो हमारे लिए परेशानी का कारण बन जाती हैं। हालांकि चेहरा धोना काफी आसान काम लगता है। लेकिन इसी दौरान कुछ लोग अंजाने में ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिसके

कारण उनकी स्किन डैमेज होने लगती है। ऐसे में अगर आपकी भी स्किन डैमेज हो रही है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। फेसवॉश का इस्तेमाल करते वक्त कुछ चीजों को ध्यान में रखना चाहिए।

**फेसवॉश का चुनाव :** अक्सर लोग फेसवॉश खरीदने के दौरान इस बात का ध्यान नहीं रखते हैं कि यह भी स्किन टाइप के हिसाब से आता है। जब हम गलत स्किन टाइप का फेसवॉश इस्तेमाल करते हैं, तो इसका सीधा असर आपके फेस पर दिखता है। इसलिए स्किन टाइप का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है।

**गर्म पानी का इस्तेमाल :** चेहरा धोते समय गर्म पानी के इस्तेमाल से बचना चाहिए। क्योंकि गर्म पानी आपकी त्वचा को सुखाने का काम करती है। इसके साथ ही स्किन ड्राई होने से स्किन पर कई परेशानियां नजर आने लगती हैं।

**स्किन को न रगड़ें :** फेसवॉश को लगाने के दौरान कुछ लोग इसे चेहरे पर ताकत से रगड़ते हैं। इससे आपकी स्किन डैमेज हो सकती है।

**ज्यादा फेसवॉश का उपयोग :** अधिकतम दिन में दो बार ही फेसवॉश को उपयोग करना चाहिए। क्योंकि इससे ज्यादा बार फेसवॉश का इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा सूखी और अनहेल्दी नजर आने लगती है।

**ना करें गंदे तौलिए का इस्तेमाल :** फेसवॉश का इस्तेमाल करने के बाद गंदे तौलिए से चेहरा नहीं पोंछना चाहिए। इससे आपकी स्किन पर गलत प्रभाव पड़ सकता है।

**वेट वाइप्स का यूज :** आपने देखा होगा कि कुछ लोग बार-बार वेट वाइप्स का इस्तेमाल करते हैं। कई बार इसके ज्यादा इस्तेमाल से आपकी स्किन को नुकसान पहुंच सकता है।

❖ अनन्या मिश्रा

# कोरियन ग्लास स्किन पाने के लिए इस घरेलू नुस्खे का करें इस्तेमाल

आजकल कोरियन ग्लास स्किन ब्यूटी ट्रेंड में नजर आ रही है। इसके लिए आपको मार्केट में कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स भी मिल जाएंगे। लेकिन इनके इस्तेमाल से आपकी स्किन को नुकसान पहुंच सकता है। कोरियन ग्लास स्किन पाने के लिए आप इन घरेलू तरीकों को आजमा सकती हैं। आजकल कोरियन ग्लास स्किन ब्यूटी ट्रेंड में नजर आ रही है। इसके लिए आपको मार्केट में कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स भी मिल जाएंगे। इन बाहरी प्रोडक्ट्स में कई तरह के केमिकल पाए जाते हैं। यह शीशे की तरह ग्लो देने की बजाय आपकी स्किन को बेजान बना सकती है। स्किन पर शीशे की तरह ग्लो लाने के लिए आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। आइए जानते हैं कि कोरियन ग्लास स्किन पाने के लिए आप एक घरेलू नुस्खा बताने जा रहे हैं।

### इन चीजों का करें इस्तेमाल

शहद, पपीता

### पपीता इस्तेमाल करने के फायदे

पपीता का स्किन पर इस्तेमाल

करने से स्किन की इलास्टिसिटी को बरकरार रखने में सहायक होता है।

पपीते में मौजूद तत्व स्किन की ड्राईनेस को कम करता है और नेचुरल मॉइस्चराइजर का काम करता है।

पपीता स्किन की पिगमेंटेशन को कम करने के लिए फायदेमंद होता है।

### शहद इस्तेमाल करने के फायदे

बता दें कि शहद में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन को हाइड्रेटेड बनाने में मददगार होती है। शहद आपकी त्वचा में इलास्टिसिटी बरकरार रखने में मदद करता है।

### कैसे पाएं कोरियन स्किन

शहद और पपीते का फेस पैक बनाने के लिए पपीते को अच्छे से मिक्सर में मैश कर लें।

फिर इसमें 2-3 चम्मच शहद मिलाएं।

इन दोनों को अच्छे से मिक्स करने के बाद ब्रश की मदद से इसे फेस पर अप्लाई करें।

इस फेस पैक को चेहरे पर 20 मिनट तक लगा रहने दें। फिर पानी की मदद से फेस को धो लें।

आप हफ्ते में 3 बार तक इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं।

इस फेसपैक को अप्लाई करने से आपका फेस शीशे की तरह ग्लो करने लगता है।

## सूडोकु नवताल- 6834

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6833 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**26 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 07.27 बजे से |
| चंद्र | मकर में | वृश्चिक | 09.42 ब.से |
| मंगल | कन्या में | धनु | 11.58 बजे से |
| बुध | सिंह में | मकर | 14.03 बजे से |
| गुरु | मेष में | कुंभ | 15.50 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | मीन | 17.22 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.53 बजे से |
| राहु | मेष में | वृष | 20.33 बजे से |
| केतु | तुला में | मिथुन | 22.31 बजे से |
| | | कर्क | 00.45 बजे से |
| | | सिंह | 03.01 बजे से |
| | | कन्या | 05.13 बजे से |

**राहुकाल** 3.00 से 4.30 बजे तक

मंगलवार 2023 वर्ष का 269 वां दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु शरद।
विक्रम संवत् 2080 शक संवत् 1945
मास भाद्रपद पक्ष शुक्ला
तिथि द्वादशी 01.46 बजे रात्र को समाप्त। नक्षत्र श्रवण 09.42 बजे को समाप्त। योग सुकर्मा 11.45 बजे को समाप्त। करण बव 15.26 बजे तदनन्तर बालव 01.46 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 10.9 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 01° 03'
सूर्य उत्तरायन कलि अहर्गण 1871748
जूलियन दिन 2460213.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1445
महीना रवि उलावल तारीख 10
विशेष वैष्णव पार्श्व एकादशी, गौण परिवर्तिनी एकादशी, वामन जयंती, भुवनेश्वरी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7896



**बाएँ से दाएँ**

1. अँगरखा-4
3. मान-सम्मान,इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद,नियामत-4
8. केश-2
10. कसम,प्रतिज्ञा,वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. माँड़ी,स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम,केश-2
20. अधिकार,आरोप-2
21. सतह,स्तर,पटल-2
23. लूटपाट,डाका-4
25. सभ्यीकरण,विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनोखा,विचित्र,विलक्षण-3
2. नया,नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन,प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढ़ेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल,कालकोठरी-4
18. शोर,ध्वनि,कंपन्न-3
20. ताप,शवदाह-2
22. यज्ञ,आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

### शब्द पहेली -7895 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | न | ब | न | | सौ | |
| | प | | री | | स | त | ल | ज |
| जि | रा | फ | | द | म | न | | ल |
| | ध | र | ती | | झ | | रा | ज |
| फि | | क | मा | नी | द्या | र | | ला |
| त | न्हा | | र | | र | ह | म | |
| र | | म | द्या | री | | ना | र | द |
| त | र | का | री | | जा | | घ | |
| | | न | | प | न | घ | ट | |

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा।

**वृष राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मिथुन राशि :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कर्क राशि :** राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**सिंह राशि :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**कन्या राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृश्चिक राशि :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**धनु राशि :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे।

**मकर राशि :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी।

**कुंभ राशि :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**मीन राशि :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को गैंगस्टर मामले में दी राहत, सजा रहेगी बरकार

**प्रयागराज।** बाहुबली मुख्तार अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर मामले में बड़ी राहत दी है। उच्च न्यायलय ने गैंगस्टर मामले में अंसारी की जमानत अर्जी मंजूर करने के साथ ही लगाए गए पांच लाख जुमार्ने पर भी रोक लगा दी है। हालांकि, कोर्ट ने सजा पर रोक नहीं लगाई है। सजा पर सुनवाई जारी रहेगी। उच्च न्यायालय के वकील ने बताया कि हाईकोर्ट ने बहस पूरी होने के बाद 20 सितंबर को इस मामले में फैसला सुरक्षित कर लिया था। फैसला न्यायमूर्ति राजवीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनाया है। अंसारी ने गाजीपुर एमपी-एमएलए कोर्ट से मिली 10 साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। गाजीपुर की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने 29 अप्रैल को गैंगस्टर मामले में मुख़्तार को सजा सुनाई थी। उच्च न्यायलय में मुख्तार अंसारी के वकील उपेंद्र उपाध्याय ने डिटेंशन सर्टिफिकेट दाखिल करते हुए बताया था कि मुख्तार अंसारी 12 साल चार महीने से जेल में बंद हैं।

### जेकेएलएफ-हुर्रियत के दस नेताओं की जमानत खारिज

**श्रीनगर।** श्रीनगर की विशेष टाडा कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) और हुर्रियत के 10 नेताओं की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इन सभी नेताओं को पाकिस्तान में बैठे आकाओं के निदेर्शों पर काम करने के आरोप में यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया गया है। यह सभी प्रतिबंधित संगठनों को पुनर्जीवित करने की योजना बना रहे थे।

### ईडी ने केरल में पीएफआई के 12 ठिकानों पर मारे छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से जुड़े धन शोधन के एक मामले में केरल के वायनाड, कोझिकोड और कोच्चि में सोमवार को 12 स्थानों पर छापे मारे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि संगठन, उसके पूर्व नेताओं और अन्य लोगों के परिसरों पर छापे मारे गए। केंद्र ने कथित गैरकानूनी गतिविधियों के कारण पिछले साल सितंबर में संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था और इसके कई नेताओं को गिरफ्तार किया गया था। ऐसा समझा जाता है कि प्रवर्तन निदेशालय कथित आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े वित्तीय लेनदेन के संबंध में जांच कर रहा है।

### भोपाल में कांग्रेस पर जम कर बरसे पीएम मोदी, बोले

# कांग्रेस के पास विजन की कमी

एजेंसी। भोपाल

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला और उसे जंग लगा लोहा तक बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने लाखों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में कांग्रेस की रीति नीति पर जमकर हमले बोले और कहा कि कांग्रेस के पास भविष्य की कोई सोच नहीं है, वह तो विकास से जुड़ी परियोजना की आलोचना में भी पीछे नहीं रहती। पीएम मोदी ने कहा कि वास्तव में कांग्रेस जंग लगा लोहा है जो बारिश में रखा रखा खत्म हो जाता है, अब तो उसमें देश हित का समर्थ ही नहीं बचा है। पहली बार के वोटरों से प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने तो सिर्फ बीजेपी का ही शासन काल देखा है। उन्होंने कांग्रेस का कुशासन, करोडों के करप्शन को नहीं देखा। मध्य प्रदेश वह राज्य है जहां कांग्रेस का कई वर्ष तक शासन रहा। जो संपन्न और समृद्ध प्रदेश था, मगर कांग्रेस ने उसे बीमारू बना दिया था। युवाओं ने वह खराब कानून व्यवस्था, खस्ता हाल सड़कें और अंधेरा नहीं देखा जो कांग्रेस के शासनकाल में था। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को विकास विरोधी करार दिया और कहा कि देश में तेजी से बदलाव आ रहा है, आधुनिक सड़क बन रही है, वंदे भारत जैसी ट्रेन चल रही है, बुलेट ट्रेन की तैयारी है। मगर कांग्रेस को यह पच नहीं रहा है और यही कारण है कि वह हर विकास कार्य की आलोचना करती है। नया संसद भवन बना, उसकी भी कांग्रेस ने आलोचना की, देश में कुछ भी नया हो, उपलब्धि हासिल हो, मगर कांग्रेस को पसंद नहीं आता। देश का हर नागरिक इससे खुश है, लेकिन कांग्रेस को खुशी नहीं है। उन्होंने कहा, कांग्रेस न तो खुद बदलना चाहती है और न ही देश को बदलने देना चाहती है। इससे पहले भोपाल पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने खुली जीप पर सवार होकर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर महिला आरक्षण विधेयक पारित होने पर महिला मोर्चा ने मोदी का भव्य स्वागत किया।

### रोजगार मेले के तहत पीएम आज 51 हजार नियुक्ति पत्र सौंपेंगे

**नई दिल्ली।** पीएम 26 सितंबर को सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त भर्तियों को लगभग 51,000 नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नियुक्त व्यक्तियों को संबोधित भी करेंगे। पीएमओ ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि रोजगार मेला देश भर में 46 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों-केंद्र शासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं। देश भर से चयनित नई भर्तियां डाक विभाग, भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों-विभागों में सरकार में शामिल होंगी। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला आगे रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

### राम लला मंदिर के पास कमल के आकार का बनेगा मल्टीमीडिया शो फव्वारा

# सात पंखुड़ियों वाला होगा फव्वारा

आरपी सिंह। नई दिल्ली

अयोध्या में राम लला मंदिर परिसर से डेढ़ किलोमीटर पर गुप्तार घाट से नया घाट तक 20 एकड़ में , 100 करोड़ रुपये में कमल के फूल के आकार का 50 मीटर ऊपर तक पानी फेंकने वाला मल्टीमीडिया शो फव्वारा बनाया जाएगा। इसके किनारे एक साथ 25 हजार लोग एम्फीथिएटर नुमा व्यवस्था में बैठ फव्वारा शो का मजा ले सकेंगे। इसे डेढ़ साल में बनकर तैयार होने की संभावना है। फाउंटेन की डिजाइन कमल के फूल की तरह होगा, जो भारत का राष्ट्रीय फूल होने के साथ ही भाजपा का चुनाव चिन्ह भी है। कमल फव्वारे में सात पंखुड़ियां होंगी। फव्वारे में केंद्रीय पुल बनाने वाली सात पंखुड़ियों के बारे में कहा जा रहा है कि ये भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का प्रतीक हैं। फाउंटेन के सभी 7 प्रवेश द्वार हिंदू धर्म की सात पवित्र नदियों के प्रतीक होंगे। लोगों के बैठने के लिए फव्वारे के

चारों ओर उपलब्ध एम्फीथिएटर को सात भागों में बांटा जाएगा। फव्वारा कमल के आकार की पंखुड़ियों के तीन स्तरों से बनने वाला है।

पंखुड़ियों के हर स्तर के शीर्ष पर स्प्रे से पानी के बड़े बादल बन जाएंगे। पंखुड़ियों के किनारों पर बहता पानी सीढ़ीदार झरने बनाएगा। दिन के समय यह कई क्रम वाले झरने जैसा होगा। शाम होने के बाद यह एक विशाल मंच में बदल जाएगा तथा शो के दौरान रामायण की दुनिया का अनुभव कराएगा। इसके केंद्रीय पुल का व्यास 100 मीटर है। यहां पर पानी, रोशनी और आवाज को मिलाकर मल्टीमीडिया शो चलेगा। इस पुल के 7 प्रवेश द्वार पर पानी की सुरंगें होंगी।

## भाजपा ने नागालैंड, मेघालय व पुडुचेरी में नये प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की

एजेंसी। नई दिल्ली

जेपी नड्डा ने नागालैंड, मेघालय और पुडुचेरी में पार्टी संगठन में बदलाव करते हुए नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी ने बेंजामिन येपथोमी को नागालैंड, रिकमैन मोमिन को मेघालय और एस. सेल्वगनबथी को पुडुचेरी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा नागालैंड,मेघालय और पुडुचेरी के नए प्रदेश अध्यक्षों की नई संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर अलग-अलग पत्र जारी करते हुए बताया कि यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होगी। पूर्वोत्तर राज्यों में पार्टी संगठन में बदलाव कर उसे और ज्यादा मजबूत करने के मिशन के तहत भाजपा आलाकमान ने नागालैंड प्रदेश भाजपा के अपने वर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष बेंजामिन येपथोमी को नागालैंड भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक और पूर्वोत्तर राज्य मेघालय के पार्टी संगठन में भी फेरबदल करते हुए रिकमैन मोमिन को मेघालय प्रदेश भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी आलाकमान ने पुडुचेरी प्रदेश संगठन में भी बदलाव करते हुए अपने राज्य सभा सांसद एस. सेल्वगनबथी को पुडुचेरी भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### राष्ट्रपति से 2021 बैच के आईएएस अधिकारियों ने की मुलाकात, राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाना आपका सामूहिक लक्ष्य

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को सिविल सेवकों से कहा कि भारत को एक समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाना आपका सामूहिक लक्ष्य है। वर्तमान में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के रूप में तैनात 2021 बैच के 182 आईएएस अधिकारियों के एक समूह ने आज राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस मौके पर राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि आपकी सेवा अधिकार, भूमिका और

जिम्मेदारी किसी भी अन्य सेवा से भिन्न है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह एक सेवा नहीं बल्कि एक मिशन है। यह भारत और उसके लोगों को सुशासन के ढांचे के तहत आगे ले जाने का मिशन है। देश और उसके लोगों की सेवा करना उनकी नियति है। भारत को एक समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाना आपका सामूहिक लक्ष्य है। राष्ट्रपति ने कहा कि आप साथी युवा नागरिकों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी क्षमता का एहसास कराने में सक्षम बनाकर एक बड़ा योगदान दे सकते हैं। उनके पास 2047 के विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का महान अवसर है। वे अपनी प्रतिबद्धता और रचनात्मकता के माध्यम से हमारे देश को बदलने में प्रभावी परिवर्तन-एजेंट बन सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि एक दयालु सिविल सेवक, जिसका दिल गरीबों और वंचितों के लिए धड़कता है, वह एक सच्चा सिविल सेवक होता है। जो केवल एक करियर नौकरशाह से अलग होता है। समाज के वंचित वर्गों के लोगों का उत्थान करना सिविल सेवकों के लिए विश्वास का विषय होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से 'फाइल से फील्ड' और 'फील्ड से फाइल' के बीच के संबंध को समझने का प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह जन-केंद्रित सतर्कता और संवेदनशीलता उन्हें फाइलों के साथ कहीं अधिक सार्थक तरीके से जुड़ने में सक्षम बनाएगी।

## चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, कहा - 'कल आएं'



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया। नायडू ने याचिका में उनके खिलाफ कथित कौशल विकास निगम घोटाले में दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की मांग की है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा से कहा, कल उल्लेख सूची में आइये। हम देखेंगे कि क्या करना है। अधिवक्ता ने याचिका उल्लेख सूची में नहीं होने के बावजूद मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की थी। लूथरा ने शीर्ष अदालत को अवगत कराया कि नायडू 8 सितंबर से हिरासत में हैं और आंध्र प्रदेश में विपक्ष पर अंकुश लगाया जा रहा है।

# राहुल गांधी को हैदराबाद में चुनाव लड़ने की चुनौती देता हूं : औवेसी

एजेंसी। हैदराबाद

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 2024 का लोकसभा चुनाव वायनाड़ की बजाय उनके खिलाफ हैदराबाद से लड़ने की चुनौती दी है। सोमवार को एक रैली में ओवैसी ने कहा, इस बार वायनाड़ से नहीं हैदराबाद में मुकाबला करो। मैं आपको (राहुल गांधी) चुनौती दे रहा हूं कि वायनाड़ मत जाओ, हैदराबाद आओ और चुनाव लड़ो।" उन्होंने कहा, आप बड़े-बड़े बयान देते रहते हैं। मैदान में आएं और मुकाबला करें। कांग्रेस के लोग बहुत कुछ कहते हैं, लेकिन मैं तैयार हूं। आइए और दाढ़ी और शेरवानी वाले इस आदमी का सामना करें। आपको पता चल जाएगा कि प्रतियोगिता का क्या मतलब है। उन्होंने आरोप लगाया, "बाबरी मस्जिद और सचिवालय की मस्जिद को कांग्रेस शासन के तहत ध्वस्त कर दिया गया था।" ओवैसी ने कहा, वही भाजपा सांसद जिसने संसद में बुरा कहा था, वह भी मेरे खिलाफ बोलने के लिए खड़ा हो गया था। मैंने उसे सख्ती से बैठने के लिए कहा। तुम मेरी तीखी जुबान का सामना नहीं कर सकते। कांग्रेस वाले बहुत बातें करते हैं। मैं तैयार हूं। मैं तेलंगाना के लोगों से भी अपील कर रहा हूं कि याद रखें, कांग्रेस के शासनकाल में आम आदमी को परेशान किया गया था, उन पर हमला किया गया था। बड़ी मुश्किल से हमने शहर में शांति सुनिश्चित की है। यह शांति बरकरार रहनी चाहिए। राहुल गांधी ने हाल ही में आरोप लगाया था कि भाजपा, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और एआईएमआईएम राज्य विधानसभा चुनाव से पहले सहयोग कर रहे हैं।

## ट्रैक्टर-ट्रक की टक्कर में एक की मौत, चार घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ट्रैक्टर-ट्रक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, हादसा रविवार-सोमवार की रात 1.39 बजे जीटी रोड पर सीलमपुर की ओर हुआ। हादसे के बाद पांच लोगों को जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्व) जॉय टिर्की ने कहा, शास्त्री पार्क थाने में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ घातक दुर्घटना का मामला दर्ज किया गया है।

## FILMY हलचल

### 'टाइगर 3' से धमाल मचाने के लिए तैयार हैं सलमान खान

**फिल्म** निर्माता यश चोपड़ा की जयंती पर आदित्य चोपड़ा 'टाइगर का मैसेज' जारी करेंगे। एक वीडियो जारी किया जाएगा, जिसे प्रमोशन की शुरूआत माना जा रहा है। यह 'टाइगर 3' के ट्रेलर से पहले का वीडियो होगा। एक सूत्र ने कहा, "यह वीडियो 'टाइगर 3' के ट्रेलर की प्रस्तावना है। इसमें एजेंट टाइगर के रूप में सलमान खान एक महत्वपूर्ण संदेश देंगे।" सलमान वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के ओजी हैं, जिन्होंने इस फ्रेंचाइजी को आकार देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल?म 'टाइगर 3' की सभी पर निगाहें हैं। सूत्र ने आगे कहा, इस दिवाली पर रिलीज होने वाली 'टाइगर 3' से उम्मीदें बहुत ज्यादा हैं। यह प्रसिद्ध वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म है, इसलिए दर्शकों ने अब तक इस बात पर भारी निवेश किया है। 'टाइगर 3', जो 'टाइगर जिंदा है', 'वॉर' और 'पठान' का अनुसरण करती है, एक शानदार एक्शन मनोरंजक है, जिसे लोगों ने पहले स्क्रीन पर नहीं देखा है।

### वेब सीरीज 'मेन्शन 24' में नजर आएंगी अभिनेत्री अविका गौर

**अभिनेत्री** अविका गोर जल्द ही वेब सीरीज 'मेन्शन 24' में नजर आने वाली हैं। अविका ने कहा कि 'राजू गारी गाधी 3' के निर्देशक ओमकार के साथ फिर से काम करना दिलचस्प रहा। अभिनेत्री ने कहा, निर्देशक ओमकार के साथ दोबारा काम करना बेहद दिलचस्प है। मैंने उनके साथ 'राजू गारी गाधी 3' में काम किया, इस तेलुगु फिल्म को काफी सफलता मिली, इसलिए मैं उनके साथ दोबारा काम करके बहुत खुश हूं।" अविका ने कहा, "इस प्रोजेक्ट में, उनके पास कई कहानियां और कई एक्शन हैं और उनकी खूबी हॉरर और थ्रिलर है, जिसे वह दर्शकों के सामने ला रहे हैं।

### शादी के बंधन में बंधे परिणीति चोपड़ा-राघव चड्ढा

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और 'आप' नेता राघव चड्ढा शादी के बंधन में बंध गए हैं। उन्होंने उदयपुर के 'द लीला पैलेस' में शादी की। उनकी शादी में उदयपुर में कई मशहूर हस्तियां और राजनेता शामिल हुए। इस जोड़े ने अभी तक शादी की तस्वीरें शेयर नहीं की हैं, लेकिन उनके रिसेप्शन की एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें दोनों बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। शादी के बाद पति-पत्नी के तौर पर परिणीति और राघव की पहली फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। फोटो में

परिणीति ने हल्के गुलाबी रंग की साड़ी पहनी हुई है और हाथों में उसी रंग की चूड़ियां हैं। उन्होंने बड़ा नेकलेस पहना था और अपने बालों को खुला छोड़ रखा था। उन्होंने अपना मेकअप भी बेहद सिंपल रखा था। इस फोटो में उनके माथे पर एक पिंपल नजर आ रहा है। वहीं, राघव ने ब्लैक सूट पहना था। दोनों की फोटो पर फैंस जमकर कमेंट्स और लाइक्स कर रहे हैं। फैंस उनकी सादगी के कायल हैं। न हैवी मेकअप, न फैंसी ड्रेस, बस सिंपल रिसेप्शन लुक फैंस को खूब पसंद आ रहा है। दोनों की तस्वीरें पैपराजी ने शेयर की हैं। इस बीच, इस साल की शुरूआत में परिणीति और राघव को मुंबई में एक साथ देखा गया था, जिसका वीडियो वायरल हुआ था।

**प्रदर्शन**

### फ्रांसीसी सी-295 विमान वायु सेना के बेड़े में शामिल

# 15 और विमान फ्रांस से आएंगे

### हवाई प्रदर्शन करके भारत की ड्रोन क्षमता दिखाई गई

एजेंसी। हैदराबाद

फ्रांस से भारत को मिला पहला सी-295 परिवहन विमान सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विधि-विधान से पूजा करके वायु सेना के बेड़े में शामिल किया। इससे सेना की रसद तथा अन्य क्षमताओं में बढ़ावा होगा। यह भव्य कार्यक्रम एयर फोर्स के हिंडन एयरबेस पर वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की मौजूदगी में हुआ। उन्होंने रक्षा मंत्री को विमान की इंडक्शन चाबी सौंपी। इसी तरह के 15 और विमान फ्रांस से 'फ़्लाइंग मोड' में आयेंगे और 40 सैन्य परिवहन विमान टाटा कंपनी भारत

में ही निर्माण करेगी।

एयर फोर्स के हिंडन एयरबेस पर आज सुबह भारत ड्रोन शक्ति-2023 कार्यक्रम में विभिन्न क्षमताओं वाले ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री जनरल विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त), वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी के साथ शामिल हुए। यहां 50 किलो से 100 किलो तक वजन ले जाने की क्षमता वाले ड्रोन का अद्भुत प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा किसानों को खेती में काम आने वाले, चिकित्सा सहायता के लिए एक जगह से दूसरी जगह मेडिकल सामग्री पहुंचाने, युद्ध के दौरान बमबारी करने वाले, सीमा पर सैनिकों की अग्रिम चौकियों तक खाद्य एवं रसद सामग्री पहुंचाने वाले ड्रोन का प्रदर्शन किया गया।भारत ड्रोन शक्ति-2023 के दौरान प्रदर्शित ड्रोन की एक कॉम्पैक्ट प्रणाली दिखाई गई, जिसे मोटरसाइकिल पर ले जाया जा सकता है। विशेष मोटरसाइकिलों को बिना असेंबल किए ड्रोन ले जाने के लिए अनुकूलित किया गया है। आधुनिक कृषि पद्धतियों को शुरू करने के लिए किसान ड्रोन को ग्रामीण इलाकों में मोटरसाइकिलों का उपयोग करके ले जाया जा सकता है। भारतीय ड्रोन उद्योग की ताकत का यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन रहा, जिसमें 50 से अधिक लाइव हवाई प्रदर्शन और ड्रोन के 75 से अधिक स्थिर प्रदर्शन शामिल रहे। इस प्रदर्शन में भारत की ड्रोन तकनीक में बढ़ती ताकत दिखी, जिसका मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर और ह्यभारत माता की जयह्ण का उद्घोष करके स्वागत किया। इस भव्य कार्यक्रम के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फ्रांस से भारत को मिला पहला सी-295 परिवहन विमान औपचारिक रूप से वायु सेना के बेड़े में शामिल किया। राजनाथ सिंह ने विधि-विधान से पूजा करके विमान स्वास्तिक का निशान बनाया। यह सैन्य परिवहन विमान फ्रांस की एयरबस कंपनी ने 13 सितम्बर को भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी को स्पेन के सेविले में सौंपा था। इस विमान को वायु सेना के ग्रुप कैप्टन पीएस नेगी फ्रांस से मिस्र और बहरीन होते हुए उड़ाकर 20 सितंबर को भारत लाये और वडोदरा के वायु सेना स्टेशन पर उतारा।

# अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत का मंत्र है दीनदयाल जी का एकात्म मानव दर्शनः बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद दर्शन प्राणिमात्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। इसी में अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत का मंत्र समाहित है। ये बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को 118वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ सबका अंत्योदय का ही सहज सरल रूप है।
कहा कि भाजपा सरकार अपने प्रेरणा पुंज महामानव दीनदयाल जी के सपनो को साकार करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार गांव,गरीब,किसान, मजदूर, महिला दलित वंचित समाज के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू कर तेजी से अंत्योदय के संकल्प को सिद्धि में बदल रही है। उन्होंने कहा कि जनधन खाता, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय निर्माण, उज्जवला गैस योजना,आयुष्मान भारत योजना,पीएम विश्वकर्मा योजना सभी अंत्योदय को समर्पित है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एकात्म मानववाद दर्शन भारत की सनातन संस्कृति विश्व बंधुत्व को साकार करता है। मरांडी ने कहा कि दीनदयाल जी के चिंतन को मजबूती प्रदान करते हुए भारत तेजी से विश्व का अग्रणी विकसित देश बनेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने कहा कि दीनदयाल जी कभी विचारों से डिगे नही। उन्होंने चुनाव हार जाना स्वीकार किया लेकिन जाति के नाम पर वोट मांगना नहीं स्वीकारा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार दीनदयाल जी के विचारों का अनुसरण कर रही। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू ने किया। स्वागत महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में विधायक सीपी सिंह,हेमंत दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक,प्रतुल शाहदेव, मृत्युंजय शर्मा, राकेश भास्कर,संदीप वर्मा,राजीव रंजन मिश्र,सूरज जायसवाल,रामचंद्र केसरी,सुनील साहू,राजेंद्र केसरी संजय जायसवाल,अरुण झा,शोभा यादव,वरुण साहू ,बलराम सिंह,निसि जायसवाल,लक्ष्मी कुमारी,बबिता कुमारी,राजेश चौधरी,अनिल सिंह,चंदन कुमार, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, बिपिन सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल है।

## शहीद अब्दुल हमीद सम्मान समारोह का आयोजन

**रांची।** सामाजिक संस्था कर भला तो हो भला संस्था के द्वारा परमवीर चक्र शहीद अब्दुल हमीद इदरीसी सम्मान समारोह 2023 का आयोजन इदरीसिया काम्यूनिटी के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले लोगों एवं समाज सेवकों को सम्मान किया गया। प्रोग्राम में बतौर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सह कांग्रेस नेता शमशेर आलम थे।
विशिष्ट अतिथियों में पार्षद डॉक्टर साजदा खातून, इदरिसिया 84 के अध्यक्ष मो इस्लाम, सचिव गुलजार हुसैन, इखलाकिया इद्रीसिया पंचायत के मंसूर चिश्ती, जमात इद्रीसिया पंचायत के मो शमीम, सूफी इद्रीसिया पंचायत के मनव्वर हुसैन भुट्टू, चंपा इद्रीसिया पंचायत के मेराजुद्दीन, डोरंडा इद्रीसिया पंचायत आदि विशिष्ट जनों ने कुरान पाक की तिलावत से कार्यक्रम का आरंभ किया।

# एसपी ने किया फ्लाईओवर का निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सोमवार को कांटाटोली में बन रहे फ्लाईओवर का निरीक्षण किया और पुलिसकर्मियों को कई दिशा निर्देश दिए।
ट्रैफिक पुलिस से ट्रैफिक नियमों का पालन करने और करवाने को कहा। उन्होंने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तारीफ कर हौसला बढ़ाया और उन्हें ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि हर हाल में शहर में यातायात की व्यवस्था को सुगम बनाने की दिशा में काम करना है ताकि शहरवासियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए गाड़ियों को रोड पर खड़ा करने से रोकने का भी सख्त निर्देश दिया। सिटी एसपी ने फ्लाईओवर का काम कर रहे इंजीनियरों से फ्लाईओवर का काम जल्द से जल्द पूरा करने को कहा। उन्होंने इंजीनियरों से कहा कि जल्द से जल्द काम को पूरा करें,जिससे शहर को जाम से निजात दिलाने में आसानी हो सके।

# देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है करमा पूजा : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि करमा पूजा जिसे "करमा पर्व" के रूप में भी जाना जाता है। हमारे राज्य में मनाया जाने वाला एक अहम त्योहार है, जो देश की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को दशार्ता है और इसे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक संरक्षित करने में मदद करता है।
राज्यपाल ने सोमवार को रांची विश्वविद्यालय में आयोजित "करम महोत्सव" में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार केला का पेड़ अपने पीछे नन्हे पौधा को छोड़ जाता है, उसी प्रकार यह उत्सव भी भावी पीढ़ी के लिए सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति बहुत जीवंत है। यहां विभिन्न धर्मों, समुदायों, भाषाओं और संस्कृतियों के लोग रहते हैं। हमारा देश अनेकता में एकता का अनुपम और उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।
राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व प्रकृति और मानव के बीच के गहरे और अटूट रिश्ते को दशार्ता है। हमारे जनजातीय भाई-बहन सही मायने में प्रकृति के संरक्षक हैं। प्रकृति की रक्षा करने का बोध उनके हृदय में है। वे प्रकृति का मान-सम्मान करते हैं और पूरी दुनिया को इसके संरक्षण का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग के कारण पूरा विश्व पर्यावरण संबंधी विभिन्न चुनैतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में करमा पूजा पूरे विश्व के लिए एक बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## पारस एचईसी अस्पताल में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**रांची।** रांची स्थित पारस एचईसी अस्पताल में सोमवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ संजय कुमार ने कहा कि जिस तरह से कंप्यूटर का सीपीयू होता है ठीक उसी तरह से किसी भी स्वास्थ्य सेवा संस्थान के लिए फार्मासिस्टों का महत्व है। किसी भी चिकित्सीय संस्थान में फार्मासिस्टों का योगदान बहुमूल्य होता है। सभी फार्मासिस्टों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सब पारस परिवार के मुख्य अंग हैं जो मरीज और चिकित्सक के बीच में एक ब्रिज का काम करते हैं। पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतीश कुमार ने कहा कि फार्मासिस्ट के ऊपर अस्पताल की बहुत जिम्मेवारी होती है। एक फार्मासिस्ट लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अपने सभी कर्तव्य करता है।

# महिला आरक्षण बिल सिर्फ चुनावी जुमला : रागिनी नायक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि संसद के विशेष सत्र में पारित महिला आरक्षण बिल 2039 से पहले लागू नहीं हो सकता। यह बिल पूरी तरह से मोदी सरकार का चुनावी जुमला है। नायक सोमवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रही थीं। उन्होंने महिला आरक्षण के नाम पर देश की आधी आबादी के साथ विश्वास घात का भी आरोप केंद्र सरकार पर लगाया है।
2014 के चुनाव में भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का एक प्रमुख वादा था। लेकिन नौ साल बीत जाने और सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के जरिये प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्र के बाद और आईएनडीआईए गठबंधन से घबराहट के बाद आनन-फानन में यह बिल लाया गया। मगर यह बिल में ऐसे कंडीशन हैं, जिसके चलते यह 2039 में ही लागू हो पाएगा। राष्ट्रीय जनगणना अब 2026 में शुरू होगा। इसमें 3-4 साल लगेंगे। फाइलन डाटा आते-आते और समय लगेगा। इसके बाद परिसीमन लागू किया जाएगा। इसमें काफी वक्त लग जाएगा। वर्तमान स्वरूप में इसे लागू होते-होते 2039 आ जाएगा। इसलिए यह बिल केवल और केवल आईवाश है। महिलाओं की भावना और अधिकार के साथ केवल खिलवाड़ भर है।
मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, प्रवक्ता राकेश सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर में एकादशी व्रत के उपलक्ष्य में विशेष अनुष्ठान का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सोमवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में एकादशी व्रत के उपलक्ष्य पर सर्वत्र व्यापक नारायणस्वरूप भगवान श्रीमन्नारायण वेंकटेश्वर का प्रजा के योगक्षेम निर्वाह के कामना से हुए अनुष्ठान की गयी।
इस एकादशी व्रत के प्रभाव से निश्चय ही उत्तम वृष्टि होती है, वर्षा से अन्न उत्पन्न होता है और अन्न को ब्रह्म कहा गया है। अन्न से प्राणी उत्पन्न होते हैं और अन्न से ही जगत जीवन धारण करता है। इन्ही भावना को हृदय में धारण कर पद्मावती वल्लभ श्रीश्रीनिवास के मुखोल्लास के लिए सर्वार्थअमृतसिद्धि योग में श्रीवेंकटेश स्तोत्रम, वेंकटेश प्रपत्ति, वेंकटेश करावलंबम, मंगलाशासनम आदि स्तोत्रम से संतुष्ट किया तथा प्रकृति की देवी महारानी महालक्ष्मी की श्रीस्तुति, भूस्तुति, गोदास्तुति और श्रीसूक्त का पारायण हुआ। नक्षत्र, कुंभ और कपूर से सर्वमंगल- महाआरती हुई। साँवा दाना का खीर, साबूदाना की खिचड़ी, कुटू की पकौड़ी, सिंघाडे आटे का हलवा, फल, मेवा आदि का नैवेद्य भोग लगा।
इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने ब्रह्माण्डाधिपति के दरबार में हाजरी लगाई और विष्णु सहस्त्रनाम की अर्चना, श्रीवेंकटेश अष्टोतर शतनाम की अर्चना तथा श्रीलक्ष्मी अष्टोत्तर शतनाम की अर्चना क्रमानुसार करायी गयी। वहीं, दिनभर के भोग सेवा रांची निवासी आशीष - अश्विका अग्रवाल एवं वीरेन मोदी ने की । सभी अनुष्ठान अर्चक : सत्यनारायण गौतम, श्रीगोपेश आचार्य एवं श्रीनारायण दास ने विधिवत करायी।
कार्यक्रम में रामअवतार नारसरिया राजेश सुल्तानिया प्रदीप नारसरिया अनूप अग्रवाल रंजन सिंह सुशील लोहिया शम्भू नाथ पोद्दार प्रभाष मित्तल सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं मौजूद थे।

## झारखंड के तीन जिलों को टीबी के लिए 48 लाख का आवंटन

रांची। झारखंड के तीन जिलों को टीबी के लिए 48 लाख का आवंटन किया गया है। इसमें यक्ष्मा केंद्र लोहरदगा, गुमला एवं साहेबगंज है। इसकी स्थापना पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में व्यय के लिए 48 लाख 6 हजार का आवंटन किया गया है। इस राशि को कर्मचारियों के वेतन और कार्यालय व्यय पर खर्च किये जायेंगे। आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिला यक्ष्मा केंद्र पदाधिकारी होंगे। जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे।
इन संस्थानों को इतने रुपये का आवंटन, जिला यक्ष्मा केंद्र लोहरदगा-10 लाख 5 हजार,जिला यक्ष्मा केंद्र गुमला - 30 लाख 5 हजार,जिला यक्ष्मा केंद्र साहेबगंज- 7 लाख 96 हजार।

# श्री श्याम मंदिर में पदमा एकादशी पर बाबा खाटू श्याम जी का हुआ भव्य श्रृंगार, उमड़ी भक्तों की भीड़



रांची : जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आए आपके दर्शन हमको दे दो श्याम के ताली कीर्तन से सोमवार को प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती के बाद हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गुंजायमान रहा। अवसर था भादो माह की शुक्ल पक्ष के पदमा एकादशी के पूजन दर्शन का ।
हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रातः 5:00 बजे से भक्तजन उमड़ पड़े। भक्तजन अपनी अरदास के साथ खाटूनरेश के दरबार में मत्था टेक रहे थे। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पदमा एकादशी के अवसर पर मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डुगोपाल जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को नवीन पोशाक (बागा) पहनाया गया। लाल गुलाब पीला गेंदा रजनीगंधा तुलसीदास मोती की मोटी मोटी फुल मालाओं से मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को सजाया गया। इस अवसर पर रिद्धि सिद्धि व प्राचीन तैल चित्रों को भी फूलों से सजाया गया। फिर गुलाब के विशेष रूह इत्र से खाटू नरेश का मसाज करके गोधूलि बेला के पहले मंदिर के कपाट खोल दिए गए। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा व मंदिर के आचार्य ने सभी गर्भ गृह का सजावट किया।विशेष श्रृंगार सेवा कृष्णन सिंघानिया केशव सिंघानिया रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नापूर्णा सरावगी पंचमेवा प्रसाद अनुराग शिल्पी एक भक्त ने गिरी गोला व एक भक्त ने फल प्रसाद की सेवा निवेदित की। भादो मास की जया एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। अनुराग सिंघानिया शिल्पी सिंघानिया कृष्णन सिंघानिया ने खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा पंचमेवा विभिन्न फल केसरिया दूध रबड़ी नारियल मगही पान आदि का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना कर खाटू नरेश के दरबार में माथा टेका। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान करवाया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सानिध्य में 3 घंटे का भजन संकीर्तन व संगीतमय भजन का कार्यक्रम हुआ। श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, साकेत गौरव अग्रवाल, मोनू अनुज मोदी, अशोक शर्मा, वेद भूषण जैन, पवन शर्मा, मदन सोनी, तनय काठपाल, किशन शर्मा, दिनेश अग्रवाल, राजेश कटारुका ने एक से बढ़कर एक भजनों का गायन करके अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।
देर रात महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, संजय सराफ, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार, श्याम सुंदर जोशी आदि ने भक्तजनों को प्रसाद अर्पित किया। ये जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## क्षीरसागर का निर्माण करेगा बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति

# पंडाल में आए भक्तों को प्रकृति के प्रति किया जाएगा जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के दीपाटोली के बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष क्षीरसागर का निर्माण करेगा । श्री श्री बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश गोप ने सोमवार को बताया कि समिति हर साल कुछ अलग करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और समाज में जागरूकता लाने का प्रयास करती है। हर साल पूजा पंडाल को ईको फ्रेंडली बनाया जाता है, ताकि पर्यावरण को नुकसान ना पहुंचे । साथ ही, पंडाल में आए भक्तों को प्रकृति के बीच होने का एहसास हो। उन्होंने बताया कि इस बार हमारे पूजा पंडाल का थीम श्री हरि विष्णु के निवास स्थान क्षीरसागर है।
उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम हमारे मुख्य पंडाल का गेट लगभग 80 फीट चौड़ा है जो श्री हरि विष्णु के तिरुपति बालाजी प्रतिमा का प्रारूप की तर्ज पर निर्माण किया जा रहा है, तिरुपति बालाजी का 30 फीट ऊंचा बड़ा सा मुकुट धारण किए हुए चेहरे का स्वरूप रहेगा और उसके गेट के अंदर जैसे ही श्रद्धालु प्रवेश करेंगे तो श्री हरि विष्णु के स्तुति का धुन सुनाई देगा। जैसे- जैसे श्रद्धालु अंदर प्रवेश करेंगे तो चारों तरफ क्षीरसागर और स्वर्ण द्वार मिलेंगे। प्रत्येक द्वार में प्रवेश करते हुए भगवान विष्णु के 10 अवतार का दर्शन होगा। इसके बाद मां दुर्गा का अवलोकन करने से पूर्व श्री हरि विष्णु के हजारों शास्त्रों का आप अवलोकन कर पाएंगे। साथ ही श्रद्धालु मां भवानी के मुख्य प्रतिमा का दर्शन करते हुए क्षीरसागर में विराजमान श्रीहरि विष्णु के अवलोकन करते हुए पंडाल के निकास द्वार से बाहर कि ओर प्रस्थान करेंगे। इस पंडाल के निर्माण का कूल लागत लगभग 35 लाख रुपये हैं।

## युवा राजद नेता विशु विशाल का निधन अपूरणीय क्षतिः रानी कुमारी

रांची। युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव एवं ओडिशा प्रदेश राजद के प्रभारी विशु विशाल के असामयिक निधन पर झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष रानी कुमारी ने शोक व्यक्त किया है।
शोक संवेदना में उन्होंने कहा कि विशु विशाल ऊजार्वान और कर्मठ युवा नेता के साथ-साथ सर्व समाज के एक सजग प्रहरी थे। उनका अकस्मात निधन राजद सहित सम्पूर्ण समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। पार्टी को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पार्टी को सशक्त बनाने के अलावा सामाजिक क्षेत्र में भी उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता। रानी कुमारी ने ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति और उनके परिजनों को शक्ति प्रदान करने की कामना की।

# लोस की सभी 14 सीटों पर चुनाव लड़ेगी लोकहित अधिकार पार्टी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के कन्हाई कैम्पलेक्स अन्तर्गत देशी ढाबा में लोकहित अधिकार पार्टी और राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रमुख पदाधिकारीयों की एक संयुक्त बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू , संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम ने किया। निर्णय लिया गया कि पार्टी राज्य के सभी 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसको लेकर विशेष रणनीति बनाई गई। जाति आधारित जनगणना के समर्थन में , देश और जनहित में संविधान की अटूट सुरक्षा को लेकर जनजागरण अभियान चलाने के साथ संगठन विस्तार पर बल दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग जिला से प्रियंका कुमारी , कुंज बिहारी साहू , नंदलाल साव , इमरान खान , सरायकेला खरसावाँ जिला से शीतल प्रसाद साहू , प्रमोद साहू , रामचंद्र साहू , चतरा जिला से संजय स्नेही , मुरारी साव , महेंद्र साव , लातेहार जिला से राजू रंजन प्रसाद , रामप्यारे साहू , गढ़वा जिला से मनीष कुमार गुप्ता , लखन प्रसाद गुप्ता , गुमला जिला से संजय कुमार साहू , गोपाल कुमार , विनोद कुमार साव , राँची जिला से संजीव कुमार साहू , जनक प्रजापति , द्वारिका ठाकुर , मुकुल नायक , सफीक अंसारी , राम बिलास साहू , देवपुजन ठाकुर , खूंटी जिला से संतोष राम , नरेंद्र साहू , कुमार ब्रजकिशोर , मदन मोहन गंझू , मनमथ राम , पूर्वी सिंहभूम जिला से मनोज गुप्ता , जय शंकर साह , संजय साव , देवेंद्र साव , गिरिडीह जिला से भागवत साह , तारीक साव , बिरजू साहू , संतोष पासवान , धनबाद जिला से अशोक साव , अजीत साव , कोडरमा जिला से किशोर साव , हरिदेव साव , कुलदीप साहू , लोहरदगा जिला से आदित्य साहू , सूरज साहू समेत सभी जिला से प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## NEWS इन ब्रीफ

### ममता बनर्जी ने एशियाई खेलों में भारतीय पदक विजेताओं को दी बधाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को चीन के हांगझोऊ में चल रहे एशियाई खेल 2023 में पदक विजेताओं को बधाई दी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, "चीन के हांगझोऊ में चल रहे 19वें एशियाई खेलों के पहले दिन भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण, पहले ही दिन 5 पदक।" "10 मीटर एयर राइफल शूटिंग स्पर्धा में महिला टीम को रजत पदक दिलाने के लिए हमारे बंगाल की मेहुली घोष, आशी चौकसे और रमिता जिंदल को मेरी हार्दिक बधाई। रोइंग में पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स स्पर्धा में रजत पदक जीतने के लिए सेना के जवान अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह को भी बधाई।"

### खेलो झारखंड : राज्य स्तरीय स्क्वाश प्रतियोगिता 29 को

**रांची।** शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में राज्य स्तरीय खेलो झारखंड राज्य स्तरीय स्क्वाश प्रतियोगिता 2023 रांची क्लब में 29 सितंबर को खेला जाएगा। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 11 बजे के. रवि कुमार (सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड), किरण कुमारी पासी, परियोजना (निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद्), दीपक कुमार अग्रवाल, निशित चोपड़ा, आशिष कुमार बनर्जी, भागवत महतो, सुभाष गांगुली एवं सुभाष सिंह मुंडा करेंगे। प्रतियोगिता में अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 बालक एवं बालिका वर्ग में रांची जिला की टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता के बाद खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जायेगी, जिसके बाद खिलाड़ी राष्ट्रीय स्कूली खेल (एसजीएफआई) में भाग लेंगे।

### फेड्रिको डीमार्को ने इंटर मिलान के बेहतरीन रिकॉर्ड को कायम रखा

**रोम।** इंटर मिलान ने रविवार को सेरी ए में अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल की, जिसमें फेडरिको डिमार्को की शानदार स्ट्राइक ने टीम की जीत पक्की की। नये सीरी ए सीजन की शुरूआत के बाद से इंटर शीर्ष फॉर्म में है और अपने पहले चार मैचों में चार जीत दर्ज की है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एम्पोली को लगातार हार का सामना करना पड़ा। वह अपने पिछले खेलों में स्कोर करने में विफल रही, जिसमें रोमा द्वारा 7-0 से हार भी शामिल थी। पहले हाफ में मेहमान टीम हावी रही लेकिन एम्पोली के डिफेंस को भेद नहीं पाई। 51वें मिनट में इंटर के लिए एक मौका बना और डिमार्को ने इसका पूरा फायदा उठाया और गोल दागा। इस जीत के साथ इंटर 15 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद एसी मिलान से तीन अंक आगे है।

### मैच फिक्सिंग मामला में श्रीलंका के नानायके को मिली जमानत

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सचित्र सेनानायके को कोलंबो के मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत से सोमवार को जमानत मिल गई। उन्हें खेल भ्रष्टाचार जांच ईकाई ने मैच फिक्सिंग के आरोपों में इस महीने गिरफ्तार किया था। अदालत ने उनके विदेश जाने पर भी रोक लगा दी थी। सेनानायके ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिये एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 मैच खेले हैं। उन पर लंका प्रीमियर लीग 2020 के दौरान मैच फिक्स करने की कोशिश का आरोप है। अदालत ने उन्हें 50 लाख श्रीलंकाई रुपए के निजी मुचलकों पर जमानत दी।

## एशियाई खेलः महिला क्रिकेट टीम ने भारत को दिलाया दूसरा स्वर्ण

# श्रीलंका को 19 रन से हराया

**एजेंसी। हांगझू**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सोमवार को श्रीलंका को 19 रन से हराकर भारत को एशियाई खेलों में दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 116 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 97 रन ही बना सकी। 117 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरूआत खराब रही और तितास संधू ने केवल 14 रनों के स्कोर पर कप्तान चमारी अट्टापट्टू (12), अनुष्का संजीवनी (01) और विश्मी गुनारत्ने (00) को पवेलियन भेज दिया। इसके बाद हसीनी परेरा और नीलाक्षी डी सिल्वा ने श्रीलंका का स्कोर 50 तक पहुंचाया। 50 के कल स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ ने हसीनी को आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। हसीनी ने 22 गेंदो पर 4 चौके और 1 छक्के की बदौलत 25 रन बनाए। 17वें ओवर में 78 के कुल स्कोर पर पूजा ने नीलाक्षी को आउट कर भारत की पांचवीं सफलता दिलाई। नीलाक्षी ने 34 गेंदों पर 1 चौके और 1 छक्के की बदौलत 23 रन बनाए। 18वें ओवर में दीप्ती शर्मा ने 86 के कुल स्कोर पर ओशादी रानासिंघे को आउट कर भारत को छठी सफलता दिलाई। रानासिंघे ने 19 रन बनाए। 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर 92 के कुल स्कोर पर देविका वैद्य ने कविशा दिलहारी को रिचा घोष के हाथों कैच कराकर श्रीलंका को सातवां झटका दिया। कविशा ने 5 रन बनाए। राजेश्वरी गायकवाड़ ने 20वें ओवर की 5वीं गेंद पर सुगंदिका कुमारी को आउट कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 8 विकेट 97 रन ही बना सकी और 19 रन से हारकर रजत पदक पर कब्जा किया। भारत की तरफ से तितास संधू ने 3, राजेश्वरी गायकवाड़ ने 2, दीप्ती शर्मा, पूजा वस्त्राकर और देविका वैद्य ने 1-1 विकेट लिया।

इससे पहले इस मैच में बतौर भारतीय कप्तान वापसी कर रहीं हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही और केवल 16 रन पर शैफाली वर्मा 9 रन बनाकर सुगंदिका कुमारी का शिकार बनीं। इसके बाद स्मृति मंधाना और जेमिमाह रौड्रिग्स ने संभलकर खेलते हुए भारत का स्कोर 89 रन तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर मंधाना 46 रन बनाकर इनोका रानाविरा का शिकार बनीं। मंधाना के आउट होने के बाद तेजी से रन बनाने के चक्कर में भारतीय बल्लेबाजों का आना-जाना शुरू हो गया। भारतीय टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 116 रन ही बना सकी। भारत की तरफ से मंधाना ने 46 और जेमिमाह ने 42 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी भारतीय बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सका। श्रीलंका की तरफ से इनोका रानाविरा, उदेशिका प्रबोधनी और सुगंदिका कुमारी ने 2-2 विकेट लिए।

# राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम उदयपुर रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड दिव्यांग पुरुष क्रिकेट टीम जो डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित थर्ड नेशनल फिजिकल डिसेबिलिटी टी 20 क्रिकेट चैंपियनशिप 2023 उदयपुर में लेने उदयपुर रवाना ट्रेन से हुई। इस मौके पर इस मौके पर तीन झारखंड का फैसिलिटेशन कार्यक्रम हैप्पी फीट स्कूल में आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष जग्गू, सचिव आफताब आलम, वारिस कुरैशी, एम एम सिद्दीकी, जाहिद अंसारी, तबरेज अंसारी, रोहित राय, सुनील कुमार, जावेद आलम, मनोज उरांव अफरोज अंसारी विकास मुंडा समेत हैप्पी फीट के शिक्षक मौजूद थे। इस मौके पर बोलते हुए राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ी झारखंड का नाम रोशन करेंगे उदयपुर में यह मुझे उम्मीद है आपकी प्रतिभा का विकास ज्यादा से ज्यादा हो सके यही मेरा आशीर्वाद है। उदयपुर में झारखंड का नाम रोशन हो हमारी शुभकामनाएं हैं। प्रतियोगिता 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक राजस्थान के उदयपुर में आयोजित होगी जिसमें पूरे भारत से कुल 24 राज्य भाग ले रहे हैं। झारखंड के टीम में चार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कैप्टन मनीष कुमार, बब्बन सिंह, सुनील कुमार और संदीप साहू शामिल है। मनीष कुमार के नेतृत्व में झारखंड टीम की 16 सदस्य टीम टीम झारखंड स्वर्णजयंती से दिल्ली और फिर दिल्ली से उदयपुर जाएगी। इस प्रतियोगिता में पूरे भारतवर्ष से 24 राज्य की टीम भाग ले रही है यह प्रतियोगिता इसलिए खास है कि इस प्रतियोगिता का ब्रांड एंबेसडर पूर्व भारतीय खिलाड़ी हरभजन सिंह है। इस कंपनी को राजस्थान रॉयल भी जो आईपीएल की एक टीम है वह भी सपोर्ट कर रही है झारखंड टीम बहुत ही मजबूत स्थिति है। अच्छे-अच्छे खिलाड़ी इस बार झारखंड टीम में चयन किए गए हैं। झारखंड दिव्यांग टीम से झारखंड को बहुत उम्मीद है और हम ऐसा उम्मीद करते हैं कि यह टीम प्रतियोगिता जीत कर चैंपियन होगी। झारखंड की 16 सदस्य टीम में मनीष कुमार (कप्तान), महावीर मोदी (विकेटकीपर), भोला बऊरी, अमन कुमार, ऋषिकेश चौधरी, संतोष टुडू, गोविंद कुमार सिंह (उप कप्तान), बब्बन कुमार सिंह, मुदस्सर खान, संदीप कुमार साहू, मोहम्मद जावेद हुसैन, आबिद अंसारी, मोहरनाथ महतो, मुकेश कुमार पांडे शामिल है। टीम के कोच जावेद आलम को बनाया गया है। यह जानकारी डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन आफ झारखंड के सचिव आफताब आलम ने दी उन्होंने झारखंड क्रिकेट टीम को शुभकामना भी दी।

# भारत और पाक मैच के प्रति दीवानगी में रिकार्ड बढ़ोत्तरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में खेला गया एशिया कप सुपर फोर मुकाबला विश्व कप के अलावा अब तक का सबसे ज्यादा रेटिंग वाला वनडे मैच बन गया है। एशिया कप 2023 के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने भारत में खेल देखने के लिए एक रिकॉर्ड मील का पत्थर हासिल किया है। एशिया कप के फाइनल को छोड़कर टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण 266 मिलियन दर्शकों ने देखा जो अब तक का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला संस्करण बन गया है। स्टार स्पोर्टस के मुताबिक टूर्नामेंट को देखने का कुल समय पिछले संस्करण की तुलना में 75 फीसदी बढ़ गया है। फाइनल को छोड़कर टूर्नामेंट 73.5 बिलियन मिनट से अधिक देखा गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच 'सुपर 4' मुकाबला विश्व कप के अलावा अब तक का सबसे अधिक रेटिंग वाला एकदिवसीय मैच था जिसने 6.4 मिलियन से अधिक एएमए अर्जित किए।

स्टार स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने कहा कि टूर्नामेंट में गैर-भारत मैचों के लिए लाइव मैच रेटिंग (टीवीआर) में भी 75 फीसदी की वृद्धि देखी गई। एशिया कप रिकॉर्ड दर्शकों की संख्या विश्व कप के दौरान प्रशंसकों के लिए नई ऊंचाइयों को छूने और पिछले रिकॉर्ड को चुनौती देने के लिए मंच तैयार करती है। स्टार स्पोर्ट्स ने दर्शकों को टीम इंडिया तक पर्दे के पीछे की विशेष पहुंच प्रदान करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए।

# आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में नंबर वन टीम के रूप में उतरेगा भारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंदौर में दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया पर मिली 99 रनों की शानदार जीत के बाद, भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में नंबर वन टीम के रूप में उतरेगी। इंदौर में भारत की जीत ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि वे आईसीसी पुरुष वनडे टीम रैंकिंग में नंबर 1 टीम के रूप में क्रिकेट विश्व कप में उतरेंगे। श्रृंखला की शुरूआत से पहले भारतीय टीम को रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के लिए कम से कम दो जीत की आवश्यकता थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली में पहला वनडे जीतने के बाद भारत वनडे रैंकिंग शिखर पर पहुंच गई। वे अब सभी प्रारूपों में नंबर एक टीम के रूप में सर्वोच्च स्थान पर बने रहेंगे, टेस्ट और टी20 में भारतीय टीम पहले ही शीर्ष स्थान पर कब्जा कर चुकी है। भारत 117 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान 115 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया 110 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

पुरुष क्रिकेट इतिहास में यह केवल दूसरी बार है जब किसी टीम ने सभी प्रारूपों में नंबर 1 रैंकिंग हासिल की है। इससे पहले, केवल दक्षिण अफ्रीका ने अगस्त 2012 में यह उपलब्धि हासिल की थी।

### गिल-शार्दुल को आराम, तीसरे वनडे में नहीं खेलेंगे

एशिया कप में बाएं क्वाड्रिसेप्स में खिंचाव से उबर रहे अक्षर पटेल 27 सितंबर को राजकोट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले सीरीज के तीसरे और अंतिम वनडे में खेलने से बाहर हो गए हैं। वहीं अब यह जानकारी भी सामने आई है कि तीसरे और अंतिम वनडे मैच में शुभमन गिल और शार्दुल ठाकुर को आराम दिए जाने की जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक शुबमन गिल और शार्दुल ठाकुर को राजकोट वनडे से आराम दिया गया है। उनमें से कोई भी इंदौर से राजकोट की यात्रा नहीं करेगा, भारत और ऑस्ट्रेलिया पक्ष मंगलवार दोपहर को इंदौर से राजकोट के लिए उड़ान भरेंगे।' भारत तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना चुका है और को राजकोट में तीसरे वनडे के लिए कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या की वापसी से बढ़ावा मिलेगा। चेन्नई में 8 अक्टूबर को अपने संबंधित पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के उद्घाटन मैच में एक-दूसरे से फिर से मिलने से पहले यह दोनों टीमों के लिए अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। गौर हो कि गिल के लिए दोनों वनडे शानदार रहे हैं।

# टीम को बेहतर प्लानिंग के साथ खेलना होगा : सीन एबॉट



**एजेंसी। इंदौर**

ऑस्ट्रेलियाई टीम के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर सीन एबॉट ने भारत से 99 रन से मिली लगातार पांचवीं वनडे हार के बाद स्वीकार किया कि गेंदबाजी आक्रमण को बेहतर करने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया ने होलकर स्टेडियम में दूसरे वनडे में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था, लेकिन भारतीय टीम ने 399/5 रन का बड़ा स्कोर बनाए। भारतीय बल्लेबाजों ने कंगारू गेंदबाजों की खूब धुनाई की, जिसमें एबॉट ने अपने स्पेल में 91 रन दिए जबकि कैमरून ग्रीन ने 100 से अधिक रन दिए। वर्ल्ड कप से पहले खिलाड़ियों के फ्लॉप शो ने ऑस्ट्रेलियाई टीम की टेंशन बढ़ा दी है। क्रिकेट डॉट कॉम.एयू ने एबॉट के हवाले से कहा, हम विश्व कप के लिए कुछ सही चीजें कर रहे हैं, हमने उन्हें अभी तक मैदान में नहीं उतारा है। इसलिए, मुझे विश्वास है कि हम इसे बहुत जल्द वापसी करेंगे। वहीं, अपने प्रदर्शन और अपनी टीम को लेकर सीन एबॉट ने मैच के बाद बयान दिया। जिसमें उनका कहना था कि, हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं था। टीम को आगे बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टीम को बेहतर प्लानिंग के साथ आगामी मैचों में खेलना होगा।

# भारत ने हांग्झोऊ में 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता

**एजेंसी। हांग्झोऊ**

भारत ने यहां 19वें एशियाई खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता, जिसमें रुद्रांश पाटिल, दिव्यांश सिंह पंवार और ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने सोमवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ गौरव हासिल किया। भारतीय तिकड़ी ने 1893.7 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जिसमें रुद्रांश पाटिल, जिन्होंने पिछले साल 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता था, ने 632.5 अंक हासिल किए, पंवार ने 629.6 अंक का योगदान दिया और तोमर ने स्कोर में 631.6 अंक जोड़कर टीम प्रतियोगिता में कुल 1893.7 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। कोरिया गणराज्य ने 1890.1 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता और मेजबान चीन ने 1888.2 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

भारतीय जोड़ी ने इस साल अगस्त में बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप में चीनियों द्वारा बनाए गए 1983.3 के विश्व रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 1893.7 के कुल स्कोर पर शानदार शॉट लगाया।

10 शॉट के पहले राउंड की समाप्ति पर भारत 313.7 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर था जबकि चीन 315.0 के साथ बढ़त बना ली थी। कोरिया ने 311.3 के स्कोर के साथ शुरूआत की, जापान और बांग्लादेश क्रमशः 313.1 और 313.3 के साथ उनसे आगे रहे।

भारत ने दूसरे राउंड में 315.9 का स्कोर किया और फिर अगले तीन राउंड में 313.7, 315.9, 318.7 और 315.8 के स्कोर के साथ मजबूती से आगे बढ़ा और स्टैंडिंग में शीर्ष पर रहा।

रविवार को, रमिता थापर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था और मेहुली घोष और आशी चोकसी के साथ 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

# विश्व कप के ओपनिंग मैच के लिए ऑन-फील्ड अंपायर होंगे कुमार धर्मसेना और नितिन मेनन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की, कुमार धर्मसेना और नितिन मेनन, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप के पहले मैच के लिए ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। साल 2019 में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए वर्ल्ड कप फाइनल मैच का रिप्ले देखने का मौका फैंस को मिलने वाला है, क्योंकि वर्ल्ड कप- 2023 में इंग्लैंड-न्यूजीलैंड ग्रुप स्टेज क्लैश के लिए मंच तैयार है। इस मैच के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि कुमार धर्मसेना और नितिन मेनन ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। उनके साथ टीवी अंपायर पॉल विल्सन, चौथे अंपायर शाहिद सैकत और मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ शामिल होंगे। 39 साल के मेनन, जो मेजबान देश भारत से हैं वो टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के अंपायर होंगे। साथ ही शाहिद, अहसान रजा, एड्रियन होल्डस्टॉक, व्हार्फ और क्रिस ब्राउन के साथ पुरुष वनडे विश्व कप में डेब्यू कर रहे हैं। धर्मसेना ने 2015 में पुरुषों के 50 ओवर के क्रिकेट विश्व कप फाइनल में खेलने और अंपायरिंग करने वाले पहले व्यक्ति के रूप में इतिहास रचा, जबकि मेनन अपने पहले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप मैच में अंपायरिंग करेंगे। वहीं, शाहिद प्रतियोगिता में अंपायरिंग करने वाले बांग्लादेश के पहले व्यक्ति बन जाएंगे। धर्मसेना के साथ, मराइस इरास्मस और रिचर्ड केटलबोरो भी लौट आए हैं, जिन्होंने क्रमशः 2019 और 2015 में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप फाइनल की कमान संभाली थी। 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी, जिसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। 48 मैचों का यह आयोजन 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक दस स्थानों पर खेला जाएगा। मेजबान भारत और 1983 और 2011 का चैंपियन, अपने अभियान की शुरूआत 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम में पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा। यह पहली बार है जब भारत पूरी तरह से पुरुष वनडे विश्व कप की मेजबानी कर रहा है।

## एशियाई खेल केंद्रीय खेल मंत्री ने की रोइंग एथलीटों की तारीफ, कहा

# हमारे रोवर्स ने फिर से कर दिखाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारतीय रोइंग एथलीटों की सराहना की। अनुराग ठाकुर ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर सतनाम सिंह, परमिंदर सिंह, सुखमीत सिंह और जकार खान की प्रशंसा की, जो भारत की पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स टीम का हिस्सा थे। केंद्रीय खेल मंत्री ने एशियाई खेल 2023 में शानदार प्रदर्शन करने के लिए पूरे रोइंग दल को भी बधाई दी। ठाकुर ने कहा कि खेल के प्रति एथलीटों के जुनून, दृढ़ संकल्प और निर्बाध टीम वर्क ने भारत को गौरवान्वित किया है। उन्होंने लिखा, हमारे रोवर्स ने इसे फिर से किया है! शांत पानी में महारत हासिल करते हुए, हमारे चैंपियंस ने कांस्य पदक के साथ इस खेल में 5वां पदक हासिल किया है। पुरुषों की क्वाड्रपल स्कल्स में उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए सतनाम सिंह, परमिंदर सिंह, सुखमीत सिंह और जैकर खान को बधाई, जिन्होंने 6:08:61 के समय के साथ यह उपलब्धि हासिल की। अपने कौशल और समर्पण का प्रदर्शन करने वाले पूरे रोइंग दल को बधाई। आपके जुनून, दृढ़ संकल्प और निर्बाध टीम वर्क ने भारत को गौरवान्वित किया है। पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स विजेताओं ने 6:08:61 सेकेंड का समय लिया और भारत को रोइंग में अपना पांचवां पदक दिलाने में मदद की। चीन ने 6:02:65 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता और उज्बेकिस्तान ने 6:04:64 का समय लेकर रजत पदक जीता।

पुरुषों की फोर रोइंग स्पर्धा में, आशीष कुमार, भीम सिंह, जसविंदर सिंह और पुनित कुमार की भारतीय रोइंग टीम ने सोमवार को कांस्य पदक हासिल किया। टीम ने 6:10:81 का समय निकाला। मल्टी-स्पोर्ट इवेंट के पहले दिन, रविवार को पुरुषों की रोइंग लाइटवेट डबल स्कल्स के फाइनल में रोवर अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने एशियाई खेलों में भारत को रजत पदक दिलाया। सेना के जवानों ने पुरुषों के लाइटवेट डबल्स स्कल फाइनल ए में 6:28:18 सेकंड का समय लेकर पदक जीता। रविवार को पुरुष जोड़ी फाइनल में लेख राम और बाबू लाल यादव ने कांस्य जीता। भारतीय नाविकों ने मौजूदा एशियाई खेलों में पुरुषों की कॉक्सड आठ फाइनल स्पर्धा में शानदार दूसरा स्थान हासिल किया और 05:43:01 सेकेंड का समय निकाला। टीम में नीरज, नरेश कलवानिया, नीतिश कुमार, चरणजीत सिंह, जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनित कुमार और आशीष शामिल थे। अब तक, भारत ने एशियाई खेलों में 10 पदक जीते हैं, जिसमें 1 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं।